रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹71900 10 ग्राम
₹91000 01 किलो

सेंसेक्स	डॉलर
78,699.07	85.451
+226.59	+0.175

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 28 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 323, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 दीप्ति के प्रदर्शन की बदौलत भारत...

पीएम मोदी ने डॉ मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि, कहा- उनका जीवन एक प्रेरणा

नई दिल्ली (आईएएनएस)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने डॉ सिंह को 1991 में भारत को नई दिशा देने सहित भारत के विकास में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। ज्ञात हो कि भारत के 14वें प्रधानमंत्री और प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों में से एक डॉ मनमोहन सिंह का गुरुवार देर रात दिल्ली एम्स में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। शुक्रवार की सुबह पीएम मोदी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि डॉ मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है और देश के विकास में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह का जीवन इस बात का उदाहरण हैं कि कैसे कोई व्यक्ति चुनौतियों, बाधाओं और जीवन के अभावों को पार कर सकता है और फिर भी अपने लिए एक ऐसी जगह बना सकता है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, मनमोहन सिंह का जीवन उनकी ईमानदारी और सादगी का प्रतिबिंब था।

वह एक प्रतिष्ठित सांसद थे। उनका जीवन हमेशा एक सबक रहेगा कि कैसे एक व्यक्ति अभाव और संघर्ष से ऊपर उठकर सफलता प्राप्त कर सकता है। उन्हें हमेशा एक ईमानदार व्यक्ति, एक महान अर्थशास्त्री और एक ऐसे नेता के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने सुधारों की एक श्रृंखला शुरू की। एक अर्थशास्त्री के रूप में, उन्होंने देश को बहुत सारी सेवाएं प्रदान कीं। चुनौतीपूर्ण समय के दौरान, उन्होंने आरबीआई गवर्नर के रूप में कार्य किया।

पीएम मोदी ने कहा, जब वह पूर्व पीएम भारत रत्न स्वर्गीय पीवी नरसिम्हा राव की कैबिनेट में वित्त मंत्री थे, तो उन्होंने देश को एक नई दिशा दी, जब देश आर्थिक संकट से जूझ रहा था। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में मनमोहन सिंह के साथ अपनी आखिरी मुलाकात को भी याद किया और उन्हें पार्टी लाइन से अलग एक आकर्षक व्यक्तित्व बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो संदेश में कहा, इस साल की शुरुआत में जब उनका राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त हो रहा था, मैंने कहा था कि उनकी ईमानदारी साथी सांसदों के लिए प्रेरणा है। वह एक आकर्षक राजनेता थे, जिन्होंने पार्टी की राजनीति से ऊपर उठकर देश भर के सभी नेताओं के साथ मधुर संबंध बनाए रखे।

शत-शत नमन

नई दिल्ली में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते सीएम हेमंत सोरेन।

मनमोहन सिंह के निधन पर 7 दिन का राष्ट्रीय शोक : केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन को लेकर सात दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। डॉ मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

एक जनवरी तक नहीं होंगे कोई भी राजकीय समारोह

रांची। देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर झारखंड सरकार ने सात दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है। ऐसे में 26 दिसंबर से एक जनवरी तक किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा। साथ ही राज्य के सभी भवनों, जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाते हैं, वे आधे झुके रहेंगे। इस संबंध में हेमंत सरकार के संयुक्त सचिव ने शुक्रवार को पत्र जारी किया है।

मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज, दिल्ली के निगम बोध घाट पर दिन में 11:45 बजे होगा

नई दिल्ली (हि.स.)

दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को दिन में 11:45 बजे निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसका हवाला देते हुए रक्षा मंत्रालय से पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ उनका राजकीय अंतिम संस्कार किए जाने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। इससे पहले, शुक्रवार को कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री से डॉ मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और उनके स्मारक के लिए जगह दिए जाने की मांग की थी। गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव (सार्वजनिक) जी पार्थसारथी ने रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव (समन्वय) मयंक तिवारी को लिखे पत्र में कहा है, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर, 2024 को रात 9:51 बजे एम्स अस्पताल, नई दिल्ली में निधन हो गया। सरकार ने निर्णय लिया है कि डॉ मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। अंतिम संस्कार 28 दिसंबर, 2024 को पूर्वाह्न 11:45 बजे निगमबोध घाट, नई दिल्ली में होगा। रक्षा मंत्रालय से अनुरोध है कि वह पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ राजकीय अंतिम संस्कार की व्यवस्था करे।



वहीं, कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर शनिवार (28 दिसंबर) को सुबह 8 बजे एआईसीसी मुख्यालय ले जाया जाएगा और जनता तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शनिवार की सुबह 8:30 से 9:30 बजे के बीच श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिलेगा।

रांची का तापमान

कांके		रांची	
अधिक.	25.0°	अधिक.	26.0°
न्यून.	11.5°	न्यून.	12.6°

लोजपा-आर के नेता हुलास पांडेय के तीन ठिकानों पर ईडी का छापा

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता हुलास पांडे के पटना, नई दिल्ली और बेंगलुरु स्थित ठिकानों पर शुक्रवार को छापा मारा। हुलास पांडे को लोजपा-आर के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का करीबी माना जाता है।

डॉ चावला ने संभाला वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग में सचिव पद

नई दिल्ली। आईएएस डॉ अरुणीश चावला ने वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव पद का कार्यभार संभाल लिया। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने बुधवार को एक अधिसूचना में डॉ अरुणीश चावला को राजस्व सचिव नियुक्त किया। अधिसूचना के अनुसार नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति होने तक वह संस्कृति मंत्रालय के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।

द. कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति के खिलाफ भी महाभियोग प्रस्ताव पारित

सियोल। दक्षिण कोरिया में राजनीतिक संकट और गहरा गया। राष्ट्रपति यून सुक येओल की तरह कुछ दिन पहले कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाए गए सत्तारूढ़ पार्टी के प्रधानमंत्री हान डक-सू के खिलाफ नेशनल असेंबली ने महाभियोग प्रस्ताव पारित कर दिया है।

रिम्स की स्थिति पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जताई नाराजगी, कहा

बंद कमरों को खोलें और चिकित्सा के लिए मशीनों का करें इस्तेमाल

- मंत्री ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान का किया निरीक्षण
- सुधार के लिए कई कदम उठाने का दिया आदेश

नवीन मेल डेस्क

रांची। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शुक्रवार को राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) का निरीक्षण किया। मंत्री ने पाया कि अस्पताल में कई कमरे बंद हैं और मशीनें बेकार पड़ी हुई हैं। उन्होंने रिम्स प्रबंधन को फटकार लगाते हुए इन कमरों को खोलने का निर्देश दिया। साथ ही, मशीनों को इस्तेमाल करने का भी निर्देश दिया।

इमरजेंसी वार्ड में बेड बढ़ाकर 80 किया जाएगा

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सचिव अजय सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि रिम्स में इमरजेंसी में केवल 40 बेड हैं, जिन्हें बढ़ाकर 80 किया जाएगा। यह काम अगले दो महीने में पूरा हो जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी ने निरीक्षण के दौरान देखा कि राज्य के सबसे बड़ा अस्पताल होने के बावजूद रिम्स में कई जगह फर्श टूटे हुए हैं। रिम्स में मरीजों के लिए पर्याप्त बेड भी नहीं हैं। अस्पताल की इस स्थिति पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रिम्स में सुधार के लिए कई कदम उठाने का आदेश दिया है। पुराने उपकरणों को बदला जाएगा। इमरजेंसी में बेड की संख्या बढ़ाई जाएगी और सेंट्रल लैब को जल्द शुरू किया जाएगा।

इधर, रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने माना कि अस्पताल में बेड की कमी है और इससे मरीजों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि वे मंत्री के निर्देशों का पालन करेंगे और अस्पताल में सुधार लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी में अतिरिक्त बेड की व्यवस्था करने का निर्देश मंत्री ने दिया है। इंडोर का भी मंत्री ने राउंड किया और दवाओं के बारे में पूछताछ की। इलाज और दवाओं से मंत्री संतुष्ट थे।

लातेहार में लेवी के लिए वार्ड सदस्य की हत्या

नवीन मेल डेस्क

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के उलगाड़ा गांव निवासी वार्ड सदस्य बाल गोविंद साहू की हत्या झारखंड संघर्ष जनमुक्ति मोर्चा के उग्रवादियों ने गुरुवार रात धारदार हथियार से कर दी। बाल गोविंद साहू उलगाड़ा गांव में औरंगा नदी पर बना रहे पुल निर्माण कार्य में मुंशी का काम भी करते थे। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात बाल गोविंद साहू पुल निर्माण कार्य के साइडिंग पर ही रुके हुए थे। इसी दौरान रात में लगभग 8 से 10 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी वहां पहुंचे और बाल गोविंद साहू को कब्जे में लेकर नदी के किनारे ले गए। वहां बाल गोविंद की पिटाई के बाद धारदार हथियार से मार कर उसकी हत्या कर दी। बाद में उग्रवादियों ने एक पर्चा फेंक कर घटना की जिम्मेवारी भी ली। इधर, घटना के संबंध में सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची, परंतु आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस को मृतक का शव घटनास्थल से उठाने नहीं दिया। ग्रामीणों का कहना था कि मृतक के परिजनों को तत्काल सरकारी नौकरी और आर्थिक मदद दी जाए उसके बाद ही शव को उठने दिया जाएगा। इधर, मृतक के पुत्र ने बताया कि उनके पिता गांव के वार्ड सदस्य भी थे। पिछले कुछ महीने से पुल निर्माण कार्य में मुंशी का काम भी कर रहे थे। न्उग्रवादियों द्वारा रंगदारी के लिए कई बार ठेकेदार को धमकी दी गई थी। इसी बीच बीती रात उनके पिता की हत्या कर दी गई।

वहीं, इस मामले में पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और पूरे मामले की छानबीन कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी होगी।

71 स्मार्ट शहरों में 9433 स्मार्ट कक्षाएं विकसित

- ये सभी कक्षाएं 2398 सरकारी स्कूलों की हैं
- आईआईएम बेंगलुरु की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

नई दिल्ली (आईएएनएस)

आईआईएम बेंगलुरु की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 100 स्मार्ट शहरों में से 71 शहरों ने अब तक 2,398 सरकारी स्कूलों में 9,433 स्मार्ट कक्षाएं विकसित की हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि 'स्मार्ट सिटीज मिशन' (एससीएम) द्वारा स्मार्ट क्लासरूम की शुरुआत से कुल नामांकन में 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जैसा कि 2015-16 से 2023-24 के बीच 19 शहरों द्वारा रिपोर्ट किए गए डाटा से पता चलता है।

इसके अलावा, आईआईएम बेंगलुरु के अध्ययन में यह कहा गया कि नागपुर में निगरानी उपायों के कार्यान्वयन के बाद कुल अपराध दर में 14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

शेष पेज 11 पर

28 को प्रस्तावित मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम स्थगित

रांची। नामकुम के कुटियाती चौक स्थित आर्मी मैदान में शनिवार (28 दिसंबर) को प्रस्तावित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। कार्यक्रम की अगली तिथि जल्द जारी की जाएगी। इस बात की जानकारी शुक्रवार को रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने दी। उल्लेखनीय है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर केंद्र सरकार ने सात दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है।

पंजाब में बेकाबू बस नाले में गिरी, 8 की मौत

चंडीगढ़ (हि.स.)

पंजाब के बठिंडा में शुक्रवार को यात्रियों से भरी एक बस बेकाबू होकर नाले में गिर गई। इस हादसे में चालक समेत आठ यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए। पुलिस, एनडीआरएफ की टीमों ने क्षेत्रीय लोगों की मदद से नाले में गिरे यात्रियों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। हादसे के वक्त बस में 45 यात्री सवार थे। ज्यादातर यात्रियों की मौत नाले में जहरीली गैस के कारण दम घुटने से हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एक निजी कंपनी की यात्रियों से भरी बस सरदूलगढ़ से बठिंडा की तरफ जा रही थी। गांव जीवन सिंह वाला के पास एक नाले पर बने पुल से निकलते समय बस अनियंत्रित होकर गंदे पानी में जा गिरी। बस के नाले में गिरते ही लोगों की चीख पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण व राहगीर दौड़कर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

शेष पेज 11 पर

बस हादसे में 15 लोग घायल

कांकेर में तेज रफ्तार का कहर, 5 की मौत

कांकेर। जिले के भानुप्रतापपुर थानांतर्गत भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ मार्ग पर खंडी नदी के पास तेज रफ्तार एक स्कॉर्पियो ने दो मोटरसाइकिल पर सवार पांच लोगों को रौंद दिया। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतकों में तीन युवक और दो युवती शामिल हैं। बीजापुर निवासी स्कॉर्पियो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इंडिया

पुलिस को पुलिस ही रहने दो, और कोई काम न दो

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पुलिस कानून व्यवस्था और सरकार के प्रतीक के रूप में काम करती है और समाज की समस्याओं से सीधा जूझती है । हर नागरिक, नेता और सरकार को पुलिस के सबसे छोटे कर्मचारी का भी सम्मान करना चाहिए क्योंकि इससे अनुशासन की भावना स्थापित होती है और हम अपने को सुरक्षित समझते हैं।बहुत पहले राँची के एक चर्चित आइपीएस अधिकारी अरविंद पांडेय ने पुलिस की नई परिभाषा बताई थी ।सिद्धांतः सेना और पुलिस में यह अंतर है कि पुलिस आंतरिक सुरक्षा या शांति व्यवस्था के लिए होती है,जबकि सेना देश के दुश्मनों से निबटने के लिए। इसलिए लाठी पार्टी आज भी है पहले हल्के हथियार पुलिस को दिए जाते थे पर जब देश के अंदर ही छुपे हुए दुश्मन आक्रमण करने लगे तो पुलिस की कार्यशैली से लेकर हथियारों तक में बड़ा परिवर्तन किया गया । आज पुलिस नामधारी अनेक सुप्रशिक्षित संगठन हैं जो उग्रवादियों, माओवादियों से लेकर अत्याधुनिक हथियारों से लैस बदमाशों से निबटने में सक्षम हैं। पर भारतीय सेना और पुलिस में एक बड़ा अंतर यह है कि जहां सेना अनुशासन के सर्वोच्च मानक की प्रतीक है तो पुलिस की छवि एक दमनकारी या डरावनी सी ही बनी हुई है । यह अलग बात है कि न्यायालयों से लेकर सामाजिक दबाव और मीडिया या फिल्मों के प्रभाव से इस प्रवृति में परिवर्तन भी हुआ है । ब्रिटिश कालीन आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले तीन नए कानून अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे। अंग्रेजों की सामंती कानूनी व्यवस्था में बदलाव की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे सरकार ने इन संशोधनों से दूर करने का प्रयास किया है। पर इन कानूनों को लागू करवाने वाली संस्था पुलिस को जब तक देश को गुलाम रखने वाले पुलिस एक्ट, 1861 से मुक्त नहीं किया जाएगा, तब तक नई कानून-व्यवस्था से ज्यादा उम्मीद भी नहीं की जा सकती। वर्ष 1857 की विफल क्रांति के बाद अंग्रेजों ने पुलिस ऐक्ट, 1861 को देश को पूर्णतया गुलाम रखने के लिए बनाया था। इस कानून के अनुसार, पुलिस पूरी तरह सरकार के अधीन है जबकि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में सरकारों को जनता का वोट चाहिए, जिसके लिए सत्ता पाने के लिए राजनीतिक दलों को बाहुबलियों और माफियाओं से भी परहेज नहीं होता है। सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के इशारे या गंठजोड़ से पुलिस संगठित अपराधों की अनदेखी शुरू कर देती है। जब कानून लागू करने वाली पुलिस ही संगठित अपराधों की अनदेखी करेगी और अपराधी को बचाने के लिए साक्ष्य पेश नहीं करेगी, तब कानून अपराधी को सबूत के अभाव में सजा नहीं दे सकता। ऐसे में संभावना है कि नए कानून भी पुरानी व्यवस्था की तरह अपराधों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित होंगे। सेना की बात करें तो सैन्य कानून की धारा 34 के तहत सेना की सफलता और उसके उद्देश्यों में बाधा आने पर जिम्मेदार सैनिकों के लिए मृत्युदंड तक का प्रावधान है। पर पुलिस को अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाने के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। बिहार-झारखंड,मुंबई या यूपी-पंजाब सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में कुछ बाहुबली अगर बड़े माफिया बन पाए, तो वह पुलिस के संरक्षण और परोक्ष सहयोग के कारण ही । पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता से बेदखल होने के डर से आपातकाल लगाकर पुलिस से पूरे देश में विपक्षी नेताओं को बिना किसी अपराध के और न्यायालय के आदेश के बिना जेल में बंद करा दिया था । तब आपातकाल हटने के बाद जनता पार्टी की सरकार ने पुलिस व्यवस्था में सुधार करने और उसे जनता के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए पुलिस सुधार आयोग का गठन किया। पर कुछ समय बाद जनता पार्टी सत्ता से बाहर हो गई और सत्ता में आई कांग्रेस ने पुलिस सुधार आयोग की सिफारिशों को नकारते हुए एक और पुलिस आयोग का गठन किया। इस प्रकार वर्ष 1996 तक कई पुलिस आयोग गठित किए गए और उनकी रिपोर्टों में यही कहा गया था कि राज्य पुलिस को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाना चाहिए, जिससे राजनेता और नौकरशाह अपने प्रभाव से उसकी कार्यप्रणाली को प्रभावित न कर सकें पर 1996 तक केंद्र सरकार ने भी पुलिस आयोग की यह रिपोर्ट लागू करने की तरफ कोई कदम नहीं उठाया। असम और यूपी के डीजीपी रहे प्रकाश सिंह ने पुलिस आयोग की रिपोर्ट लागू करवाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उस पर 2006 में सर्वोच्च न्यायालय ने सात सूत्रीय पुलिस सुधारों का आदेश दिया और केंद्र व राज्य सरकारों को इन सुधारों को लागू करने के लिए जनवरी, 2007 की समय सीमा तय की। पर अब तक इन सुधारों की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, क्योंकि कोई भी राज्य सरकार पुलिस पर अपना नियंत्रण गंवाना नहीं चाहती थी ।आंतरिक सुरक्षा के महत्वपूर्ण तंत्र पुलिस बल को अपने कर्तव्य निर्वहन में सक्षम बनाने के लिए पूरे देश में पुलिस सुधार लागू किए जाने चाहिए। तभी देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत बनेगी। तीन नए संशोधित भारतीय कानूनों की सफलता भी पुलिस सुधार पर ही निर्भर है।हालांकि पढ़े लिखे संवेदशील लोगों की संख्या पुलिस बल में बढ़ी है जिससे छवि भी सुधरी है ।पर इसकी प्रतिष्ठा बची रहे यही प्रयास हो।

रिकॉर्ड रूम के बड़ा बाबू सहकर्मी के साथ घूस लेते गिरफ्तार

नवीन मेल डेस्क

धनबाद। धनबाद के पुराने समाहरणालय में संचालित जिला अभिलेखागार, यानि रिकॉर्ड रूम में प्रधान सहायक (बड़ा बाबू) के पद पर पदस्थापित संजय कुमार और उनके सहकर्मी सोमनाथ चटर्जी को शुक्रवार को एसीबी की टीम ने साढ़े छह हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम ने भिस्तीपाड़ा स्थित देवालय अपार्टमेंट में आरोपी संजय कुमार के फ्लैट में भी दबिश दी। हालांकि, टीम को उनके घर से कुछ हाथ नहीं लगा। एसीबी डीएसपी जीतेंद्र कुमार ने बताया कि दस्तावेज निकालने के नामपर रिश्वत मांगी जा रही थी। इस संबंध में शिकायतकर्ता धैया निवासी मनोहर महतो ने पिछले 20 तारीख को एसीबी में शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि टुंडी क्षेत्र में उनकी एक जमीन है, जिसके सिलसिले में दस्तावेज निकालने को लेकर मनोहर से रिश्वत की मांग की जा रही थी। वहीं, शिकायत का सत्यापन कर टीम ने कार्यालय में दबिश देकर उन्हें रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

प्रधान सचिव ने रांची में निर्माणाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण

ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था, शौचालय ट्रैफिक बूथ का करें निर्माण : सुनील

नवीन मेल संवाददाता

रांची। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने शुक्रवार को रांची में निर्माणाधीन कई योजनाओं का निरीक्षण किया। इसमें रांची के जोनल रीडेवलपमेंट प्रोग्राम, रुक्का डैम में निमार्णाधीन जलशोधन संयंत्र, रविंद्र भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने जुडको द्वारा तैयार जोनल रीडेवलपमेंट प्रोग्राम से जुड़े प्रस्तावों और नगर निगम क्षेत्र के पुनर्विकास के लिए चिह्नित सड़कों और चौक-चौराहों का भौतिक निरीक्षण किया। कचहरी चौक, चडरी मार्ग और नियोजन कार्यालय मार्ग को भी देखा। कहा कि इन मार्गों में गुणात्मक सुधार जरूरी है। उन्होंने समुचित ड्रेनेज सिस्टम की भी व्यवस्था करने को कहा। पैदल चलने वालों को बेहतर फुटपाथ के साथ खूबसूरत स्ट्रीट लाइटिंग का इंतजाम करने को भी कहा। सड़कों पर सजावटी लाइड लगाने और जनसुविधा के लिए शौचालय और ट्रैफिक बूथ बनाने को भी कहा। सड़कों के डिवाडर को तकनीकी रूप से ठीक करने के भी निर्देश दिए। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर रांची के परिक्षेत्रीय पुनर्विकास की पहल शुरू की गई है।

निरीक्षण में सुडा निदेशक अमित कुमार, रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप कुमार, जुडको के पीडीटी गोपालजी, पीडीए अरविंद कुमार मिश्र, प्रधान सचिव के ओएसडी विजय कुमार, पीडीएफ अमित चक्रवर्ती, जीएम एस. सेनगुप्ता, डीजीएम आलोक कुमार, डीपीडी उत्कर्ष मिश्र, पीएम शितांषु वैभव, पीएम अनुराग कुमार, पीएम शशांक शेखर, डीपीएम राहुल कुमार, डीपीएम प्रत्युष आनंद, डीपीएम ऋजु श्रीवास्तव और एपीएम अभिषेक कुमार मौजूद थे।

शहरी जलापूर्ति योजना पर भी हो फोकस : प्रधान सचिव

प्रधान सचिव ने रुक्का में निर्माणाधीन जलशोधन संयंत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एजेंसी और जुडको को आगामी गर्मी को देखते हुए काम समय पर पूरा करने को कहा। रांची शहरी पेयजलापूर्ति से संबंधित पाइपलाइन की नेटवर्किंग का नक्शा देख उन्होंने काम में तेजी लाने, पाइप बिछाते हुए कम से कम सड़क काटने-खुदाई का निर्देश दिया। उन्होंने तिलता चौक से रातू पिस्का मोड़ तक पाइप बिछाने के काम में आ रही बाधा पर एनएचएआई के साथ समन्वय बनाने को भी कहा।

रविंद्र भवन के काम में तेजी लाने को कहा

प्रधान सचिव ने कचहरी चौक के पास निमार्णाधीन रविंद्र भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एजेंसी को काम समय पर पूरा करने को कहा। कहा कि राज्य की संस्कृति पर आधारित इस भवन के संचालन के लिए दिल्ली के भारत मंडपम की नियमावली का भी अध्ययन करें।

राजद नेताओं ने मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

रांची। राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा देश की प्रगति में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया गया। इसके अलावा झारखंड के वीर सपूत व परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद अल्बर्ट एक्का की जयंती के अवसर पर भी उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर राजद के वरिष्ठ नेताओं ने शहीद अल्बर्ट एक्का के आदर्शों और डॉ. मनमोहन सिंह के मार्गदर्शन से प्रेरणा लेकर देश और समाज की सेवा में समर्पित रहने की अपील की। श्रद्धांजलि देनेवालों में प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी गोप, उपाध्यक्ष अनिता यादव, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव, रवि जायसवाल, क्षितिज मिश्रा, शब्बर फातमी, आबिद अली, नसीम अंसारी, अभिराज राय, साहिल साहनी, शालीग्राम पांडेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

दुष्कर्म व छेड़छाड़ की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक : बाबूलाल मरांडी

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि राजधानी रांची में दुष्कर्म और छेड़छाड़ की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक है। आज स्थिति इतनी वीभत्स है कि स्कूल-कॉलेज जाने वाली छात्राएं सहमी हुई हैं। हाट-बाजार जाने वाली महिलाएं खौफजदा हैं। मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि महिला सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी होती है लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सिर्फ मंईयां सम्मान योजना की घोषणा कर अपने सारे गुनाहों को छुपाने का प्रयास कर रहे हैं। झारखंड पुलिस दुष्कर्म और छेड़खानी की घटनाओं को रोकने के लिए लिए विशेष टास्क फोर्स गठित करे। साथ ही पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए स्पीडी ट्रायल की पहल करे।

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष ने जताया शोक

रांची। पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर शुक्रवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन से दुखी हूं। वे भारत के आर्थिक विकास के जनक थे। महतो ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, देश के वित्त मंत्री एवं प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ता के लिए जिस प्रकार की योजनाएं बनायी, इसके लिए वे सदैव याद किए जाएंगे। उनकी कुशल आर्थिक नीतियों ने देश को दिशा दी हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था की मार्गदर्शक के रूप में जब भी एक राजनेता को याद किया जाएगा मनमोहन सिंह की कमी हमेशा खलेगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें एवं उसके चाहने वालों को इस विकट घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करें। दूसरी ओर, पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि समय, काल और परिस्थितियों के मद्देनजर मनमोहन सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री रहे। तिर्की ने कहा कि सादगी, विनम्रता, विद्वता, देशभक्ति, सुदृढ़ फैसले और समय की अनुकूल सटीक निर्णय लेना मनमोहन सिंह की ऐसी पहचान थी, जो हमेशा न केवल सभी को प्रेरणा देती रहेगी, बल्कि उनकी पहचान को चीरकाल तक कायम रखेगी।

उदारीकरण व आर्थिक सुधारों के लिए याद किए जाएंगे मनमोहन सिंह : डॉ लंबोदर

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने प्रख्यात अर्थशास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह ने सर्वप्रथम बतौर वित्त मंत्री के रूप में देश में आर्थिक उदारीकरण का दौर प्रारंभ किया। उसके बाद प्रधानमंत्री के रूप में देश में आर्थिक सुधारों की दिशा में बेहतर कार्य करने के साथ -साथ कई उल्लेखनीय कार्य किया। आर्थिक नीतियों व वित्तीय मामलों में अपनी छाप आम जनमानस के बीच छोड़ गए हैं। उनके दूरदर्शी सोच, दक्षता से भरे किए गए कार्य सदैव हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उनका जीवन शैली सरल व सादगी से भरा था। उनके निधन से भारतीय राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है। मैं उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

दुष्कर्म व हत्या मामले में दो आरोपियों को हाईकोर्ट से राहत, किया बरी

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने दुष्कर्म और हत्या के मामले में सजा पाए दो अभियुक्तों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की खंडपीठ ने एकमात्र गवाह के बयान में विरोधाभास होने पर मिथिलेश कुमार सिंह और सुनील चौबे को बरी करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के सजा के आदेश को निरस्त कर दिया। सजा के खिलाफ दोनों की ओर से हाईकोर्ट में अपील दाखिल की गई थी। इस मामले में पीड़ित महिला की पुत्री ही सूचक थी। उसके बयान विरोधाभास था। खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि ऐसे मामले में जहां अकेले गवाह की गवाही होती है, तो यह पूरी तरह से विश्वसनीय होता है। इसके आधार पर सजा का फैसला सुनाया जा सकता है। लेकिन इस मामले के तथ्यों के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि विरोधाभासी बयानों के आधार पर सजा नहीं दी जा सकती है। इसलिए निचली कोर्ट के आदेश को निरस्त किया जा रहा है। चतरा के वशिष्ठ नगर थाना में मिथिलेश कुमार सिंह और सुनील चौबे के खिलाफ एक महिला के दुष्कर्म और उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी की थी। चतरा सिविल कोर्ट ने दोनों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ दोनों हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को कर्मचारी संघ ने दी श्रद्धांजलि

रांची। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलित अर्पित की। महासंघ के महामंत्री सुनील साह, सम्मानित अध्यक्ष मुक्तेश्वर लाल, संरक्षक गणेश प्रसाद सिंह, अध्यक्ष देव नारायण सिंह मुंडा आदि सदस्यों ने दो मिनट मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सुनील साह ने कहा कि देश ने एक महान नेता, विश्वप्रसिद्ध अर्थशास्त्री, एक बेहतरीन इंसान, कुशल प्रशासक खो दिया।

राजधानी के 36 रूफ टॉप रेस्टोरेंट बिना नक्शे और अनुमति के संचालित

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने निगम को बिना नक्शे के चलाये जा रहे रूफ टॉप रेस्टोरेंट को तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्देश दिया था। इसके बाद रांची नगर निगम ने सर्वे किया। इसमें राजधानी के 36 रूफ टॉप रेस्टोरेंट बिना नक्शे और अनुमति के चलाये जा रहे हैं। इनमें से किसी के पास भी रूफ टॉप में रेस्टोरेंट चलाने की अनुमति नहीं है। निगम कोर्ट के एडिशनल एडमिनिस्ट्रेटर संजय कुमार की बेंच ने सभी रेस्टोरेंट के मालिकों को अपना पक्ष रखने का समय सात जनवरी तक दिया है। संजय कुमार ने बताया है कि कई रेस्टोरेंट के मलिकों ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। इस मामले को लेकर चार और सात जनवरी को कोर्ट बैठेगा।

अवैध रूप से संचालित रेस्टोरेंट : स्काईस्कैप, धुनकी, बेबीलोन, पराना, लूप, यूनिटी, नेवर द लेस, मैकेनिक्स, जंगली, मदिरा क्राउन 7, फर्स्ट डेट कैफे, अटारी किचेन, द केब्स, टेन 11, मोक्छ, विडोरा, स्मोक्स, रासो कोरल ग्रैंड, ग्रीका, सिग्नेचर, द अर्बन ब्रावा, लालपुर, कैलोरीज, मोका, अनारदाना, स्काई वॉक, स्काई डाइन, लेवल 7, सोरस, ओलिव्स एंड फिग्स, निरवाना, याराना, लिटिल रूफ, द शेक किचन, द अर्बन ब्रावा।

एक नजर

मनमोहन सिंह के निधन पर बाबूलाल ने जताया शोक

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने महान अर्थशास्त्री, सहज, सरल एवं सौम्य व्यक्तित्व के धनी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। कहा कि दुखद सूचना से मन व्यथित है। देश के आर्थिक सुधारों में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह सहित अन्य शामिल हैं।

बालू माफियाओं पर कसा जाए नकेल : विजय शंकर

रांची। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि बालू माफियाओं का मनोबल बढ़ता जा रहा है। बालू के अवैध उत्खनन रोकने जा रहे अफसरों पर हमला कर उन्हें बंधक बनाने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हाल के कुछ दिनों में राज्य के अलग-अलग जिलों में इस तरह की कई ऐसी घटनाएं घट चुकी है। उन्होंने कहा कि बालू माफियाओं पर हर हाल में नकेल कसा जाए।

रघुवर की वापसी से सत्ता से और दूर हो जाएगी भाजपा : डॉ सूरज

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पूर्व सांसद डॉ सूरज मंडल ने कहा है कि उड़ीसा के राज्यपाल के पद से रघुवर दास के इस्तीफा देने के बाद अब उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज है। यदि रघुवर दास की भारतीय जनता पार्टी में वापसी होती है तो इससे भाजपा, झारखंड की सत्ता से ही नहीं बल्कि लोगों की नजरों से भी और दूर चली जायेगी। डॉ. मंडल ने कहा कि झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में बाबूलाल मरांडी ने जिस प्रकार से मूलवासियों की उपेक्षा की और झारखण्ड के लोगों को आपस में लड़वाने का काम किया था उसके कारण ही भाजपा को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। डॉ. मंडल ने कहा कि 2014 में मुख्यमंत्री बनने के बाद यदि रघुवर दास, बाबूलाल मरांडी द्वारा की गयी गलतियों में सुधार करते हुए यहां अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिये उस 27 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था को लागू कर देते जिसे श्री मरांडी ने घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया था तो आज तस्वीर दूसरी होती। उन्होंने कहा कि, इसी प्रकार से श्री मरांडी द्वारा जिस प्रकार से अपने मुख्यमंत्रित्व काल में 10 जिलों में पंचायती राज में आदिवासियों के लिए शत आरक्षण का प्रावधान किया गया, उसमें भी सुधार नहीं किया गया और श्री दास के कार्यकाल में भी ओबीसी समुदाय की कोई मांग पूरी नहीं हुई।

डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व ने भारत को एक नई आर्थिक दिशा दी : सुबोधकांत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि, पूर्व पीएम के निधन से मैं शोकाकुल हूं। वह एक महान अर्थशास्त्री और उत्कृष्ट नेता थे। प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के रूप में उनके योगदान को हमेशा स्मरण किया जाएगा। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि उन्हें वर्ष 2004 से 2014 तक डॉ मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल में काम करने का अवसर मिला। अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में झारखंड के विकास के लिए वह हमेशा तत्पर रहते थे। मनरेगा जैसी जनहित में बनाई गई कल्याणकारी योजना को लांच करने के लिए उन्होंने झारखंड को ही चयनित किया था। आर्थिक क्रांति और प्रगतिशील बदलावों के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। सुबोधकांत सहाय ने डॉ मनमोहन सिंह के परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व ने भारत को एक नई आर्थिक दिशा दी। देश में उनके द्वारा लायी गई आर्थिक क्रांति और प्रगतिशील बदलावों के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

एचईसी कारखाना को उनके नेतृत्व में मिला रिवाइवल पैकेज

सुबोधकांत सहाय ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भारत के आर्थिक विकास में उनका अविस्मरणीय योगदान रहा। झारखंड से भी उनका गहरा लगाव था। औद्योगिक विकास के प्रति उनकी सकारात्मक सोच हमेशा प्रेरणादायक रही। एचईसी के पुनर्जीवन और रिवाइवल के प्रति उन्होंने गंभीरता दिखाई और एशिया के प्रसिद्ध एचईसी कारखाने को उनके नेतृत्व में ही रिवाइवल पैकेज प्राप्त हुआ।

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को संजय सेठ ने दी श्रद्धांजलि, कहा

देश के आर्थिक सुधारों में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा

नवीन मेल संवाददाता

नई दिल्ली/रांची। रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर उनके आवास जाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा कि मनमोहन सिंह का निधन संपूर्ण भारत की अपूरणीय क्षति है। मनमोहन सिंह इस देश में ऐसे व्यक्तित्व के रूप में जाने जाएंगे, जिन्होंने अर्थव्यवस्था की सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। देश के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में डॉ. मनमोहन सिंह का नाम सदैव याद किया जाएगा। एक सामान्य परिवार से उठकर एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री तक की उनकी यात्रा प्रेरणादाई है। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए।

मृतक की मां कुसुम आइंद के बयान पर

स्कूटी मालिक सहित पांच पर प्राथमिकी, एक ने किया सरेंडर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मधुकम रूगड़ीगढ़ा में रहने वाले समीर आइंद उर्फ सन्नाटा की पिटाइ से हुई मौत के मामले में सुखदेवनगर थाना में शुक्रवार को हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मृतक की मां कुसुम आइंद के बयान पर मामले में लक्ष्मण मिस्त्री, पुकंलु, विकास कुमार, महेश कुमार सहित एक अन्य को आरोपित बनाया गया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद लक्ष्मण विश्वकर्मा (मिस्त्री) ने सुखदेव नगर थाना में सरेंडर कर दिया। उल्लेखनीय है कि समीर आइंद उर्फ सन्नाटा पर स्कूटी चोरी का आरोप लगा कर स्कूटी मालिक लक्ष्मण विश्वकर्मा (मिस्त्री) सहित अन्य आरोपितों ने मारपीट की थी। इलाज के दौरान समीर की रिम्स में मौत हो गयी थी। कुसुम आइंद ने प्राथमिकी में कहा है कि वह मूल रूप से खूंटी जिला के कर्रा थाना क्षेत्र के जरिया गोविंदपुर की रहने वाली है। वर्तमान में मधुकम के झारखंड चौक में बहन जूली कच्छप के घर में रहती है। 24 दिसंबर को रूगड़ी गढ़ा निवासी सभी नामजद आरोपित हमारे पैतृक गांव जरिया गोविंदपुर गये और वहां से मेरे बेटे समीर आइंद को स्कूटी चोरी का आरोप लगा रूगड़ीगढ़ा ले आये। इसके बाद उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। जब वह गंभीर रूप से घायल हो गया, तो आरोपित उसे झारखंड चौक पर छोड़ कर भाग गये। वहां काफी देर तक समीर गंभीर स्थिति में तड़पता रहा। इसकी सूचना मिलने पर वह झारखंड चौक पहुंची। पुत्र को ई-रिक्शा से सदर अस्पताल लाकर उसे भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इलाज के क्रम में समीर आइंद की देर रात मौत हो गयी। कुसुम आइंद ने प्राथमिकी में कहा है कि उसके पुत्र की मौत पांचों आरोपितों के जरिये की गयी पिटाइ के कारण हुई है।

1,100 से भी ज्यादा स्वयंसेवी संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन सस्पेंड

संपत्ति हस्तांतरण पर रोक

रांची (आईएएनएस)। झारखंड में 1,100 से भी ज्यादा स्वयंसेवी संस्थाओं की मान्यता रद्द हो सकती है। राज्य सरकार ने निबंधन नियमावली का अनुपालन नहीं करने वाली संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन सस्पेंड करते हुए उन्हें नोटिस जारी किया है। इन संस्थाओं से पूछा गया है कि क्यों नहीं उनकी मान्यता समाप्त कर दी जाए?

झारखंड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने कई संस्थाओं के कागजी तौर पर संचालित किए जाने, वार्षिक रिपोर्ट जमा न करने, सरकार को सूचित किए बगैर पता बदलने सहित कई अन्य नियमों के उल्लंघन की लगातार मिल रही शिकायतों पर यह कार्रवाई की है। विभाग ने चिन्हित की गई संस्थाओं की सभी गतिविधियों पर रोक लगाने का भी आदेश दिया है। रजिस्ट्रेशन सस्पेंड रहने की अवधि में संस्थाएं किसी भी तरह की चल-अचल संपत्ति का हस्तांतरण नहीं कर सकेंगी। ऐसे संस्थाओं को अंतिम मौका देते हुए 31 दिसंबर 2024 तक हर हाल में विभाग के समक्ष स्पष्टीकरण समर्पित करने को कहा गया है। अगर निर्धारित तारीख तक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो एकतरफा कार्रवाई करते हुए उनका निबंधन रद्द करने की चेतावनी दी गई है। विभाग ने राज्य में निबंधित संस्थाओं की गतिविधियों की समीक्षा की तो यह तथ्य सामने आया कि वे नियमों का अनुपालन नहीं कर रही हैं। इसके अलावा सरकार के पास विभिन्न स्त्रोतों से इनके बारे में शिकायतें पहुंच रही हैं। कई संस्थाओं ने जो दस्तावेज जमा किए थे, उसमें बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आईं। कई संस्थाएं ऐसी हैं, जिन्होंने रजिस्ट्रेशन के बाद एक भी वार्षिक रिपोर्ट समर्पित नहीं की है। कुछ संस्थाओं ने नियमों के विरुद्ध जाकर अनुदान भी प्राप्त किया है। ये सभी संस्थाएं कार्रवाई के दायरे में आ गई हैं। इनमें से ज्यादातर संस्थाएं सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के तहत निबंधित हैं। विभाग ने राज्य में निबंधित ट्रस्ट के कार्यकलापों की भी समीक्षा का निर्णय लिया है।

मार्च-अप्रैल तक नामकुम में 300 बेड के अस्पताल का होगा शुभारंभ

मेडिकल कॉलेज से चिकित्सकों की कमी दूर होगी : राजीव रंजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में चैंबर भवन में नियोक्ताओं की एक बैठक हुई। क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि नियोक्ता हमारे मुख्य स्टेकहोल्डर्स हैं। चिकित्सकीय सुविधा में सुधार के लिए बीमा निगम द्वारा नियोक्ता और बीमितों के फीडबैक से सुधार के निरंतर प्रयास हो रहे हैं।

नये वर्ष में मार्च-अप्रैल तक नामकुम स्थित 300 बेड के अस्पताल का संचालन प्रारंभ हो जायेगा। ईएसआइसी द्वारा इस वर्ष देश भर में 10 नये मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव दिया गया है जिसके तहत नामकुम में भी एक मेडिकल कॉलेज प्रस्तावित है। अगले सत्र से मेडिकल कॉलेज भी शुरू होगा। मेडिकल कॉलेज के संचालन से चिकित्सकों की कमी दूर होगी और इससे चिकित्सकीय सेवा में भी बेहतर सुधार होगा।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने सभी नियोक्ताओं से इसका लाभ लेने की अपील की। निगम की योजनाओं से नियोक्ता और कर्मचारी अधिकाधिक लाभान्वित हो सकें, इस हेतु उन्होंने इस प्रकार के शिविर का आयोजन राज्य के प्रत्येक जिले में करने का सुझाव भी दिया। श्रम उप समिति चेयरमेन प्रमोद सारस्वत ने निगम के पोर्टल में सुधार, ईएसआईसी अस्पताल से प्राइवेट अस्पताल में मरीज को रेफर करने में परेशानी, ईएसआईसी अस्पताल में चिकित्सकों की कमी, बीमा निगम की योजनाओं पर नियमित रूप से जागरूकता कार्यशाला का आयोजन करने, जमशेदपुर स्थित अस्पताल का संचालन जल्द प्रारंभ करने, बीमितों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मेन रोड, रातू रोड और हरमू रोड में डिसपेंसरी खोलने की बात कही। बीमितों और नियोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रत्येक माह ऑनलाइन सुविधा समागम बैठक का आयोजन पुनः प्रारंभ करने के कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी के आग्रह पर क्षेत्रीय निदेशक ने सहमति जताई। राजधानी रांची में बीमितों की बढ़ती संख्या को देखते हुए हटिया क्षेत्र में एक अतिरिक्त अस्पताल के निर्माण का प्रस्ताव देने की बात पर क्षेत्रीय निदेशक ने इसपर विचार के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि अब बीमित व्यक्ति विशेषज्ञ डॉक्टर्स से ऑनलाइन अपायंटमेंट भी ले सकते हैं।

नियोक्ताओं द्वारा रखी गई समस्या पर क्षेत्रीय निदेशक ने अवगत कराया कि रांची से बाहर के जिलों के बीमितों को ईलाज के लिए रांची पर निर्भर नहीं रहना पड़े तथा उनका ईलाज जिले में ही हो सके, इस हेतु निगम द्वारा प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर्स को इंपैनल किया जा रहा है।

एक्वा वर्ल्ड के कार्निवल 2025 का शुभारंभ पद्मश्री अशोक भगत व मधु मंसूरी ने किया

कार्निवल के आयोजन से प्रतियोगिता की भावना जागृत होगी : पद्मश्री अशोक भगत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

● लोगों को अपनी पारंपरिक संस्कृति को जिंदा रखना चाहिए : पद्मश्री मधु मंसूरी

एक्वा वर्ल्ड,मछली घर में आयोजित सात दिवसीय नव वर्ष मेला कार्निवल 2025 का उद्घाटन पद्मश्री अशोक भगत ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर पद्मश्री मधु मंसूरी भी उपस्थित थे। कार्निवल 27 दिसंबर से 2 जनवरी तक सुबह 11:00 से रात 9:00 बजे तक आयोजित होगा। इसमें सभी वर्गों के लिए प्रतियोगिता और कार्यक्रमों की धूम रहेगी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पद्म श्री अशोक भगत ने कहा कि आज भाग दौड़ की जिंदगी और मोबाइल की जिंदगी में लोगों को कार्निवल एक सुकून देगा। पद्म श्री भगत ने कहा कि एक्वा वर्ल्ड का यह बेहद ही सराहनीय आयोजन है। इसमें बच्चों और युवाओं में प्रतियोगिता की भावना भी सार्थक तरीके से जागृत होगी। उन्होंने आशा किया कि कार्निवल में अगले 7 दिनों तक मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक विषयों पर भी चर्चा हो। पद्म श्री मधु मंसूरी ने उपस्थित लोगों को अपने लोकगीत से झुमाया। अपने संबोधन में पदम श्री मधु मंसूरी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को आधुनिकता के साथ अपने परंपरा को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कार्निवल के आयोजन को बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया की रांची का एक बड़ा वर्ग यहां आकर विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आनंद लेगा। स्वागत भाषण में एक वर्ल्ड के प्रबंध निदेशक प्रतुल शाहदेव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि एक्वा वर्ल्ड ने हमेशा रांची के मध्यम वर्ग को स्वस्थ मनोरंजन दिया है। कार्निवल के जरिए अगले 7 दिनों तक रांची वासियों के मनोरंजन का पूरा इंतजाम रखा गया है। प्रतुल ने दोनों अतिथियों के सामाजिक योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि उनके उपस्थिति मात्र से ही उपस्थित लोगों को प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर विद्या झा ने किया। शुक्रवार को पहले दिन भी प्रतियोगिताओं की धूम रही। सबसे पहले स्वच्छ भारत के थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें सैकड़ो बच्चों ने हिस्सा लिया। मेरा जूता है जापानी प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ शूज और सैंडल दिखाते हुए लोगों ने रैंप पर कैटवॉक किया। सेल्फी प्रतियोगिता में सांता क्लॉज के बूथ पर लोगों ने सेल्फी ली। 100 से ज्यादा बच्चों ने चिप्स ईटिंग कंपटीशन में हिस्सा लिया। देर शाम कों बच्चों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता कराई गई।शाम का मुख्य आकर्षण जादूगर प्रकाश भारती का ग्रांड मैजिक शो था। जिसमें जादूगर भारती के करतबों को देखकर उपस्थित लोग चकित हो गए ।आज के बेस्ट आउटफिट प्रतियोगिता का टीम रेड था।बड़ी संख्या में लोग रेड आउटफिट पहन कर आए थे।

इस अवसर पर कार्निवल के इंचार्ज लोकेश चौधरी, डिप्टी इंचार्ज अभिषेक गिरी, आनंद, सौरव, आकाश, आयुष, खुशबू, शगुन,सौम्या,पीयूष,आदित्य, शिवेश, प्रशांत, नितिन, अपराजिता कोमल, तान्या, सान्या एवं कार्निवल आयोजन समिति के तमाम सदस्य उपस्थित थे।

परंपरा के साथ पारंपरिक व्यंजनों से रूबरू होंगे शहरवासी

रांची। भगवान बिरसा मुंडा स्मृति पार्क (जेल पार्क) अगले दो दिनों तक बंग परिवेश में ढला नजर आएगा। बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रेस्ट की ओर से 28 और 29 दिसंबर को पौष मेला का द्वितीय संस्करण आयोजित होगा। शहरवासियों के लिए यह पारंपरिक मेला निःशुल्क होगा। प्रवेश द्वार ईस्ट जेल रोड स्थित गेट से तय किया गया है। मेला में पहुंचने वाले आगंतुक बंग समुदाय की परंपरा और पारंपरिक व्यंजनों से रूबरू हो सकेंगे। प्रवेश द्वार से ही बंग परिवेश की सज्जा नजर आएगी। पारंपरिक ढेका, चलनी, टुकरी और ताड़ के पत्ते से बने हाथ पंखे से परिवेश को सजाया गया है। दो दिवसीय पौष मेला के दौरान सांस्कृति कार्यक्रम के साथ-साथ कई प्रतियोगिताएं भी होंगी। ये बातें ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस मीट के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद देश में सात दिन का राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। इसे देखते हुए आयोजन समिति ने मेला के उद्घाटन समारोह को सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का निर्णय लिया है।

आज से बारिश के आसार कोहरे के साथ बढ़ेगी ठंड

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में फिर से मौसम करवट लेने वाला है। 28 और 29 दिसंबर को राजधानी सहित झारखंड के 17 जिलों में बारिश का अनुमान है। मौसम केंद्र रांची के मुताबिक, झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर होगा, जिससे बारिश होगी। वहीं 29 दिसंबर को बारिश के बाद से कोहरा छाया रहेगा। बादल के छंटते ही राज्य में कनकनी बढ़ेगी। ठंड एक बार फिर से सबको सतायेगा। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड के जिन 17 जिलों में बारिश होने का अनुमान है। उनमें 28 दिसंबर को गढ़वा, पलामू, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, गिरिडीह, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, गुमला, रांची सिमडेगा के अलावा खूंटी जिला है। इन जिलों में हल्के दर्जे की बारिश होगी। जबकि 29 दिसंबर को रांची के अलावा गुमला, खूंटी, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला में बारिश होगी। हालांकि 29 दिसंबर को मध्यम दर्जे के बारिश का अनुमान है। मौसम केंद्र रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर होगा, जिससे दो दिन लगातार बारिश होगी। बताया कि संथाल के अलावा कुछ जिलों को छोड़कर बाकि जगहों पर बारिश होगी। साथ ही बताया कि 30 दिसंबर को बारिश थमते ही उत्तर से आने वाली हवाओं की वजह से कुहासा का असर रहेगा और ठंड में भी बढ़ोत्तरी होगी। अभिषेक आनंद ने बताया कि संथाल में कुहासा का असर कम रहेगा। शुक्रवार के तापमान की बात करें तो झारखंड के अलग-अलग शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री ऊपर रहा। वहीं राजधानी में न्यूनतम तापमान 12.6 और अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। किन 30 दिसंबर के बाद राज्य में तापमान में गिरावट देखने को मिलेगा और कनकनी बढ़ेगी।

जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार 2024 के पोस्टर का विमोचन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में राज्य के प्रतिष्ठित जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार-2024 का आयोजन पांच जनवरी को ऑड्रे हाउस किया जाएगा। इसके मद्देनजर शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित निजी रेस्टोरेंट में पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर का विमोचन उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक रितेश उरांव, संस्थापक सचिव निरंजन भारती, केंद्रीय अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ प्रदीप मिर्धा, प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलको, मुख्य संरक्षक शंकर दुबे, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के शैलेंद्र दुबे और संगीता तिर्की केंद्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा के हाथों हुआ।कार्यक्रम में रितेश उरांव ने कहा कि इस वर्ष जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार के तहत पांच कैटेगरी में पुरस्कार दिए जाएंगे। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार (जीवंत पर्यंत) और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल हैं। इन सभी केटेगरी में खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों और खेल को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं आदि को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों और खेल को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं के चयन के लिए कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी जल्द ही इन सभी को चयनित कर सूची सौंपगी। इस सभी लोगों के नामों की घोषणा जल्द की जाएगी। प्रदीप मिर्धा ने कहा कि उम्मीद फाउंडेशन कई वर्षो से खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहा है। इस कड़ी में हर साल हॉकी के जादूगर जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर खेल पुरस्कार का आयोजन करती है। इस वर्ष भी आयोजन को भव्य रूप देने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा संगीता तिर्की, रचनात्मक निदेशक मुकेश भगत, संरक्षक सूरज टोप्पो संरक्षक के अलावा पंकज कुशवाहा, विक्की करमाली और अनिरुद्ध पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

आज / कल

जन्म-जन्म के दु:ख निवारे सूका मन साधारे

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुनानक सत्संग सभा ने चौथे दिन शुक्रवार को प्रभात फेरी निकली। प्रभात फेरी सुबह 5.45 बजे गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिऊडी गेट से निकल कर विभिन्न मार्गों से होते हुए गेरा चौक होते हुए वापस दर्शन दिऊडी गेट पहुंचकर सुबह 8.15 बजे अरदास के साथ समाप्त हो गई। फेरी में शामिल स्त्री सत्संग सभा की ओर से जन्म-जन्म के दुःख निवारे सूका मन साधारे, दरशन भेटत हो निहाला हरि का नाम विचारे...और कई शबद गायन करते हुए मार्ग में गोविंदमय छटा बिखेर दी। सरदार छोटू सिंह ने निशान साहब उठाकर प्रभातफेरी की अगुवाई की। श्रद्धालुओं के घरों के सामने कुशल क्षेम की अरदास की गई। सत्संग सभा की ओर से नए साल के आगमन की खुशी में बुधवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया जायेगा। दीवान की शुरूआत भाई महिपाल सिंह सुबह 7:15 बजे आसा दी वार कीर्तन से होगी। महान कथा वाचक ज्ञानी माण सिंह साबका हेड ग्रंथी श्री तख्त श्री हरमंदिर साहिब कथा वाचन से साध संगत को निहाल करेंगे। सुबह 8:45 बजे से 10:00 बजे तक शबद कीर्तन से संगत को गुरुवाणी से जोड़ेंगे। दीवान की समाप्ति के बाद चाय-नाश्ते का लंगर चलाया जाएगा। प्रभात फेरी में द्वारका दास मुंजाल, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, मोहन काठपाल, सुरेश मिढ़ा, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा समेत अन्य शामिल हुए।

झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव ने मांगी इच्छा मृत्यु

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। वहीं आरोप लगाया है कि झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के निरीक्षक (लातेहार जिला के तत्कालीन कंपनी कमांडर) प्रकाश रंजन के विरुद्ध फर्जीवाड़ा, गड़बड़ी, अवैध वसूली करने एवं करवाने तथा विभागीय नियम के विरुद्ध कार्य करने कि शिकायत करने के बावजूद होमगार्ड मुख्यालय के द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। तिवारी ने अपने पत्र में लिखा है कि प्रकाश रंजन के द्वारा किए गए गलत कार्यों के विरुद्ध एक बार नहीं बल्कि अनेकों बार होमगार्ड मुख्यालय के अधिकारियों को पुख्ता प्रमाण के साथ शिकायत पत्र समर्पित किया गया परंतु कोई कार्रवाई नहीं कि गई। यहां तक कि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव ने भी प्रकाश रंजन के विरुद्ध जांच करते हुए कार्रवाई करने को लेकर होमगार्ड मुख्यालय के अधिकारी को पत्र प्रेषित किया है। इसके बावजूद भी कार्रवाई आज तक लंबित है। तिवारी ने यह भी आरोप लगाया गया है कि झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के तत्कालीन कंपनी कमांडर के विरुद्ध फर्जीवाड़ा, भ्रष्टाचार, अवैध वसूली करने व करवाने एवं विभागीय नियम के विरुद्ध कार्य करने के संबंध में पुख्ता प्रमाण के साथ शिकायत करने के बावजूद होमगार्ड मुख्यालय ने कार्रवाई ना कर आरोपित अधिकारी को कंपनी कमांडर से निरीक्षक में प्रोन्नति कर दिया। श्री तिवारी ने अपने पत्र में आगे कहा है कि होमगार्ड डीजी अनिल पलटा एक ईमानदार अधिकारी हैं। इसके बावजूद प्रकाश रंजन पर कार्रवाई न होना घोर आश्चर्य की बात है। श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए कहा है कि अगर प्रकाश रंजन पर कार्रवाई नहीं होती है और उन्हें न्याय नहीं मिलता है तो उन्हें इच्छा मृत्यु देने का आदेश दिया जाए। श्री तिवारी ने अपने पत्र में आगे लिखा है कि कंपनी कमांडर प्रकाश रंजन के गलत कार्य के खिलाफ आवाज उठाने के कारण बिना कोई जांच पड़ताल किए प्राथमिक दर्ज कराने का आदेश दे दिया गया परंतु प्रकाश रंजन के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य होने के बावजूद डेढ़ वर्ष की समय सीमा गुजर जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

न्यूज बॉक्स

अर्पिता महिला मंडल ने जरूरतमंदों को दी राहत सामग्री

रांची। सीसीएल मुख्यालय के ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन की अध्यक्षता प्रीति सिंह ने किया। इसमें अर्पिता महिला मंडल ने ठंड के मौसम में कांट्रैक्ट कर्मियों की सहायता के लिए एक विशेष पहल का आयोजन किया । इस सामाजिक कार्य के तहत, जवाहर नगर कॉलोनी में 32 कांट्रैक्ट कर्मियों को राहत सामग्री वितरित की गई। प्रत्येक कर्मी को 2 कंबल, एक जोड़ी मोजे, भोजन का पैकेट और चूड़ा प्रदान किया गया। मौके पर पर अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्ष प्रीति सिंह और अन्य सम्मानित सदस्यों - शशि दुहान, निशा शुक्ला, रश्मि शर्मा, त्रिवेणी इनामदार, नीता लाल, सरिता सक्सेना, कविता झा, सोनल, संगीता सिंह, पूनम झा, आरती चंदेल आदि की उपस्थिति रही।

विधिक जागरूकता शिविर में समाज की कुप्रथाओं पर लोगों को किया गया जागरूक

रांची। झालसा के निर्देश पर रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के मार्गदर्शन में डालसा रांची के तत्वावधान में शुक्रवार को रातु प्रखंड के तिगड़ा पंचायत में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मौजूद महिला, पुरुष और बच्चों के बीच डालसा की दस योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, डीएलएसए रांची द्वारा गरीबों, महिलाओं और पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने के बारे में बताया गया। शिविर में बाल विवाह, बाल श्रम और अन्य कुप्रथाओं की रोकथाम एवं उन्मूलन के बारे में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त, श्रम कार्ड बनवाने, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, बालिकाओं को शिक्षित करने, बच्चों के टीकाकरण जैसे विषयों पर भी जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर में एलएडीसी वीरेंद्र प्रताप, लॉ स्टूडेंट्स, पारा लीगल वालंटियर पुष्पलता कुमारी, सुनीता कुमारी, नीतू देवी, बेबी देवी, जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के शौर्य, पंचायत के मुखिया, एसजीडब्ल्यू एनजीओ के धीरज राय सहित अन्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह की रोकथाम और उन्मूलन के लिए सामूहिक रूप से शपथ ली गई।

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का उद्घाटन पांच को

रांची। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की एक बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय शिवगंज हरमू रोड में संपन्न हुई। बैठक में पांच जनवरी को अरगोड़ा पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का भव्य उद्घाटन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। सदस्यों को विभिन्न कार्यों की जिम्मेवारी दी गई। बैठक में संजय सर्राफ को ट्रस्ट का मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी शिव धाम मंदिर का उद्घाटन प्रातः 10 बजे ट्रस्ट के संस्थापक संत शिरोमणि सदानंद जी महाराज करेंगे। यह प्रणामी समाज के संत महात्माओं की उपस्थिति में होगा। साथ में पांच से आठ जनवरी तक चार दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा, वाणी चर्चा एवं बीतक कथा तथा परमहंस संत शिरोमणि डॉ स्वामी सदानंद की ओर से श्रीमद् भागवत कर कृष्ण अमृत कथा की जाएगी। मोहन प्रियाचार्य तारतम वाणी तथा अन्य संत महात्मा दिव्य प्रवचन करेंगे। बैठक में ट्रस्ट उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ, सज्जन पाड़िया, विशाल जालान, विष्णु सोनी, संजय सर्राफ, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

नन्हे कलाकारों ने "द शो मैन" राज कपूर को किया याद

रांची। टेंडर हार्ट स्कूल में 27 दिसंबर को आयोजित वार्षिकोत्सव ''किलकारी" में बच्चें ने कला, संस्कृति और रचनात्मकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। पहली और दूसरी कक्षा के नन्हे विद्यार्थियों ने ''द शो मैन'' राज कपूर के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर उनके जीवन को समर्पित इस कार्यक्रम में अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची के एसडीओ आईएएस उत्कर्ष कुमार और भारतीय-अमेरिकी समाजसेवी शमीम अहमद शामिल हुए। विद्यालय के सभागार ''रंगायन'' में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत में बच्चों ने राज कपूर के जीवन को सर्कस के माध्यम से मंच पर जीवंत कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभी बच्चों ने अपने मनमोहक अभिनय और नृत्य से ऐसा समां बांधा कि सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। इसके बाद ''शकुंतला" नाट्य प्रस्तुति, "जंगल डांस", "लिलिपुट डांस" और अंत में जोशीले "डिस्को डांस" ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इन रंगारंग प्रस्तुतियों ने न केवल बच्चों की रचनात्मकता को प्रदर्शित किया बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी उजागर किया। मुख्य अतिथि आईएएस उत्कर्ष कुमार ने बच्चों से बातचीत करते हुए कहा, ''टेंडर हार्ट में आकर बच्चों के साथ समय बिताना मेरे लिए अपने बचपन को फिर से जीने जैसा अनुभव है।

AFFIDAVIT

I, AFTAB ALAM S/O GULAM RASUL, aged about 69 years, Resident of village - Badam P.O Badam P,S. Barkagaon Dist- Hazaribagh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-

1. That, my Nationality is Indian.
2. That, my correct and actual name is AFTAB ALAM which has been mention in my daughter's (ISMAT JAHAN) pan card (ACTPI0838H) my name has been mentioned as OTAB ALAM.
3. That, my daughter name is (ISMAT JAHAN).
4. That, my daughter ISMAT JAHAN pan card number is ACTPI0838H.
5. That, AFTAB ALAM and OTAB ALAM both name are of one and same person i,e myself
6. That, I want to correct or rectify my name in my daughter's (ISMAT JAHAN) pan card as AFTAB ALAM in place of OTAB ALAM.
7. That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concerned for needful purpose.

SL No – 01119.
Date 26/12/2024

राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव

लकड़ी के खिलौने बने आकर्षण का केंद्र

● पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर मेला परिसर में दो मिनट का मौन रखा गया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

● आठवें दिन 14,000 लोगों ने मेले में की शिरकत
● डिजिटल गैजेट्स के बजाय खिलौनों की आवश्यकता है : रेखा दीदी

राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के आठवें दिन 14,000 लोगों ने मेले में शिरकत किया। वहीं मेला परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। मेले में रेखा दीदी की लकड़ी के खिलौनों के साथ बचपन की यादें ताजा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल और तकनीकी खिलौनों के दौर में, बच्चे मिट्टी और लकड़ी के खिलौनों से नहीं खेल पाते हैं। बच्चों को इन खिलौनों और उनकी महत्व के बारे में कम जानकारी है कि कैसे ये खिलौने उनके शारीरिक और मानसिक विकास में मदद करते हैं। जिले के रातु प्रखंड के झिरी गांव निवासी रेखा देवी सखी महिला मंडल से जुड़ीं हैं। उन्होंने बताया कि एक कारीगर को बुलाकर प्रशिक्षण लिया और लकड़ी के खिलौने बनाने शुरू किए। हम दीदी लोग खुद से इन खिलौनों पर पेंटिंग करते हैं, और इन्हें लाह से पेंट करते हैं ताकि अगर बच्चे इन्हें मुंह में भी लें तो कोई नुकसान न हो। वे अपने हाथों से बनाए गए लकड़ी के खिलौनों का प्रदर्शन कर रही हैं, जैसे हंस का जोड़ा, किरकिरिया. एरोप्लेन, सिंदूर का किया, योयो, चटनी. फीडफिडी, लट्टू, गणेश जी. चूड़ी स्टैंड, रशियन डॉल, तोता, तबलची, रामढेलुआ, राधा कृष्ण, किसान सेट और किचन सेट। इन खिलौनों की कीमत 30 से 1000 रुपये तक है। वे इन खिलौनों को अच्छे दामों में बेच रही हैं। आठवें दिन तक उन्हें 35 से 40 हजार रुपये की बिक्री हो चुकी है। उनका स्टॉल ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है, और बच्चे अपनी जिद पर इन खिलौनों को खरीदकर अपने बचपन को ताजा कर रहे हैं। सभी को रेखा दीदी के खिलौने बहुत पसंद आ रहे हैं।

रांची विवि ने एमकॉम का परिणाम मात्र 11 दिन में जारी किया

रांची। रांची विश्वविद्यालय ने एमकॉम का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया। महज 11 दिनों में परिणाम प्रकाशित किया गया है। एमकॉम की परीक्षा 16 दिसंबर को संपन्न हुई थी। परीक्षा के बाद मात्र 11 दिनों के रिकॉर्ड समय में विश्वविद्यालय ने परिणाम जारी किया। परीक्षा नियंत्रक डॉ विकास कुमार ने कहा कि सत्र विलंब न हो, इसके लिए विभाग परीक्षाओं का समय संचालन और जल्द से जल्द रिजल्ट निकलने पर जोर दे रहा है। जिन कॉलेजों का परिणाम जारी किया गया है, उनमें बिरसा कॉलेज खूंटी, डोरंडा कॉलेज, गोस्सनर कॉलेज, कार्तिक उरांव कॉलेज, गुमला, केसीबी कॉलेज बेड़ो, रांची वीमेंस कॉलेज, सिल्ली कॉलेज सिल्ली, एसएस मेमोरियल कॉलेज, संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा, सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा, योगदा सत्संग कॉलेज, यूनिवर्सिटी विभाग शामिल हैं।

एकीकृत अवकाश तालिका में जल्द सुधार करें : संघ

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ केंद्रीय कमेटी की बैठक केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ के सभी राज्य प्रतिनिधियों द्वारा एकीकृत वार्षिक अवकाश तालिका का जोरदार विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि यदि इसमें जल्द विभाग द्वारा सुधार नहीं किया गया, तो राज्यव्यापी आंदोलन की योजना बनाई जाएगी। बैठक के बाद एक मेमोरंडम राज्य परियोजना निदेशक सह निदेशक जेसीईआरटी रांची को सौंपा गया, जिसमें कहा गया कि एकीकृत वार्षिक अवकाश तालिका 2025 में व्याप्त त्रुटियों में सुधार किया जाए और उर्दू तथा सामान्य विद्यालयों के लिए पृथक अवकाश तालिका जारी की जाए। यदि ऐसा नहीं होता है, तो वर्तमान अवकाश तालिका को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उर्दू विद्यालयों की वार्षिक अवकाश तालिका में समस्याएं

संघ के केंद्रीय महासचिव ने कहा कि जेसीईआरटी के पत्रांक 30 अगस्त 2024 द्वारा वर्ष 2025 से राज्य के उर्दू विद्यालयों और सामान्य विद्यालयों के लिए पृथक अवकाश तालिका प्रकाशित किए जाने की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन शैक्षिक वर्ष 2025 के लिए जारी एकीकृत वार्षिक अवकाश तालिका में इसका ध्यान नहीं रखा गया। इसके कारण राज्य के उर्दू विद्यालयों में पूर्व अवकाश तालिका से उत्पन्न समस्याएं यथावत बनी रही हैं।

संघ ने गिनाई अवकाश तालिका की गलतियां : संघ ने वर्ष 2025 के लिए जारी की गई एकीकृत वार्षिक अवकाश तालिका में व्याप्त त्रुटियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उनका कहना था कि राज्य के उर्दू और सामान्य विद्यालयों के लिए पृथक अवकाश तालिका प्रकाशित किए जाने की स्वीकृति के बावजूद ऐसा नहीं किया गया। संघ ने यह भी कहा कि राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में पूर्व की तरह जिला स्तर पर ही वार्षिक अवकाश तालिका का निर्धारण किया जाना बेहतर रहेगा।

रोटरी क्लब ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एईडी मशीन स्थापित की

रांची। रांची रोटरी क्लब ने सामुदायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची पर एक अत्याधुनिक ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर मशीन स्थापित किया है। यह पहल आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान करने और जीवन रक्षा के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। एईडी मशीन एक अत्याधुनिक उपकरण है, जो कार्डियक अरेस्ट जैसी स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। इसे बिना किसी चिकित्सा पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति भी आसानी से उपयोग कर सकते हैं। ह्रदय गति रुकने की स्थिति में यह मशीन विद्युत झटके के माध्यम से ह्रदय को सक्रिय करती है, जिससे आपात स्थिति में मरीज को आवश्यक समय मिल सके। एयरपोर्ट जैसे उच्च-यातायात वाले सार्वजनिक स्थलों पर एईडी मशीन का होना अत्यंत आवश्यक है। यह अचानक ह्रदय गति रुकने जैसी आपात स्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान कर जीवन बचाने में सहायक हो सकती है।

रिमोट से कांटाघर हुआ हैक, सीसीएल को करोड़ों के नुकसान का अनुमान

नवीन मेल संवाददाता

खलारी। सीसीएल से स्क्रैप उठाव में कांटाघर हैक कर वजन प्रभावित करने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। घटना खलारी थानाक्षेत्र के सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत केडीएच कांटाघर की है। गुरुवार शाम को स्क्रैप लदा ट्रक संख्या जेएच01एफओ/4255 का वजन किया जा रहा था। कांटाघर के मोनीटर पर स्क्रैप लदे ट्रक का वजन 17 टन बता रहा था। एनके एरिया में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान वहां अपनी डिउटी में थे। इसी दौरान सीएसआईएफ जवानों ने कांटाघर के निकट एक व्यक्ति को देखा, जिसके हाथ में एक रिमोटनुमा डिवाइस था। सीएसआईएफ को शंका हुई। एक जवान कांटाघर के मोनीटर के पास चला गया और अन्य उस रिमोट वाले व्यक्ति को बात में उलझाकर थोड़ी दूरी पर ले गए। कांटाघर से रिमोट के दूर होते ही ट्रक का वजन 42.500 टन दशार्ने लगा। सीएसआईएफ को खेल समझते देर नहीं लगी। वे लोग जबतक रिमोट वाले व्यक्ति को पकड़ते वह रिमोट फेक कर भाग गया। सीएसआईएफ ने ट्रक व उस रिमोट को जब्त कर लिया। रिमोट से कांटाघर को हैक कर 25 किलो कम वजन कम कर दिया गया था। पूरे मामले की जांच परख करने के बाद सीएसआईएफ ने शुक्रवार को स्क्रैप लदे उस ट्रक व डिवाइस को खलारी थाना को सुपुर्द करते हुए लिखित शिकायत दिया है। हाल के दिनों में एनके एरिया से जितना स्क्रैप का उठाव हुआ है यदि सभी में कांटा हैक किया गया होगा तो यह करोड़ों का खेल हो सकता है। स्क्रैप उठाव में पारदर्शिता के लिए सीसीएल द्वारा बकायदा एक कमेटी बनाई जाती है। यह कमेटी कटिंग से लेकर उठाव तक की प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखता है। इसके बावजूद कांटा को हैक करने का मामला प्रकाश में आ रहा है तो यह गंभीर मामला है। सीएसआईएफ की शिकायत सही हुई तो पूरे प्रकरण में सीसीएल अधिकारियों से लेकर कर्मियों पर सवाल उठेगा।

खलारी पुलिस ने 148 किलो डोडा लदे कार को पकड़ा

नवीन मेल संवाददाता

खलारी। खलारी थाना पुलिस ने 148.8 किलोग्राम डोडा (अफीम) लदा एक मारूति स्वीफ्ट डिजायर कार पकड़ा है। कार चालक धर्मेन्द्रकुमार साव (30 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी खलारी पुनि विजयकुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थानाक्षेत्र के पुरनी राय निर्मल महतो चौक पर शुक्रवार सुबह 8.30 बजे वाहन चेकिंग किया जा रहा था। इसी क्रम में बुढ़मू की ओर से आ रहे एक सफेद स्वीफ्ट डिजायर कार संख्या जेएच01एफडी/1548 को रोक कर जांच करने पर उसमें बोरा लदा मिला। बोरा में भरे सामग्री के बारे में चालक से गहनता से पूछताछ करने पर उसने बताया कि सभी बोरा में नशीला पदार्थ डोडा भरा हुआ है। सिमरिया (चतरा) निवासी एक व्यक्ति के कहने पर तुपुदाना रिंग रोड ओभर ब्रिज के नीचे से डोडा भरे आठ बोरा को अपने गाड़ी में लोड किया गया था। इसे सिमरिया स्थित बेलगड्डा जंगल ले जा रहा था। चालक गिधौर (चतरा) का रहने वाला है। डोडा के साथ कार व चालक का मोबाइल जब्त कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस कांड में संलिप्त अन्य लोगों के विरूद्ध जांच का आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में थाना प्रभारी के अलावा पुअनि देवकुमार दास, सअनि राजकिशोरकुमार सिंह, कलेन्द्रकुमार साह सहित थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

न्यूज बॉक्स

युवाओं को नशा के दुष्प्रभाव की दी गयी जानकारी

अड़की। कोटा गांव में पूर्व जिला परिषद अनुप कुमार साहु ने जनजातीय युवाओं के साथ बैठक किया। इस दौरान नशा की आदत से युवाओं को बचाने पर चर्चा की गई। बैठक में युवाओं को नशा की आदत के नुकसान और इसके परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में युवाओं को नशा की आदत से बचने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा, युवाओं को नशा की आदत से बचने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

ट्रेन से अज्ञात वृद्ध का शव बरामद

मुरी/सिल्ली। राजकीय रेल थाना मुरी ने ट्रेन संख्या 8195 टाटा से झारसुगुड़ा जाने वाली पैसेंजर ट्रेन के बोगी में सीट के नीचे से एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद किया। इसकी सूचना रेलवे डाक्टर को दी गई। सूचना मिलते ही डॉक्टर जे कच्छप मुरी स्टेशन पहुंचे एवं जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार रेलवे जीआरपी ने बताया कि अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का उम्र लगभग 65 वर्ष के आसपास लगता है। उसकी मृत्यु काफी घंटे पहले हो चुकी थी। ट्रेन के सीट पर खुन के रंग जैसा पदार्थ भी देखा गया। समाचार लिखे जाने तक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का पहचान नहीं हो पाया है।

गजराजों ने कर्रा क्षेत्र में बढाई मुसीबत प्रशासन ने लागू की निषेधाज्ञा

खूंटी। आम तौर पर प्रशासन के जरिये निषेधाज्ञा उस परिस्थिति में लागू की जाती है, जब शांति भंग होने का खतरा हो, लेकिन जंगली हाथियों ने खूंटी जिले में ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी है कि हाथियों के कारण धारा 163 के तहत जिले के कुछ क्षेत्रों में प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। जरियागढ़ थाना क्षेत्र के चांपी और गोविंदपुर इलाके में 27 गजराजों का झुंड विचरण कर रहा है। हाथियों को देखने और उन्हें खदेड़ने के लिए हजारों की भीड़ जुट रही है। इससे गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। हाथियों के आसपास भी न जुटे, इसको लेकर अनुमडल दंडाधिकारी दीपेश कुमारी ने कर्रा प्रखंड के ग्राम चांपी, गाड़ाटोली, मिटकोरा और उकड़ीमाड़ी इलाके में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह निषेधाज्ञा 27 दिसंबर 2024 से एक जनवरी 2025 के अपराह्न छह बजे तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान उपरोक्त वर्णित ग्राम के समीप वैसे सभी स्थल, जहां जंगली हाथियों का झुंड उपस्थित हो, पांच या उससे अधिक व्यक्यिों का किसी प्रकार से एकत्रित होने और आम रास्ता को अवरूद्ध करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

चोरी का आरोपी गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेजा गया

खलारी। खलारी थाना पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने के आरोपी निवासी पवन कुमार उर्फ श्यामकुमार राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विजयकुमार सिंह ने बताया कि फरवरी 2024 में नया बस्ती के ही अकबर हुसैन के घर चोरी हुई थी। अनुसंधान के क्रम में इस घटना में संलिप्त पवन कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर नयाधौड़ा स्थित उसके घर पर ही छापामारी कर गिरफ्तार कर लिया गया। उसके निशानदेही पर उसके घर से ही चोरी गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया। छापामारी में थाना प्रभारी के अलावा सअनि सहदेव महली, श्यामबिहारी राम, मुनेश्वर उरांव व जोबा बानरा शामिल थे।

अवैध बालू लदे टर्बो को किया गया जब्त

सिल्ली। झारखंड सरकार द्वारा अवैध बालू उत्खनन की रोक के बावजूद बालू माफिया अवैध उत्खनन में संलिप्त है। सिल्ली के राढू नदी और स्वर्ण रेखा नदी में रात के अंधेरे में बालू का अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टर और टर्बो की सहायता से क्षेत्र से बाहर भेजते हैं एवं ऊंची दामों में विक्रय कर दिया जाता है। वहीं खनन विभाग के पदाधिकारी रोशन कुमार के द्वारा अवैध बालू लदा टर्बो नंबर जेएच 01 सी एक्स 3836 जप्त कर सिल्ली थाना को सौंप दिया। सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि खनन विभाग द्वारा अग्रिम कार्रवाई किया जा रहा है।




जर्जर गोदाम में रखा गया है करोड़ों का धान

चान्हो। प्रखंड में किसानों से धान की खरीददारी जोर शोर से हो रही है। वहीं अभी तक करोड़ों रुपये के धान की खरीदारी हो चुकी है। धान को जहां संग्रह किया गया है, उस जगह की स्थिति बदहाल है। संग्रहण स्थल की स्थिति स्वयं अपनी कहानी बयान कर रही है। बिस्कोमान के गोदाम के भवन की मरम्मत दशकों से नहीं हुई है और छत में बड़े बड़े छेद हैं। दूसरी ओर खिड़की के शीशे फूटे हुए हैं जिससे पानी घुसता है। इसकारण अनाज भी बर्बाद होता है।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर रखा मौन

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड मुख्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर पांच मिनट का मौन सभा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के चित्र पर बारी-बारी से अधिकारियों के द्वारा माल्यार्पण कर पुष्प चढ़ाया गया। तत्पश्चात अधिकारियों के द्वारा उनके आत्मा की शांति के लिए पांच मिनट का मौन सभा रखा गया। इस मौके पर सिल्ली प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का समेत प्रखंड के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

नीति आयोग के प्रदर्शन सूचकांक में कर्रा प्रखंड ने मारी बाजी

पुरस्कार में मिले डेढ़ करोड़ रुपये

नवीन मेल संवाददाता

खूंटी। नीति आयोग के जरिये आयोजित केंद्र स्तरीय समीक्षा बैठक में खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड ने शानदार प्रदर्शन करने साथ ही ईस्टर्न जोन में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान हासिल करने पर कर्रा प्रखंड को 1.5 करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गयी। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि एवं सामाजिक विकास जैसे छह प्रमुख प्रक्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है। इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों को प्रोत्साहन के रूप में अतिरिक्त संसाधन दिए जाते हैं, ताकि विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी तरीके से संचालित किया जा सके। कर्रा प्रखंड ने आकांक्षी प्रखंड के सभी छह प्रक्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कर्रा प्रखंड की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। यह पुरस्कार न केवल कर्रा प्रखंड की टीम और स्थानीय प्रशासन के प्रयासों का परिणाम है, बल्कि इसमें समुदाय की सक्रिय भागीदारी भी महत्वपूर्ण रही है। इस पुरस्कार से कर्रा प्रखंड सहित खूंटी जिले को राज्य और देश में अलग पहचान मिली है।

चान्हो में बाइक की टक्कर से किशोर घायल

चान्हो। थाना क्षेत्र के बीजूपाड़ा स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा के पास बाइक की टक्कर से एक किशोर घायल हो गया। घटना शुक्रवार की दोपहर लगभग दो बजे की है। बताया जाता है कि कमाती गांव निवासी राजवीर सिंह सड़क के किनारे अपनी मां के साथ खड़ा था उसी दौरान अनियंत्रित होकर एक बाइक सवार उससे टकरा गया। हादसे के बाद घायल को तत्काल रेफरल अस्पताल मांडर लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार उसके एक पैर की हड्डी टूट गई है।

बेड़ो में हाथी के हमले में युवक घायल

बेड़ो। थाना क्षेत्र के ईंटा दुधिया जंगल के बंजारा मोड़ के पास झुंड से बिछड़े हाथी के हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कृष्णा उरांव ईंटाचिल्द्री गांव का निवासी है। घटना शुक्रवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे की है। ईंटा पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा और घायल के परिजनों ने बताया कि वह साइकिल से बकरियों के लिए पत्ता लाने के लिए जंगल की ओर गया था। घर लौटने के दौरान रास्ते में हाथी के हमले में उसके बाएं पैर में गंभीर चोट लगी है। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने उसे पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा के सहयोग से सीएचसी बेड़ो पहुंचाया, जहां डॉ कुसुमलता ने उसका प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर वनरक्षी सुभाष प्रमाणिक, भूपेंद्र प्रसाद और संजय भगत सीएचसी बेड़ो पहुंचे, जहां पीड़ित के परिजनों को 5000 रुपये नगद सौंपा। इधर, जानकारी मिलने पर हरिहर जामटोली पंचायत के पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, समाजसेवी दशरथ तिर्की और वन सुरक्षा समिति के रसीद मीर सीएचसी बेड़ो पहुंचकर घटना की जानकारी ली। जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने प्रशासन और विभागीय अधिकारियों से जनहित में हाथियों के उत्पात से राहत दिलाने के लिए समुचित व्यवस्था करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि झुंड में तीन हाथियों को देखा गया है।

मुरहू के पांडू घाट से होगा बालू का उठाव

डीसी ने किया शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

खूंटी। बालू की वैध उपलब्धता सुनिश्चित करने और अवैध खनन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन जरिये झारखंड राज्य खनिज विकास निगम अंतर्गत संचालित मुरहू प्रखंड स्थित पांडू बालू घाट का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि बालू की वैध उपलब्धता सुनिश्चित कराने को लेकर जिला प्रशासन लगातार प्रयासशील है। इसी दिशा में मुरहू के पांडू घाट का शुभारंभ किया गया है, जिससे आमजनों को आसानी से बालू उपलब्ध हो सके और बालू की कालाबाजारी पर पूर्ण विराम लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह कदम जिले में निर्माण कार्यों को सुगम बनाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक होगा। उल्लेखनीय है कि खूंटी जिले में झारखंड राज्य खनिज विकास निगम के जरिये संचालित डोड़मा और पांडू बालू स्टॉक यार्ड से बालू खरीदा जा सकता है, इसके लिए वेबसाइट पर पंजीकरण कर बालू प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में छह निजी स्टॉक यार्ड भी क्रियाशील है, इनमें सोदे, रानिया, ऐरमेरे तोरपा, सगेर्या अड़की, मेरोमबीर रनिया और तपकरा स्थित स्टॉक यार्ड शामिल है। पर्यावरणीय स्वीकृति मिलने के पश्चात जल्द हीं रनिया के सोदे बालू घाट से भी आमजनों को बालू उपलब्ध हो सकेगा।

राशन वितरण में अनियमितता के आरोप में राशन दुकानदार की लाइसेंस रद्द

नवीन मेल संवाददाता

खूंटी। राशन वितरण में अनियमितता के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने जन वितरण प्रणाली की दुकान की अनुज्ञप्ति रद्द कर दी। उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने जन वितरण प्रणाली दुकान, सीसीस्टोर (अनुज्ञप्ति संख्या केएच-01/85) का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में जन वितरण प्रणाली दुकान संचालन में गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई। निरीक्षण के क्रम में दुकान का संचालन अनाधिकृत व्यक्तियों के जरिये करने, कार्डधारियों को निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न देने, चना दाल वितरण योजना के तहत गोदाम से उठाव के बावजूद वितरण नहीं करने, डीलर कमीशन की राशि व्यक्तिगत खाते में स्थानांतरित करने, समय पर दुकान नहीं खोलने, सभी कार्डधारियों को खाद्यान्न का वितरण नहीं करने, भंडार एवं वितरण पंजी अद्यतन नहीं करने, वितरण पर्ची सभी कार्डधारियों को उपलब्ध नहीं कराने जैसी अनियमितता सामने आई। इसके बाद सीसी स्टोर को स्पष्टीकरण किया गया, पर सीसी स्टोर द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, खूंटी ने खूंटी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ हीं झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली आदेश, 2022 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए कालाबाजारी की मंशा से दुकान का संचालन किए जाने की पुष्टि हुई। इस आधार पर अनुज्ञप्ति संख्या केएच-01/85 को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया।

.संबंधित सभी कार्डधारियों को अब महिला मंडल, सेरेंगडीह एच-के साथ संबद्ध किया गया है।

विधायक ने हाथी प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर नुकसान का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

खूंटी। खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे किसी भी हाल में हाथियों के समक्ष न जाएं और उन्हें छेड़ें नहीं। विधायक ने शुक्रवार को कर्रा प्रखंड के जुरदाग नवाटोली, घोरपिंडा, मेरले आदि गांवों का दौरा कर जंगली हाथियों के जरिये किये गये नुकसान का जायजा लिया।

मौके पर उन्होंने ग्रामीणों के बीच पटाखों का वितरण किया और कहा कि प्रशासन से मिलकर इस समस्या के समाधान की दिशा में कार्रवाई की मांग करेंगे। इस अवसर पर बीरेंद्र सिंह, नोतरोत पूर्ति, जोनसन होरो, वन विभाग के अनिल मांझी, राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाकर जूरदाग नावाटोली के हरिनाथ भोक्ता तथा मार्शल तोपनो के खलिहान में रखे धान, पुरगुण तोपनो की फ्रेंचबीन, बाहलेन होरो का आलू तथा अमृत होरो के बारी में लगे गोभी को खाकर रौंदकर बर्बाद कर दिया। हाथियों ने घोरपिंडा के आशिक होरो तथा विजय होरो का धान, मेरले गांव के लोदो मुंडा तथा पतरू मुंडा का धान और ज्योतिष हेरेंज के माडुआ को खाकर छिट कर बर्बाद कर दिए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपस्थित रहें चिकित्सक : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

खूंटी। जिले के उपायुक्त लोकेश मिश्र ने चिकित्सकों के सख्त निर्देश दिया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपस्थित रहें। उपायुक्त ने अस्पतालों में साफ-सफाई को प्राथमिकता देने का भी निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिया। उपायुक्त शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य रूप से अस्पतालों में साफ-सफाई, चिकित्सक और नर्सों की उपस्थिति, मरीजों की जांच, मशीनों का शत प्रतिशत इस्तेमाल, रोगी कल्याण समिति की नियमित बैठक, एमटीसी बेड की शत प्रतिशत ऑक्यूपेंसी, ओपीडी-आइपीडी का संचालन, एएनसी रजिस्ट्रेशन, सिकल सेल, लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड निर्माण और मरीजों को इसका लाभ देने सहित अन्य विषयों की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्थाओं को दुरुसत करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि नियमानुसार प्रतिदिन के रोस्टर का निर्धारण किया जाए। ताकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आनेवाले मरीजों को इलाज कराने में समस्या न हो। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि बिना किसी कारण के समान्य मामलों को चिकित्सक रेफर न करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्तर से संभव इलाज को प्राथमिकता के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही करें ताकि मरीजों को अस्पतालों का चक्कर लगाना ना पड़े। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, , सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझ सहित सभी एमओआइसी उपस्थित थे।

लालपुर चौक के पास बार में मारपीट, दोनों पक्ष ने किया केस

रांची। लालपुर चौक के पास मून टाउन बार में गुरुवार की रात में ग्राहक और कर्मचारियों के बीच मारपीट और तोड़फोड़ की घटना हुई। इस वारदात में कुछ ग्राहकों को चोट भी आई है। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से की गई लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। ग्राहक पक्ष की ओर से दर्ज मामले में बताया गया है कि बार में खाने-पीने के दौरान कर्मचारियों ने बदतमीजी की। इसके बाद वहां मौजूद बाउंसर ने मारपीट की। इसमें ग्राहक जख्मी हो गए। इसके बाद बाउंसर और कर्मचारियों ने उन्हें धक्का देकर बाहर निकाल दिया। वहीं, दूसरी ओर बार प्रबंधन की ओर से दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाने वाले ग्राहकों पर रात 11 बजे के बाद जबरन भोजन और शराब परोसने की जिद पर अड़े रहने व समय का हवाला देने पर तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। इसमें बार प्रबंधन को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है।

खलारी कांग्रेस ने डॉ मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

खलारी। खलारी प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा केडी अंबेडकर चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री, रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सह महान अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा किया गया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी ने की। कार्यकर्ताओं ने डॉ मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किया तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रदेश कांग्रेस लेबर सेल महासचिव राजनसिंह राजा ने कहा कि डा मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को मंझधार से निकाल कर मुख्य धारा में लाने का काम किया था। जिसके कारण आज विश्व पटल पर भारत एक मजबूत देश बना। उनकी आर्थिक नीतियों के कारण विश्व के कोने कोने में भारत की अलग पहचान बनी। उन्होने देश को विकास के पथ पर बहुत आगे खड़ा कर दिया। उनके निधन से देश तथा कांग्रेस को अपूरणीय क्षति हुई है। संचालन विक्की सिंह ने किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राजेशसिंह मिंटू, तनवीर आलम, मुन्ना देवी, रोशनलाल, सुधीर सिंह, फिरोज अंसारी, मोनू सिंह, अजय वर्मा, शैलेन्द्र सिंह, कामेश्वर शर्मा, इकबाल खान, मनीष राम, गंगा बैठा, रकीब अंसारी, प्रदीप पासवान, प्रिंस सिंह, रवि सिंह, रोनित सिंह, गुड्डू यादव, अब्बास अंसारी, जगदीश तुरी, हीरामन गंझू, रोशन गुप्ता, सिद्धू पासवान, मनोज निषाद, इम्तियाज अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता व समाज के प्रबुद्धजन षामिल थे।

झामुमो नेता विकास सिन्हा ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से की मुलाकात

सदर अस्पताल और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की दुर्दशा से कराया अवगत

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सक्रिय नेता विकास सिन्हा ने झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से रांची स्थित उनके आवास पर विशेष मुलाकात की। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया और हजारीबाग की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा की।

श्री सिन्हा ने मंत्री को हजारीबाग के सदर अस्पताल और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की दुर्दशा से अवगत कराया। उन्होंने अस्पताल में फैली अव्यवस्था, प्रबंधन की खामियों और मरीजों को हो रही परेशानियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा,सदर अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है।

दवाओं का अभाव, डॉक्टरों की अनुपलब्धता और साफ-सफाई की समस्या से मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। श्री सिन्हा ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने बताया कि यहां के अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं में लापरवाही बरती जा रही है। अस्पताल प्रशासन की उदासीनता के कारण न केवल मरीज बल्कि उनके परिजन भी परेशान होते हैं।

स्वास्थ्य मंत्री का सकारात्मक आश्वासन

डॉ. इरफान अंसारी ने श्री सिन्हा द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुना और हजारीबाग की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए त्वरित कदम उठाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा, मैं जल्द ही हजारीबाग का दौरा करूंगा और अस्पतालों की स्थिति का खुद निरीक्षण करूंगा। सुपरिटेंडेंट और सिविल सर्जन के साथ बैठक कर समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

झामुमो नेता ने जताई उम्मीद

विकास सिन्हा ने स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन को सकारात्मक बताते हुए कहा कि सरकार की सक्रियता से हजारीबाग के लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा, डॉ. इरफान अंसारी की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद जगी है। यह कदम क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान झामुमो के वरिष्ठ नेता राकेश सिन्हा, युवा नेता आकाश कुमार सहित कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने मंत्री से जल्द से जल्द सुधारात्मक कदम उठाने की अपील की यह मुलाकात हजारीबाग में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है। झामुमो नेता विकास सिन्हा ने इस प्रयास को जनता की आवाज बताते हुए स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

एक नजर

भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अधिसूचना किया जारी

रामगढ़। भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु पदों के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों की भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। भारतीय वायुसेना के अग्निवीर वायु के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 7 जनवरी, 2025 को आधिकारिक वेबसाइट अग्निपथवायु. सीडीएसी.इन पर शुरू होगा। उम्मीदवार अग्निवीर वायु की भर्ती के लिए 7 जनवरी 2025 सुबह 11:00 बजे से 27 जनवरी 2025 रात 11:00 बजे तक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर लॉग इन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस भर्ती में 1 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 के बीच जन्में अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार भाग ले सकते हैं।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

रामगढ़। रामगढ़-बोकारो मार्ग एनएच 23 अंतर्गत छत्तर मांडू ओल्डएज होम के समीप 27 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक हुहुवा निवासी युवक बादल महतो बाइक से गोला अपने फुवा के घर जा रहा था। उसी दौरान छत्तर मांडू ओल्डएज होम के समीप हाईवा नंबर सीजी 30 डी 0334 ने उसे चपेट में ले लिया। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोग सदर अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी के बाद रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस ने रघुवर दास से की मुलाकात

रामगढ़। ओडिशा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के रांची पहुंचने पर रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस ने अपने समर्थकों के साथ रांची स्थित उनके आवास पर उनसे मुलाकात कर उनका स्वागत किया। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा की रघुवर दास के ओड़िशा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने की खबर के बाद झारखंड के भाजपा के कार्यकताओं में उत्साह देखने को मिला है' इसका नजारा हवाई अड्डे पर देखने को मिला। बिरसा हवाई अड्डे पर हजारों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता और समर्थक उनका स्वागत करने पहुंचे।

एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन

मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही दिनचर्या को ठीक रखना आवश्यक : डॉ मुनीष गोविंद

- आज की युवा पीढ़ी कॉम्पिटेटिव माहौल में बहुत ज्यादा स्ट्रेस ले रहें हैं : खगेश्वर कुमार

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग एवं मनोविज्ञान विभाग की ओर से शुक्रवार को मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के मद्देनजर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन विश्वविद्यालय सभागार में किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों को मनोविज्ञान की सह प्राध्यापिका प्रीति वर्मा ने बुके भेंट कर कार्यक्रम में स्वागत किया।

बतौर मुख्य अतिथि डॉ रोहित कुमार तूरी ने कहा कि हमें शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं संवेदनात्मक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जीवन के लिए मानसिक स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को मानव स्वास्थ्य की नींव बताते हुए मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के तरीकों पर प्रकाश डाला। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि हमें मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना चाहिए। हालांकि उन्होंने इसके लिए जागरूकता फैलाने को लेकर कई स्तरों पर ठोस पहल की आवश्यकता बताई। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही दिनचर्या और जीवनशैली को ठीक रखने के साथ साथ नियमित रूप से योग करने पर भी बल दिया। कार्यक्रम के संरक्षक व आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक ने मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य परिदृश्य को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है कि विद्यार्थी सोशल मीडिया के आदि ना बनें बल्कि जरूरत के लिहाज से सीमित समय तक ही उसका उपयोग करें। हजारीबाग सिविल कोर्ट की अधिवक्ता व मानसिक रोग परामर्शदाता प्रगति शर्मा ने विद्यार्थियों से मुखातिब होते हुए कहा कि ड्रीम और रियलिटी की दुनिया में अंतर होता है, आज जो आप हैं, उस पर फोकस करें और आगे बढ़ें तभी आप बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के साथ अपने काम और अपने क्षेत्र में अच्छे परिणाम दे पाएंगे।

विधायक ने जनता दरबार में सुनी जनसमस्याएं

त्वरित समाधान के लिए पदाधिकारियों से किया संपर्क

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। विधायक अमित कुमार यादव ने अपने आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में आयोजित जनता दरबारर में विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से आए आमजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता देते हुए उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि वे खुद समस्याओं को सुनने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं ताकि हर नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके। साथ ही, विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर समस्या का निपटारा जल्द से जल्द किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासनिक स्तर

पर सुधार और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्रवासियों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। इस दौरान विधायक अमित कुमार यादव ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे बेझिजक अपनी समस्याएं उनके सामने रखें, ताकि उन पर कार्रवाई की जा सके और क्षेत्र का विकास संभव हो सके। जनता दरबार के इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हो कर विधायक के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा।

पूर्व प्रधानमंत्री को दिल्ली पहुंचकर अंबा प्रसाद ने दी श्रद्धांजलि

विश्व विख्यात अर्थशास्त्री का खोना देश के लिए बहुत बड़ी क्षति : अंबा प्रसाद

हजारीबाग। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव सह पश्चिम बंगाल सह प्रभारी बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को दिल्ली स्थित आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दुख की घड़ी में अंबा प्रसाद ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आर्थिक सुधारों के पुरोधा, विश्व विख्यात अर्थशास्त्री व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद हैं। अंबा प्रसाद ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें व शोक-संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की कामना की।

पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर हजारीबाग सदर विधायक ने संवेदना प्रकट की

हजारीबाग। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भारतीय राजनीति और आर्थिक क्षेत्र का स्तंभ बताया। विधायक ने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन सादगी, निष्ठा और सेवा का अद्वितीय उदाहरण है । उनका योगदान न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में था, बल्कि उन्होंने वैश्विक मंच पर भारत की साख को भी मजबूत किया। उनके नेतृत्व में देश ने उदारीकरण और आर्थिक सुधारों की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए। डॉ. सिंह की सादगी, ईमानदारी और विद्वत्ता की प्रशंसा करते हुए विधायक ने कहा कि उन्होंने राजनीति में एक ऐसा मानदंड स्थापित किया, जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। उनके शांत और विचारशील नेतृत्व ने देश को कई कठिन दौर से उबारा। उनकी नीतियों और दूरदर्शिता ने करोड़ों भारतीयों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि डॉ. सिंह के निधन से न केवल भारतीय राजनीति बल्कि पूरे समाज को गहरी क्षति हुई है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे डॉ. मनमोहन सिंह की आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवारजनों तथा शुभचिंतकों को इस कठिन समय में धैर्य और साहस प्रदान करें।

उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक रहेगा। डॉ. मनमोहन सिंह ने 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा दी। वे भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जो एक प्रख्यात अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने 1991 में भारत के आर्थिक सुधारों की शुरूआत की, जिसके तहत देश को वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ जोड़ा गया। उनकी विनम्रता, विद्वत्ता और दूरदर्शिता हमेशा याद रखी जाएगी।

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ ने आदिवासी कल्याण मंत्री से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

जाति व आवासीय प्रमाणपत्र बनवाने में आ रही बाधाओं को लेकर लोगों में है नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के नेता विक्की कुमार धान शुक्रवार को आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से मिला और हजारीबाग जिले में आदिवासियों को जाति आवासीय प्रमाणपत्र बनवाने में हो रही परेशानियों को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ के केंद्रीय महासचिव विक्की कुमार धान ने मंत्री को बताया कि हजारीबाग जिले में आदिवासी समुदाय के लोग 2-3 पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं और उनके पास जमीन से संबंधित वैध दस्तावेज जैसे वन पट्टा, भूमि दान के प्रमाणपत्र, अमीन फर्द रिपोर्ट और पर्चा उपलब्ध हैं। इसके बावजूद उनका जाति आवासीय प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहा है। उन्होंने यह

भी बताया कि पूर्व में इस समस्या को लेकर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की आयुक्त सुमन कैथरिन किस्पोट्टा से मुलाकात की गई थी और इसकी प्रतिलिपि राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भी भेजी गई थी।

हालांकि, अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने हजारीबाग के कटकमदाग प्रखंड के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे जाति आवासीय प्रमाणपत्र बनवाने के लिए ओरिजनल खतियान की मांग करते हैं। खतियान न दिखाने पर आवेदन खारिज कर दिया जाता है। इस कारण आदिवासी युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है और वे अबुआ आवास जैसी योजनाओं का लाभ उठाने में भी असमर्थ हैं।

डोमनसाहू की जन सेवा लोगों को प्रेरित करती रहेगी : विजय केसरी

नवीन मेल संवाददाता



हजारीबाग। समाजसेवी सह व्यवसायी डोमन साहू की षष्ठी पुण्यतिथि पर रामनगर रोड स्थित 'केसरी निवास' में हजारीबाग चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में आयोजित एक बैठक में सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। सदस्यों ने डोमन साहू व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा किया। हजारीबाग चैंबर ने व्यवसायियों से आह्वान किया कि डोमन साहू के जीवन से लोगों को जन सेवा की प्रेरणा लेनी चाहिए । हजारीबाग चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राजकुमार जैन टोंग्याने कहा कि डोमन साहू का सम्पूर्ण जीवन अपने व्यवसाय के अलावा समाज सेवा में ही बीता था। वे एक समर्पित समाजसेवी थे। वे हमेशा दीन दुखियों की मदद किया करते थे । उन्होंने हजारीबाग के सांस्कृतिक एवं अध्यात्मिक अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। उन्होंने पंच मंदिर दुर्गा पूजा मंडप की स्थापना की थी। हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव विजय केसरी ने कहा कि डोमन साहू एक समर्पित समाज सेवी थे । वे अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करते हुए समाज सेवा से जुटे रहे थे। अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष सुमेर सेठी ने कहा कि डोमन साहू विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और साहस को खोया नहीं। वे सदा न्याय के पक्ष में खड़े रहे । वे हजारीबाग में जनसंघ पार्टी के स्थापना के संस्थापक सदस्य थे।

स्थापना दिवस छात्रों ने पेश किया कार्यक्रम

ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का बेहतर विकल्प बना है यह विद्यालय : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

बरही। गुरुवार को रंगारंग कार्यक्रम के बीच डॉ भीमराव अंबेदकर पब्लिक स्कूल मलकोको ने अपना 12वां स्थापना दिवस मनाया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि कोबरा 203 वाहिनी के उप कमांडेंट आकाश सिंह सहित जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, स्थानीय मुखिया विजय कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, अल्प संख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो कयूम अंसारी, पूर्व उप मुखिया मो कुर्बान, हजारीबाग रामानुजन मैथमेटिक्स क्लास के एस लाल, मैग्नेट फिजिक्स क्लासेस के दिलीप कुमार, डिवाइन पब्लिक स्कूल के निदेशक आई आईपी यादव आदि सहित कई प्रबुद्धजन मौजूद थे। जिनका स्वागत प्राचार्य गुलाब कुनार दास सहित अन्य शिक्षको ने गुलदस्ता देकर किया। प्राचार्य ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए विद्यालय के बीते 12 वर्ष की उपलब्धि का संक्षिप्त इतिहास बताया। उपस्थित अतिथियों ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में मुख्यातिथि श्री यादव ने कहा कि इस विद्यालय ने पिछले 12 वर्षो से मलकोको जैसे ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर शिक्षा के विकल्प को पूरा करने का काम किया है। विद्यालय प्रबंधन की प्रशसा करते हुए विद्यालय के शिक्षको की भूरी भूरी प्रशंसा किया। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधन के कार्यों की सराहना किया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान नृत्य, संगीत, प्रहसन, एकांकी, नागपुरी आदि सहित कई कार्यक्रम पेश किए गए। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व उपस्थित अतिथियों के हाथो ट्रॉफी देकर समानित किया गया। कार्यक्रम सफल बनाने में विद्यालय के सह प्राचार्य सूरज दास, लक्ष्मण दास, दिनेश कुमार, शंकर दास, विद्यालय के बच्चे बच्चियां आदि सहित कई अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम देर संध्या तक चलता रहा, जिसका समापन सह प्राचार्य श्री दास ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा का हुआ आयोजन

रामगढ़। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का 26 दिसम्बर को एम्स नई दिल्ली में निधन होने के उपरांत शुक्रवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो सहित जिले के वरीय, अधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों ने दिवंगत डॉ मनमोहन सिंह की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। गौरतलब है की दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री के सम्मान में भारत सरकार द्वारा दिनांक 26 दिसम्बर से 1 जनवरी तक सात दिवसीय राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया गया है।

श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शोक सह श्रद्धांजलि सभा आयोजित

पूर्व पीएम डॉ मनमोमहन सिंह की आर्थिक नीति ने देश को किया था सबल : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता

बरही । 92 वर्षीय भारत के 13वें प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शोक सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. जिसमे विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह, शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी सहित बच्चे शामिल हुए. सबों ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पांजलि कर मृतात्मा की शांति के लिए दो

मिनट का मौन रखा गया। प्राचार्य श्री सिंह ने बताया कि पूर्व पीएम दिल्ली के एम्स में गुरुवार की रात्रि 8:51 बजे भर्ती हुए। जहां उन्होंने रात्रि 9.51 में अंतिम सांस ली। इसकी सूचना मिलते ही पूरे देश में शोक का लहर फैल गया। प्राचार्य ने कहा कि पीएम डॉ सिंह एक उत्कृष्ट अर्थशास्त्री के साथ कुशल नेतृत्वकर्ता थे। वह देश के ऐसे प्रधानमंत्री है जो शपथ ग्रहण के समय लोकसभा के सदस्य नही थे। उन्हे राज्यसभा का सदस्य बनाया गया था। उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर सहित वित्त मंत्री, दो बार प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री आदि जैसे कई महत्वपूर्ण पद पर रहकर देश की सेवा किया।

न्यूज बॉक्स

वीर बाल दिवस के स्मृति पर तरंग ग्रुप ने

पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का किया आयोजन

हजारीबाग। कला,संस्कृति एवं कलाकारों की प्रतिभा को लगातार प्रोत्साहित करने के साथ उन्हें बेहतरीन मंच प्रदान वाली संस्था तरंग ग्रुप हजारीबाग द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर स्थानीय प्रधान कैफेटेरिया स्तिथ सभागार में जिला स्तरीय पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों के द्वारा गुरुगोविंद सिंह एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों के चित्र में माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि देकर किया गया। उसके बाद देश के पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह को याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। गुरुद्वारा सत्संग समिति से आईं पुनीत कौर,दर्शन कौर, सुरेंद कौर एवं करतार सिंह ने इस बाल दिवस के अवसर पर शहीद हुए बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के वीरगाथा के बारे में बताया। रंगोली प्रतियोगिता में जहां छाया कुमारी,साक्षी कुमारी ,श्रुति कुमारी ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रिया भारती,सूचित कुमार,प्रीति राज,खुशी कुमारी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

श्री श्याम समर्पण महोत्सव का समापन भक्तों के बीच नई ऊर्जा का हुआ संचार

आयोजक मंडली ने श्याम भक्तों और गायक का जताया आभार

हजारीबाग । श्री श्याम टाबरिया द्वारा आयोजित श्री श्याम समर्पण महोत्सव अपने ऐतिहासिक और भव्य रूप में संपन्न हुआ। इस महोत्सव ने न केवल क्षेत्र में भक्ति और समर्पण की भावना को प्रोत्साहित किया, बल्कि श्याम भक्तों के बीच एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।बाबा श्याम का दरबार अद्भुत और आकर्षक सजावट के साथ मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कच्चे फूलों की भीनी-भीनी सुगंध, भक्ति संगीत की मधुर ध्वनि और अलौकिक सजावट ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाबा के दरबार में उमड़ी श्रद्धालु भक्तों की भीड़ ने प्रेम, भक्ति और आध्यात्म का ऐसा माहौल बनाया, जो लंबे समय तक याद रहेगा। महोत्सव के समापन से पूर्व 251 महिलाओं ने एक साथ बाबा श्याम की आरती उतारी। यह दृश्य न केवल अद्वितीय था, बल्कि इसने पूरे आयोजन को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। यह क्षण हजारीबाग के धार्मिक आयोजनों के इतिहास में एक नई पहचान बन गया।

गैर मजरूआ जमीन पर चली जेसीबी मशीन

चौड़ीकरण करने में 17 बेशकीमती पेड़ों को जड़ से उखाड़ दिया गया

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। पर्यावरण को संतुलित करने के लिए, सरकार द्वारा कई योजनाओं के माध्यम से पौधारोपण किया जा रहा है साथ ही वन विभाग भी वन क्षेत्र को चिन्हित कर पौधारोपण कर रहा है जिसमें सरकार की बड़ी राशि भी खर्च हो रही है। दुसरी ओर हरे-भरे पेड़ों को खेत बनाने की आड़ में जड़ से उखाड़ा जा रहा और जिम्मेदार अधिकारी की आंख बन्द किए हुए हैं। ऐसा ही एक मामला कोलेबिरा वन क्षेत्र के कोनमेरला गांगूटोली से सामने आया है। जहां एक किसान द्वारा खेत चौड़ीकरण करने की आड़ में जेसीबी लगाकर लगभग 17 बेशकीमती इमारती पेड़ों को जड़ से उखाड़ दिया गया है, जिसमें साल (सखुआ) के अलावा कई अन्य बड़े - बड़े पेड़ शामिल हैं। मामला 23 दिसंबर आस पास की बताई गई है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मामला उजगार होने के बाद पेड़ उखाड़ने की खबर हर जगह चर्चा का विषय बन गया है।

जानकारी के बाद भी वन विभाग के कर्मियों ने नहीं की कारवाई, डीएफओ के निर्देश के बाद दुबारा पहुंची टीम : ग्रामीणों ने बताया कि पेड़ उखाड़ने की जानकारी कोलेबिरा वन विभाग को पहले दी गई थी, सूचना मिलने पर वन विभाग कोलेबिरा से कर्मी भी आए लेकिन आने के बाद ऐसे भाग गए जैसे कुछ हुआ ही नहीं है। जिसके बाद वन विभाग के कर्मी भी संदेह के घेरे में आ गए हैं। लोगों का कहना है कि वन विभाग सब कुछ देखने के बाद भी वापस भाग गई थी, अगर वन विभाग के कर्मी पहले ही दिन भूमि का सीमांकन कर लेते तो ग्रामीणों का विभाग के प्रति और विश्वास बढ़ जाता। लेकिन यहां ऐसा नहीं हुआ मामला वन प्रमंडल पदाधिकारी के संज्ञान में आने के बाद कोलेबिरा वन विभाग की टीम पुनः घटनास्थल पहुंच कर अमीन के माध्यम से पूरे भूखंड का सीमांकन कराया।

अंचल अधिकारी ने कहा, पूरा मामला जांच का विषय

मामले पर अंचल अधिकारी शंभू राम ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। वे खुद इसकी जांच करेंगे, फिलहाल मामले की जानकारी मिलने के बाद किसान से जमीन संबंधित सारे दस्तावेज मांगा गया हैं।

15.75 डिसमिल गैर मजरूआ जमीन पर लगे थे सारे पेड़

वन विभाग द्वारा संबंधित भूखंड का सीमांकन करने के बाद पता चला कि किसान ने अपने खेत चौड़ीकरण करने के दौरान जेसीबी से कुल 15.75 डिसमिल गैर मजरूआ जमीन को भी खेत बना लिया है, इस दौरान गैर मजरूआ जमीन पर लगे कुल 17 बेशकीमती पेड़ों को भी जेसीबी से उखाड़ दिया गया है।

मनीष साहू पर जानलेवा हमला के आरोप में 6 लोगों की थाने में शिकायत

बानो। बानो के हुरदा निवासी झामुमो कार्यकर्ता मनीष कुमार साहू ने जानलेवा हमला का आरोप लगाकर 6 लोगों के ऊपर गिरदा का ओपी में लिखित शिकायत की है। लिखित आवेदन में उसने बताया कि 26 दिसंबर की रात में अपने दैनिक कार्य से लौट के क्रम में संतोष साहू नामक युवक के द्वारा मनीष से क्रिसमस पार्टी के नाम पर उसे हरदा मुख्य मार्ग से सरना जंगल के समय सुरेश साहू के घर ले गया। जहां पर मनीष साहू जैसे ही घर के अंदर प्रवेश किया तो वहां पर जसवीर सिंह के अलावे बालेश्वर नाग, केशव लाल साहू, अमित साहू ,संतोष साहू ,प्रवीण साहू एवं अन्य चार लोग मौजूद थे ।सभी के द्वारा मनीष साहू को घेर लिया गया ।वहीं मौके पर बालेश्वर नाग एवं सन्तोष साहू ने उसे धमकी देते हुए देशद्रोही एवं कई प्रकार के अभद्र गली गलत किया। तथा इसके अलावा अमित साहू ने मनीष को झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्य छोड़ने की बात कही नहीं तो जान से मार दिया जाएगा ।इस मौके पर मनीष साहू वहां से भागने का प्रयास किया लेकिन सभी व्यक्तियों के द्वारा एक घंटा तक मनीष को जबरन बंधक बनाकर रखा और अंतिम चेतावनी देने की बात कही। हत्या करने की धमकी दी गई।

न्यूज बॉक्स

पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर जिला प्रशासन ने की शोकसभा

सिमडेगा। देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अगुवाई में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन किया गया ।मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र सहित अन्य पदाधिकारी गण व कर्मी गण उपस्थित रहे।

कोलेबिरा विधायक ने पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर की शोकसभा

सिमडेगा। कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शुक्रवार को गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह अपने बैचलर जीवन में एक मेधावी छात्र भी हुआ करते थे। उन्होंने देश से लेकर विदेश तक में पढ़ाई की थी। भारत के प्रधानमंत्री रहते हुए डॉ मनमोहन सिंह ने कई ऐसे फैसले लिए जिसने देश के विकास की नींव रखी थी। डॉ मनमोहन सिंह एक विजनरी लीडर थे। उनके आधुनिक सुधारों ने आधुनिक भारत को एक नया आकार दिया। उनकी सादगी हमेशा लोगों को प्रेरित करती रहेगी। डॉ मनमोहन सिंह जी ईमानदारी, सादगी, सज्जनता, सरलता, विनम्रता, बुद्धिमत्ता एवं दूरदर्शिता की प्रतिमूर्ति थे। आर्थिक उदारीकरण के शिल्पकार डॉ मनमोहन सिंह ने आधुनिक एवं स्वावलंबी भारत की नींव रखी ।उनका जाना एक व्यक्तिगत क्षति है। उन्होनें आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह उन दिग्गजों में से एक थे जिन्होंने एक नये उदारवादी भारत की कल्पना की थी जो आज दुनिया में अपना उचित स्थान ले रहा है। डॉ. मनमोहन सिंह को हमेशा उनकी दूरदर्शी सोच तथा गहरी अंतर्दृष्टि के लिए याद किया जाएगा। वे हमेशा विनम्र रहे और अपने व्यक्तिगत मूल्यों को बनाए रखा।

नर्सरी-एलकेजी से कक्षा दूसरी तक के नन्हे बच्चों के दूसरे टर्म का परीक्षा परिणाम घोषित

सिमडेगा। डी.ए.वी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में ,शुक्रवार को नर्सरी-एल० के०जी से कक्षा दूसरी तक के नन्हें बच्चों का दूसरे टर्म का परीक्ष परिणाम की घोषणा कर दी गई। अभिभावक अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम प्राप्त कर प्रसन्न चित्त नजर आ रहे थे। इस उनके साथ प्रभारी राजेश कुमार झा के साथ अन्य शिक्षक और अभिभावकों बीच एक मीटिंग भी हुई ,जिसमें सभी अभिभावकों ने बच्चों की प्रगति के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए। उनके सुझावों को आगे के लिए सुधार करने की बात बताई इन बच्चों के बीच एक फॅसीड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, बच्चे भिन्न-भिन्न तरह के ड्रेस में बहुत आकर्षक रहे थे। इस दृश्य को देखकर अभिभावक और भी अधिक प्रफुल्लित थे। गाँधी मैदान के जूनियर बच्चों का मुख्य बिल्डिंग कुपानी में आ जाने से भी अभिभावक संतुष्ट थे।

कोलेबिरा में जुआ खेलाने का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

कोलेबिरा। कोलेबिरा पुलिस ने बड़ी कार्यवाई करते हुए जुआ का खेल करा रहे आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । बताया गया पिछले दिनों लचडागढ़ जेरले टोंगरी जतरा में हब्बा डब्बा का खेल किया जा रहा था,जिसकी सूचना कोलेबिरा थाना को मिली। इसके बाद कोलेबिरा पुलिस के द्वारा छापामारी की गई,इस क्रम में अमजद आलम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। कोलेबिरा थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के लचरागढ़ जेरले टोंगरी जतरा में बंगाल जुआ खेलाते हुए एक युवक का वीडियो वायरल हुआ था ।उक्त वायरल वीडियो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ था तत्पश्चात तुरंत ही कोलबेरा थाना की पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए वायरल वीडियो की जांच की तथा छानबीन प्रारंभ कर दिया ।इसके बाद पुलिस ने युवक की पहचान करते हुए काफी मशक्कत के बाद लचरागढ़ में उक्त युवक को धर दबोचा तथा पूछताछ करने पर उसने अपनी संलिप्तता स्वीकार की इसके बाद पुलिस ने शुक्रवार को कोलेबिरा थाना कांड सं0 82/2024 दिनांक 26.12.2024, धारा 318(4)/352/351(2)/11 बंगाल जुआ अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त अमजद आलम उम्र- 40 वर्ष को लचड़ागढ़ टोंगरी पहाड़ मेला में जुआ खेलाने के आरोप में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

सड़क दुर्घटना में बच्ची हुई घायल

बानो। बानो थाना क्षेत्र के चोरबांदु में सड़क दुर्घटना में एक बच्ची घायल हो गई ।घायल का इलाज बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना लगभग 1:00 बजे की है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार दो बाइक के आपस में टक्कर हो जाने से रेम्सा मड़की नामक बच्ची घायल हो गई ।घायल को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो लाया गया जहां बच्ची इलाजरत है।

मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

कोलेबिरा। थाना क्षेत्र के बरसलोया गांव निवासी अमृत बागे ने 55 वर्षीय नेतन डांग नामक एक वृद्ध को लकड़ी से सिर पर वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। इधर इस मामले में घायल व्यक्ति के लिखित आवेदन के आधार पर कोलेबिरा थाना में मामला दर्ज किया गया जिसके बाद इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसके बाद शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

पशु तस्करी के मामले में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

सिमडेगा। सिमडेगा मुफस्सिल थाना की पुलिस के द्वारा पशु तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी फैजल हुसैन को गिरफ्तार करते हुए शुक्रवार को सिमडेगा जेल भेज दिया जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक ने बताया कि 3 अगस्त को थाना क्षेत्र में अवैध पशु तस्करी के मामले में मामला दर्ज किया गया था तथा इस मामले में अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा जा चुका है वहीं फजल हुसैन फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा उन्होंने बताया कि इस मामले में मुफस्सिल थाना कांड सं0 10/2024 दिनांक 03.08.2024, धारा 317(5)/3(5) बी0एन0एस0, 12(1)(2) झारखण्ड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम एवं पशुओं के प्रति क्रुरता निवारण अधिनियम 11(i) ए0/11(ii)डी0 के तहत मामला दर्ज है।

प्रकृति का लुत्फ उठाने पहुंचें सतकोठा पर्यटन स्थल

जलडेगा। वर्ष 2025 दस्तक देने वाला है। लोग सन् 2024 को अलविदा कहने और सन् 2025 के स्वागत की तैयारी करने लगे हैं। इधर जिले के पर्यटन स्थलों में हसीन वादियां प्रकृति प्रेमियों को आवाज देने लगी है। युवा वर्ग में नए वर्ष के स्वागत को लेकर उत्साह है। यहां नववर्ष में सीमावर्ता राज्य ओडिशा और छत्तीसगढ़ से भी सैलानियों के आने का सिलसिला लगा रहता है। इसके अलावे प्रखंड के कई प्राकृतिक स्थल लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। जलडेगा के कोनमेरला पंचायत का सतकोठा जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल में एक है। जहां प्रकृति का लुत्फ उठाने नववर्ष पर हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं। सतकोठा पर्यटन स्थल लुढ़गी नदी पर है। जहां बड़े से चट्टान को नदी की धार ने काट कर सात कुआं बना दिया है, जिससे नदी बहकर आगे जाती है। पर्यटन स्थल केचारों ओर जंगली पेड़,पहाड़ अलग छटां बिखेरते है। जबकि जिला मुख्यालय से सतकोठा की दूरी 40 किमी है।

तोरपा विधायक ने किया निरीक्षण

सदर अस्पताल में जल्द दूर की जाएगी चिकित्सकों की समस्या : सुदीप गुड़िया

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सदर अस्पताल सिमडेगा में शुक्रवार को तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने निरीक्षण करते हुए मरीजों को मिलने वाली सुख सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सिविल सर्जन से वर्तमान समय में चल रहे सदर अस्पताल में सुख सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि सदर अस्पताल में इन दोनों सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा शुरू कर दी गई है इसके अलावा अलग-अलग प्रकार की सभी सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि एक दिन पूर्व स्वास्थ्य विभाग की ओर से तीन स्त्री रोग विशेषज्ञ क्या तबादला कर दिया ,जिसकी वजह से परेशानी हो सकती है। इसके अलावा कई डॉक्टरों की कमी से अस्पताल जूझ रहा है हालांकि कम संसाधनों में भी बेहतर सेवा देने का प्रयास की जा रही है ।मौके पर तोरपा विधायक ने कहा कि सदर अस्पताल सिमडेगा में चिकित्सकों की कमी को दूर करने का पूरा प्रयास किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी जी से दूरभाष में बात करते सिमडेगा की समस्या को अवगत कराया गया है। जिस पर उन्होंने कहा है कि जल्द सदर अस्पताल सिमडेगा जो भी डॉक्टरों की कमी है। वहीं उन्होंने कहा कि मरीजों को सभी प्रकार के सुविधा मिले, आदिवासी बहुल क्षेत्र होने की वजह से यहां पर लोग विश्वास के साथ आते हैं और उसे विश्वास को कायम रखने के लिए हम सभी का प्रयास होना जरूरी है ।उन्होंने सिविल सर्जन को सभी प्रकार के जरूरी दवाई एवं सुविधा बहाल करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने ईलाजरत मरीजों के बीच फल वितरण करते हुए उनके कुशलछेम जाना तथा जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव सफीक खान एवं खूंटी जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद एवं अन्य उपस्थित थे।

स्कूल परिसर में तीन दिवसीय तुलसी पूजन सह जागरण कार्यक्रम संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

बानो। प्रखंड के राजकीय कृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय केवेटांग परिसर में तीन दिवसीय तुलसी पूजन सह जागरण कार्यक्रम का समापन। कार्यक्रम में हिन्दू समाज के महिला पुरुषों ने भाग लिया , कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, महिलाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया ।बलराम सिंह ने बताया की तीन दिवसीय तुलसी पूजन कार्यक्रम में महिला पुरुष द्वारा रात्रि जागरण किया गया। समापन कार्यक्रम में हिन्दू जागरण मंच के शिवसरन सिंह ने कहा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों की शिक्षा आवश्यक है, । समाज के प्रबुध्द एवं युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए आगे आना होगा ।हम अपनी परम्पराओं से दूर होते जा रहे ,इसके लिए समाज की एकजुटता बहुत जरूरी है ।महिपाल सिंह ने सम्बोधित करते हुए नव युवक एवं युवतियों को पढ़ाई के बाद जॉब के पीछे भागने की जरूरत नही है ,कौशल विकाश के माध्यम से प्रशिक्षण लेकर ब्यापारीक विकास करे ,ब्यापार से बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है, रौतिया समाज के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने कहा कि हम लोगों को अपनी संस्कृतिक विरासत एवं समाज के विकाश के लिए सबको एक जुट होना होगा ।

डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह कि अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निदेशक शीत बसन्त खलखो द्वारा उपायुक्त को आरसेटी में दी जाने वाली प्रशिक्षण संबंधी कार्य प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप प्रशिक्षणार्थियों का चयन कर बेहतर प्रशिक्षण मुहैया करायें। जिस प्रशिक्षणार्थियों का घर नजदीक है तो उसे घर से आने जाने देकर प्रशिक्षण दे ।उन्होंने कहा कि आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर उन्हें बैंकों के माध्यम से ऋण दिलवाते हुए स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य करें ।आरसेटी निदेशक शीत बसंत खलखो ने आरसेटी के प्रशिक्षण कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 17 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 455 बेरोजगार युवक युवतियों को प्रशिक्षण दिया गया है ।बैठक में डीडीएम नाबार्ड सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

10 जून को हुई हत्या मामले में आरोपी पत्नी को पुलिस ने भेजा जेल

बोलबा। बोलबा थाना क्षेत्र के कछुपानी बन्द पड़े खदान में 10 जून को मिले व्यक्ति के शव के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए शुक्रवार को आरोपी पत्नी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी सोनू पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 जून 2024 को क्षेत्र के कछुपानी बंद पड़े माइंस में पुलिस ने सड़ा गला अवस्था में एक व्यक्ति का शव बरामद किया था। इसके बाद बल्केश्वर नायक नामक व्यक्ति ने थाने में शिकायत की थी इस मामले में छानबीन करने पर पशु पानी गांव निवासी रणजीत लोहरा नामक व्यक्ति की पहचान हुई थी। इस मामले में पुलिस ने बारीकी से छानबीन किया जिसके बाद 6 महीने तक छानबीन करने के क्रम में पता चला कि मृतक रणजीत लोहरा की पत्नी सुनीता देवी के द्वारा ही उसकी हत्या कर शव को पत्थर बांधकर बंद पड़े खदान में फेंक दिया था ।

परिवहन विभाग ने टैक्स डिफॉल्टर वाहनों के विरुद्ध चलाया अभियान

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। परिवहन विभाग ने टैक्स डिफॉल्टर वाहन मालिकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसे लेकर कार्रवाई शुरू हो गई है। वहीं जिला परिवहन कार्यालय, सिमडेगा से निबंधित टैक्स डिफाल्टर ऑटो,बस,ट्रक,जेसीबी एवं अन्य व्यावसायिक वाहनों का अविलम्ब पथकर जमा करने के लिए पूर्व में ही वाहन स्वामियों को सूचित किया गया था, परन्तु अभी तक कुछ एक वाहनों ने ही सूचना को गंभीरता से लेते हुए अपने वाहनों का टैक्स जमा किया है ।इसी के मद्देनजर शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बाखला एवं मोटरयान निरीक्षक प्रकाश रंजन के नेतृत्व में ऑटो स्टैंड सिमडेगा में सघन रूप से वाहनों के कागजातों की जांच की गई ।जांच के दौरान कई वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए ।जिनपर जुर्माना किया गया,साथ ही कई वाहनों को जब्त कर थाना को सुपुर्द किया गया ।इस दौरान कुल 34 वाहनों की जांच की गई,जिनसे 42,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया ।वहीं अचानक चले इस अभियान से ऑटो चालकों में हड़कंप मच गया,सभी अपने अपने वाहनों को लेकर इधर उधर भागते दिखे ।परिवहन विभाग के द्वारा चले इस अभियान के बाद मौके पर टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने पहुंचकर सभी चालकों की ओर से परिवहन पदाधिकारी से निवेदन कर एक हफ्ते की मोहलत मांगते हुए कहा कि सभी वाहन चालक जल्द ही अपने वाहनों के कागजात पूर्ण करा लेंगे ।जिसकी जिम्मेदारी वह लेते हैं ।जिसके बाद परिवहन विभाग ने कार्यवाही बंद की ।मौके पर परिवहन विभाग के शिद्धार्थ राज,चंदन कुमार,देवशरण डे एवं जिला पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

ईश्वर की महिमा से तुमडेगी चर्च का मन रहा है स्वर्ण जयंती समारोह : बिशप बरवा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा कैथोलिक धर्मप्रांत के बिशप बिंसेंट बरवा ने कहा कि ईश्वर की महिमा से आज संत जोसेफ कैथोलिक चर्च तुमडेगी का 50वां वर्ष मनाया जा रहा है। यह ईश्वर की महान कृपा से संभव हुआ है। तुमडेगी पल्ली ने सिमडेगा धर्मप्रांत में एक अलग पहचान बनाई है। बिशप बिंसेंट बरवा शुक्रवार को संत जोसेफ कैथोलिक चर्च तुमडेगी के 50वां स्वर्ण जयंती समरोह में बतौर मुख्य अनुष्ठाता के रुप में संबोधित कर रहे थे। मौके पर बिशप की अगुवाई में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। जहां उनका सहयोग फा फबियन डुंगडुंग, फा पीटर मिंज, फा अमित कुजूर, फा रॉबिन लकड़ा, फा बिराज चेलकचेला, फा मनोज तिर्की, फा जेम्स संदियाडु, फा हेरमन एरगट, फा कोर्नेलियुस तिर्की, फा निकोदिम सोरेंग, फा रंजीत डुंगडुंग, फा शांतिएल समद, फा अंसेलेम लुगून, फा अगुस्टिन लकड़ा, फा गिलबर्ट बरला, फा सेबेस्टियन एक्का, फा इग्नासियुस टोप्पो आदि ने किया। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थे। मौके पर बिशप, कई पुरोहित एवं विधायक ने 50 दीया भी जलाया। बिशप ने कहा कि हमारी मिशनरियों द्वारा दिए गए योगदानाओं के कारण आज कलीसिया इतनी दूर सफलता पूर्वक पहुंचा। उन्होंने सभी से यीशु के बताए मार्गों पर चलने की बात कही। साथ ही दीन दुखियों व असहायों की सेवा करने को कहा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, प्रतिमा कुजूर, संजय तिर्की आदि उपस्थित थे।

तुमडेगी पल्ली के सभी गांव एक परिवार की तरह हैं : भूषण बाड़ा

विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आज तुमडेगी पल्ली अपना 50वां वर्ष मना रहा है। इसकी वजह पल्लीवासियों के आपसी सहयोग एवं एकजुटता है। यहां के पल्ली पुरोहित फा पीटर मिंज बहुत ही कर्मठ एवं उर्जावान व्यक्तित्व से ओत प्रोत है। उन्होंने कहा कि तुमडेगी पल्ली में जितने भी गांव हैं, सभी एक परिवार की तरह है। सभी को साथ मिलकर चलना है। आने वाले समय में कलीसिया और अधिक मजबूत होगी। जोसिमा खाखा ने कहा कि ईश्वर की महिमा से आज पिथरा पल्ली का 50 वां वर्ष मनाया जा रहा है। यह ईश्वर की महान कृपा से ही संभव हुआ है। तुमडेगी पल्ली पूरे सिमडेगा धर्मप्रांत में अपना एक अलग पहचान बनाया है। इसका मुख्य वजह सभी पुरोहितों के अलावे पल्लीवासियों के आपसी सहयोग एवं एकजुटता है।

निर्माणाधीन स्टेडियम का हॉकी इंडिया के महासचिव ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरण, चयन समिति के चेयर मैन डॉ आर पी सिंह शुक्रवार को राउरकेला जाने के क्रम में सिमडेगा में रुके और सिमडेगा में निर्माणधीन अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम तथा सिमडेगा पूर्व से निर्मित स्टेडियम का निरीक्षण किया ।सिमडेगा पहुंचने पर जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार,हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, पंखरासियूस टोप्पो, बसंत बा, करिश्मा परवार,अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग एवम अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हे सिमडेगा के बुनकरों द्वारा निर्मित अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया ।दोनो हॉकी स्टेडियम के निरीक्षण के उपरांत उक्त पदाधिकारियों ने कहा कि जब नए एस्ट्रोटर्फ का गैलरी इत्यादि का सारा कार्य पूर्ण हो जायेगा तो यन्हा पर एक और बड़ा मैच का आयोजन किया जाएगा और झारखंड के हॉकी के विकास में दिल खोल कर सहयोग करने वाले झारखड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने कहा आज उनके ही सहयोग से यह एस्ट्रोटर्फ सहित राज्य कई और एस्ट्रोटर्फ का निर्माण हुआ है। साथ ही उन्होंने एस्ट्रोटर्फ निर्माणकर्ता के अभियंता को निर्देश दिया का इसका हस्तांतरण से पूर्व टर्फ की सफाई करा ले, वे खेल पदाधिकारी और हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष को भी कहा की कोई भी परेशानी हो तो हमे तुरंत सूचित करे। साथ ही हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने सिमडेगा में पूर्व से निर्मित टर्फ की जरूरत को देखते हुए कहा कि हॉकी इंडिया की ओर से यहां सफाई मशीन भेजकर इसकी भी सफाई करवाई जायेगी।

नशे में धूत बाइक सवार ने सड़क किनारे बैठी दो महिला को रौंदा, एक की मौत



दुमका(हि.स.)। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग-अलग हुए सड़क दुर्घटना में जहा एक महिला की मौत हो गई। वहीं करीब 18 से अधिक लोग घायल हो गये।

घटना जिले के दिग्घी विश्वविद्यालय ओपी थाना क्षेत्र के गोलपुर-श्रीअमड़ा मुख्य पथ पर शुक्रवार को घटी। दुर्घटना में घायल महिला कैराबनी गांव निवासी पहाड़िया महिला देहरीन (70) की इलाज के दौरान फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। वहीं घायल महिला का नाम फुलमुनि किस्कू बताया गया है। जानकारी के अनुसार जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ननकु कुरूवा गांव निवासी बिक्रम खैरा अपने दो अन्य साथियों के साथ नशे में धूत होकर तेजी और लापरवाही से बाईक चलाते श्रीअमड़ा की ओर जा रहा था। तभी चांदोपानी गांव के समीप सड़क किनारे बैठी महिला को रौंदते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें बाईक सवार युवकों को भी गंभीर चोट आयी। सूचना पर दिग्घी ओपी पुलिस मौके पर पहुंच घायलों को इलाज के लिए फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान वृद्धा की मौत हो गई।

दूसरी घटना दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर नकटी गांव के समीप घटी। जहां अज्ञात पिकअप वैन के चपेट में आने से बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बाईक सवार काठीकुंड के प्रदान संस्था में काम करता था। सूचना पर पुलिस गंभीर अवस्था में फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। वहीं दूसरी ओर दुमका भागलपुर स्टेट हाईवे पर रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडारों गांव के समीप शुक्रवार को पुष्पांजलि बस और हाईवा से टक्कर होने से लगभग 17 सवार घायल हो गये। जानकारी के अनुसार पुष्पांजलि बस दुमका से हंसडीहा की ओर जा रही थी। वही दूसरी ओर से हाईवा ट्रक जो हंसडीहा से दुमका की ओर जा रही थी। ओवरटेक करने के क्रम में भंडारो गांव के समीप पुष्पांजलि बस और हाईवा का जबरदस्त टक्कर हो गईं।

अवैध माइका लदे मालवाहक जब्ती मामले में दो चालकों को भेजा गया जेल

नवीन मेल संवाददाता

तिसरी (गिरिडीह)। मनसाडीह के तिसरो में अवैध माइका लोड मालवाहक जब्ती मामले में वन विभाग ने हिरासत में लिए गए वाहन चालक गौतम कुमार और संदीप कुमार को न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया है। साथ ही इसमें संलिप्त माइका माफियाओं को चिन्हित कर सुदामा कुमार और मुन्ना बरनवाल के खिलाफ वनवाद दायर किया है। साथ ही विभाग अन्य धंधेबाजों की पहचान करने में जुटी है।सूत्रों की माने तो इस मामले में तिसरी के 5 से 6 धंधेबाज शामिल हैं लेकिन विभाग द्वारा अब तक केवल दो धंधेबाज सुदामा कुमार और मुन्ना बरनवाल को ही चिन्हित किया गया है। हालांकि वन विभाग शेष धंधेबाजों को चिन्हित करने का दम भर रही है। बताते चलें कि बीते गुरुवार की अहले सुबह मनसाडीह ओपी क्षेत्र के तिसरो गांव के पास तिसरो एसएसबी की पेट्रोल पार्टी ने अवैध माइका लोड पिकअप और एक 407 वाहन को ड्राइवर समेत पकड़ा था। जिसके बाद उक्त वाहनों और चालकों को मनसाडीह पुलिस और वन विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। जिसके बाद वन विभाग वाहनों को जब्त कर तिसरी बिट कार्यालय ले गई साथ ही दोनों चालकों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सोनू कुमार बने गोरहर थाना के थाना प्रभारी

बरकट्ठा। गोरहर थाना में नए थाना प्रभारी सोनू कुमार ने पदभार ग्रहण किया। सोनू कुमार गोरहर थाना में 26 वें थाना प्रभारी बनें। उन्होंने बरकट्ठा इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी से पदभार लिया। उन्होंने कहा कि गोरहर थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को हाथ में लेने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साइबर अपराध, मादक पदार्थों को सेवन करना एवं उसे बेचने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जाएगा, इसमें लिप्त लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। अपराध पर अंकुश लगाना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

गांडेय डिग्री कॉलेज में शैक्षणिक सत्र जल्द हो शुरू : पूर्व विधायक

नवीन मेल संवाददाता

गांडेय/गिरिडीह। गांडेय प्रखंड के मेदनीसारे गांव में स्थित डिग्री कालेज में अगले शैक्षणिक सत्र में पढाई शुरू करवाने की मांग को लेकर गांडेय के पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार और पूर्व भाजपा के जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एक ज्ञापन गांडेय अंचलाधिकारी मो हुसैन को सौंपा ज्ञापन के माध्यम से भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि गांडेय प्रखंड में महाविद्यालय का भवन बनकर तैयार हो चुका है , साथ ही सरकार के द्वारा उक्त भवन को अधिग्रहण कर लिया गया है । गांडेय क्षेत्र के छात्र - छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । कई ऐसे अभिभावक है जो इच्छा रहने के बाद भी पैसे के अभाव में बच्चों को बाहर भेजने में असमर्थ हैं । आवेदन के माध्यम से सरकार को आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उक्त महाविद्यालय में पद सृजित करके पढ़ाई शुरू करवाने की मांग किया गया है। इस दौरान पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार ने कहा कि झारखंड के पूर्वर्ती रघुवर दास की सरकार ने गांडेय में डिग्री कालेज की स्वीकृति दी थी।वर्तमान समय में भवन बनकर तैयार हुआ है । गांडेय की स्थानीय ग्रामीणों को डर है कि महिला औधोगिक भवन की तरह महाविद्यालय का भवन बेकार न चला जाए। पूर्व जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक ने कहा कि गांडेय एक ग्रामीण क्षेत्र है । गांडेय एक किसान , अल्पसंख्यक और आदिवासी बहुल क्षेत्र है । ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की उच्च शिक्षा की चिन्ता करते हुए राज्य सरकार को आगामी शैक्षणिक वर्ष में महाविद्यालय में सत्र की शुरूआत करनी चाहिए । मौके पर उपस्थित भाजपा के वारिश नेता अरुण हाजरा, शंकर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे ।

बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय में जागरूकता अभियान की हुई शुरूआत

बरकट्ठा। बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के उपलक्ष्य में बरकट्ठा प्रखंड परिसर में अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा ने प्रखंड क्षेत्र के किसानों को फसल बीमा करने हेतू जागरूकता अभियान चलाया एवं किसानों को प्रेरित किया,उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में इस योजना का लाभ सभी किसान भाई-बहन उठायें। फसल बीमा करने की अंतिम तारीख 31 दिसम्बर है। इच्छुक किसान रबी फसल 2024-25 के अंतर्गत आलू,सरसों,चना एवम गेहूँ की बीमा का पंजीकरण अपने स्थानीय प्रज्ञा केंद्र से पंजीकरण करवा सकते हैं।

पुलिस ने किया डबल मर्डर केस का खुलासा चार आरोपितों को भेजा जेल

चतरा(हि.स.)। प्रतापपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डबल मर्डर केस का खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया हैं। पांच आरओपित अब भी फरार चल रहे हैं। गिरफ्तार आरोपितों में बामी गांव निवासी विकास भारती , विश्वनाथ भारती , संतोष भारती और जोरी थाना क्षेत्र के गाँव करैलीबार निवासी समीर मियां शामिल है।

महिला को ब्लैकमेल करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता

गावां, गिरिडीह। गावां थाना पुलिस ने अलग-अलग मामले में 2 युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पहला मामला महिला का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करना का है, तो वहीं दूसरा मामला नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का है। पुलिस ने दोनों मामले में कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया है। दरअसल खरसान पंचायत की एक महिला ने गड़गी निवासी मो गुलाम 25 वर्ष पिता मो जरीन उद्दीन पर गावां थाना में आवेदन देकर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाई थी। महिला का कहना था कि उक्त युवक उससे वीडियो कॉलिंग पर बातकर अश्लील वीडियो बना लिया था। बाद में वीडियो वायरल करने का धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि आवेदन के आधार पर गावां थाना में कांड संख्या दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी मो गुलाम मुस्तफा को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं एक नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के आरोप में बेन्द्रो निवासी अविनाश यादव पिता स्व बासदेव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में पुलिस नाबालिग लड़की को बरामद हेतु छापेमारी कर रही है।

रावा ने चौथे दिन किया संध्या कार्यक्रम का आयोजन

रामगढ़। कलश वेंकटेश संचालक पिंकू चौधरी और संजीत कुमार गुप्ता रामगढ़ रांची में (रीनेसंस आर्टिस्ट एंड रायटर एसोसिएशन) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वर्कशॉप का चौथे दिन 27 दिसंबर को संध्या कार्यकम का शुभारंभ हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोलकाता से तापस देवनाथ भट्टाचार्य उपस्थित रहे। इस दौरान मुम्बई से दीपक तोंबरे आंबा नृत्य दूसरा कोली नृत्य और शिवाजी महाराज पांवड़ा अनुकृति मैंम क्लासिकल नृत्य और सब गुणों से संपूर्ण मृणाल पाठक बीआईटी मेसरा से शामिल रहे। आज की क्लास केविषय में भी बताया । उन्होंने तापस देवनाथ कथक कृष्णलीला पर प्रकाश डाला।

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी की पारदर्शिता से हो जांच : राजेश कुमार

नवीन मेल संवाददाता

बिरनी गिरिडीह। बिरनी प्रखंड के युवक राजेश कुमार, एक युवा सामाजिक कार्यकर्ता, ने झारखंड राज्य के गठन के 24 साल पूरे होने के बाद भी शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के क्षेत्रों में व्याप्त अस्थिरता पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि झारखंड की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर हुई थी, उनमें से कई आज भी अधूरे हैं। राज्य के युवाओं के रोजगार के संघर्ष का उल्लेख करते हुए उन्होंने ठोस नियोजन नीति और नियमों की कमी को इसका प्रमुख कारण बताया। हाल ही में आयोजित जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ियों पर उन्होंने नाराजगी जताई और इसे राज्य के युवाओं के सपनों पर प्रहार बताया। उन्होंने यह भी कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी शिकायतें व्यक्त कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज अत्यंत निंदनीय है और यह लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है। राजेश कुमार ने झारखंड सरकार से अपील की कि वह परीक्षा विवादों को शीघ्रता से सुलझाने के लिए कदम उठाए, ठोस नियोजन नीति तैयार करे, और पारदर्शिता के साथ परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि वीर शहीदों की धरती झारखंड में युवाओं के भविष्य को लेकर इस तरह की समस्याएं चिंताजनक हैं और इनका समाधान प्राथमिकता पर होना चाहिए।

बाइक दुर्घटना में दो जख्मी, एक रेफर

नवीन मेल संवाददाता

गावां, गिरिडीह। गावां थाना क्षेत्र के भेलवा में बाइक दुर्घटना में मासूम बच्चा समेत लोग घायल हो गए। घटना के बाद बेहतर इलाज के लिए मासूम बच्चा को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि भीखी निवासी दिलीप सिंह पिता राजकुमार सिंह 35 वर्ष अपने घर से बाइक पर सवार होकर गावां की ओर आ रहे थे। इसी बीच भेलवा निवासी आदित्य कुमार 3 वर्ष पिता सुधीर यादव सड़क पार करने के दौरान बाइक की चपेट में आ गए। इससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बच्चा को सदर रेफर कर दिया गया। चिकित्सक डॉ मुकेश कुमार ने बताया कि बच्चा का कान का कुछ हिस्सा कट गया है, वहीं सर में भी गंभीर चोटें आई है। इधर, घटना की सूचना पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, श्रीराम यादव, बबलू साहा, अजीत शर्मा आदि अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना।

नाम–विल्सन मिंज उम्र–32 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट, 2 ईंच पहनावा–नीला रंग का शर्ट एवं जींस पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति विल्सन मिंज, उम्र–32 वर्श, पिता–स्व0 अल्बन मिंज, सा0–मिंजरा, थाना–सिल्ली, जिला–राँची जो दिनांक–17.11.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके संबंध में सिल्ली थाना सनहा संख्या–21/2024 दिनांक–30.11.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, रॉंची। –9431770066
थाना प्रभारी सिल्ली, रॉंची। –9431706153

PR.NO.343027 Police(24-25):D

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची।

ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉंची

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/99/2024-25 दिनांक– 26/12/2024

1.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
I	झारखण्ड उच्च न्यायालय, धुर्वा रॉंची के प्रत्येक कोर्ट रूम मे 11 अदद् 10 के0वी0 ए0 थ्री फेज ऑनलाईन यू0पी0एस0 बैट्री सहित के अधिष्ठापन का कार्य।	77,44,552=00	10,000=00	1,55,000=00	56 दिन
2.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	03.01.2025			
3.	निविदा जमा करने की तिथि	04.01.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 10.01.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक			
4.	निविदा खोलने की तिथि	11.01.2025 को 4.00 बजे अपराह्न में			
5.	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता	विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।			
6.	निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता	विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉंची।			
7.	ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल	0651–2490069 / electricalexecutiveengineerewd@gmail.com			

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 343003 Energy(24-25)#D

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. – 02, RANCHI

(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

RATE PURPOSE ONLY

Very Short e-Quotation Reference No : BCD/Bld. Div.No.- 02 Ranchi - 11/2024-25

Sealed Quotations are invited for the work **Proposed Construction of Sports Complex in Smart City Campus at HEC, Dhurwa, Ranchi.** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Terms and Condition

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :–

(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 04.01.2025 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 11.01.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 13.01.2025 अपराह्न 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, राँची।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 7992430721

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-02, Ranchi

PR 342991 (Building) 24-25 (D)

झारखण्ड सरकार
कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना वर्ष 2024–25 अंतर्गत Bivalve Cultivation (mussels, clams, pearl etc.) हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

राँची जिला के मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना वर्ष 2024–25 अंतर्गत विभागीय राज्यादेश सं0 – 39 रा0 (वि0), दिनांक 14.10.2024 के माध्यम से अनुसूचित जनजाति कोटि में Bivalve Cultivation (mussels, clams, pearl etc.) कार्यक्रम के लिए 01 इकाई का लक्ष्य राँची जिला को प्राप्त है। उक्त कार्यक्रम का अनुमान्य व्यय 20,000/– (बीस हजार) रू0 है, जिसमें 60 प्रतिशत् के दर से अधिकतम 12,000/– (बारह हजार) रू0 अनुमान्य अनुदान की राशि का प्रावधान है। शेष राशि का व्यय लाभुक को स्वयं वहन करना होगा।

उक्त के आलोक में राँची जिला के अनुसूचित जनजाति के ऐसे मत्स्य कृषक जो Bivalve Cultivation (mussels, clams, pearl etc.) के क्षेत्र में रूचि रखते है, जिनके पास कार्यक्रम के क्रियान्वयन लिए प्राकृतिक संसाधन यथा केज, जलकर आदि उपलब्ध हो तथा जो लाभुक अंशदान की राशि लगाने में सक्षम् हो, से दिनांक 08.01.2025 तक विहित प्रपत्र में विस्तृत योजना प्रतिवेदन (डी0पी0आर0) के साथ आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन हेतु प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में उपलब्ध है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 342970 (Fish)24-25*D

झारखण्ड सरकार
सूचना एवं जन–सम्पर्क निदेशालय

ई–पुनर्निविदा

सूचना भवन, आड्रे हाउस, मेयर्स रोड, राँची में स्थित सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, झारखण्ड, राँची के कार्यालय के भूतल, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तलों, परिसर, भूतल पर स्थित गाड़ी गैराज एवं प्रेस कतरन कक्ष की साफ–सफाई एवं सूचना भवन के सामने बगान की बागवानी हेतु निबंधित संस्थाओं से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदाएँ **www.jharkhandtenders.gov.in** द्वारा दिनांक 04.01.2025 को अपराह्न 06:00 बजे तक स्वीकार होगी। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार नही होगी। निविदा को दिनांक 06.01.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे निविदा निष्पादन समिति (क्रय समिति) के समक्ष खोली जायेगी।

निविदादाता को अलग–अलग तकनीकी एवं वित्तीय बिड ऑन–लाईन समर्पित करना होगा। जिन निविदादातों का तकनीकी बिड निविदा निष्पादन समिति (क्रय समिति) द्वारा स्वीकृत किया जायेगा, उन्हीं निविदादातों के वित्तीय बिड विचारणीय होंगे। निविदा की शर्तें एवं तकनीकी/वित्तीय बिड का प्रारूप कार्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाईट **www.prdjharkhand.in** तथा **www.jharkhandtenders.gov.in** पर उपलब्ध है।

निदेशक,
सूचना एवं जन–सम्पर्क निदेशालय
झारखण्ड, राँची।

PR 342997 (IPRD) 24-25 (D)

जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची।

पुनःनामांकन के संबंध में आवश्यक सूचना

निदेशानुसार झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची जिला के प्रभावी बल के सभी नये एवं पुराने महिला/पुरूष गृह रक्षक, चाहे वे सीधे नामांकित हो अथवा अनुकम्पा के आधार पर, सभी गृह रक्षकों का पुनःनामांकन की कार्यवाई तालिका में अंकित तिथि को की जानी है।

उल्लेखनीय है कि झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय राँची के विभिन्न आदेश / निदेश के आलोक में गृह रक्षकों के, प्रखण्डवार रिक्ति, मुख्यालय, राँची द्वारा निदेशित विहित प्रपत्र के अनुरूप पंजी का संधारण एवं गृह रक्षकों के भौतिक सत्यापन हेतु पुनःनामांकन किया जाना अनिवार्य है। पुनःनामांकान समिति द्वारा शहरी/ग्रामीण सभी गृह रक्षकों की पुनःनामांकन की तिथि निम्न प्रकार निर्धारित की गई है :–

क्र0	गृह रक्षक (षहरी)	पुनःनामांकन की तिथि	पुनः नामांकन स्थल– जिला समादेष्टा कार्यालय, धुर्वा	समय
1.	शहरी पुरूष सैन्य सं0–2467 से 3015 तक	07.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
2.	शहरी पुरूष सैन्य सं0–3016 से 3220 तक	08.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
3.	शहरी पुरूष सैन्य सं0–3224 से 3352 तक	09.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
4.	शहरी पुरूष सैन्य सं0–3353 से 3476 तक	10.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
5.	शहरी पुरूष सैन्य सं0–3478 से 3600 तक	11.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
6.	शहरी पुरूष सैन्य सं0–3600 से 3713 तक	13.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
7.	शहरी महिला सैन्य सं0–783 से 1022 तक	15.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
8.	शहरी महिला सैन्य सं0–1023 से 1145 तक	16.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
9.	शहरी महिला सैन्य सं0–1146 से 1245 तक	17.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
10.	शहरी महिला सैन्य सं0–1246 से 1284 तक	18.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
	गामीण महिला एवं पुरूष गृह रक्षकों का प्रखण्डवार सूची :–			
1.	ईटकी, बेड़ो एवं बुढ़मू प्रखण्ड	20.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
2.	अनगड़ा एवं चान्हों प्रखण्ड	21.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
3.	काँके एवं ओरमांझी प्रखण्ड	22.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
4.	तमाड़, नामकोम एवं रातु प्रखण्ड	24.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
5.	बुण्डु, राहे, सिल्ली एवं सोनाहातु प्रखण्ड	25.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
6.	माण्डर प्रखण्ड	27.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे
7.	लापुंग प्रखण्ड	28.01.2025	सी0टी0आई0, धुर्वा	10.00 से 17.00 बजे

उपर्युक्त तालिका में अंकित सभी ग्रामीण एवं शहरी, महिला व पुरूष गृह रक्षक, जो विभिन्न कार्यालयों, आवासीय कार्यालयों, मंत्रालय, विधि–व्यवस्था डियुटी, निदेशालय, सचिवालय, संस्थानों आदि में कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त एवं निजी कारण से घर पर बैठे सभी गृह रक्षक, पुनःनामांकन समिति द्वारा निर्धारित तिथि को ससमय निम्नांकित दस्तावेज के साथ भौतिक रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। यदि आप निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित नहीं होने पर आप पुनःनामांकन प्रक्रिया से वंचित रह जायेगें और आपको प्रभावित बल की सूची से बाहर कर दिया जायेगा, अर्थात् पुनःनामांकन (बॉण्ड) नहीं भरने की स्थिति में आप गृह रक्षक नहीं माने जायेगें साथ ही आपके आवेदन पर पुनः विचार नहीं किया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं **जिम्मेवार होगें :–**

1. 02 (दो) न्यू पासपोंट साईज कलर फोटो (वर्दी सहित)।
2. गृह रक्षक होने का प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
3. शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, जिसमें जन्म–तिथि अंकित हो, की छायाप्रति।
4. आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र (वोटर कार्ड) की छायाप्रति।
5. आवासीय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
6. पिछले दो कैलेण्डर वर्ष, अर्थात् वर्ष–2023 एवं 2024 में किये गये डियुटी की कमान की अलग–अलग छायाप्रति।

नोटः–सभी गृह रक्षकों को निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त सभी दस्तावेजों के सत्यापन हेतु मूल प्रमाण–पत्र निर्धारित तिथि को साथ में लायेगें। साथ ही निर्धारित तिथि को जिन–जिन गृह रक्षकों का पुनःनामांकन किया जाना है, केवल वही गृह रक्षक पूर्ण वर्दी में कार्यालय में उपस्थित होगें, अनावश्यक रूप से कोई भी गृह रक्षक कार्यालय में प्रवेश नहीं करेगें। पूर्ण वर्दी में उपस्थित नहीं होने पर आपके पुनःनामांकन पर कोई पुनः विचार नहीं किया जायेगा।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची।

PR.NO.343011 Police(24-25):D

संपादकीय

खलनायक को नायक बनाता समाज

भारत में जनमानस को सर्वाधिक प्रभावित करने वाला माध्यम सिनेमा रहा है जिसमें दक्षिण भारत की दीवानगी कुछ बढ़कर है। अर्द्धशिक्षित और अपरिपक्व मानसिकता वाले दर्शकों के ऊपर इसका इतना गहरा प्रभाव है कि उनके लिए तो सिनेमा ही साहित्य है। देश में राज कपूर के जन्म शताब्दी वर्ष पर देश विदेश में समारोहों का आयोजन किया जा रहा है, तो दूसरी ओर देश के लगभग सभी सिनेमाहॉलों में पुष्पा-2 की धूम मची है। समाज को कुछ संदेश देने वाले भारतीय सिनेमा की पिछले 60-70 साल की यह यात्रा एक ध्रुव से दूसरे ध्रुव की यात्रा है। नितांत विपरीत ध्रुवों का सफर है।गीतों और कथानक के माध्यम से राज कपूर की फिल्मों का नायक मूलतः आदर्शवादी है। स्वप्नदर्शी है। अगर वह कुछ गलत भी करता है, तो परिस्थितियों का शिकार होकर। उसके मन में हमेशा इस बात का एहसास रहता है कि उसने जो किया वह सही नहीं है। वह आम तौर पर समाज के विपन्न तबके से आता है। वह सपने जरूर देखता है, लेकिन इतने बड़े नहीं कि उन्हें पूरा करने के लिए अपराध की ऐसी राह पर चलना पड़े, जहां से लौटना नामुमकिन हो। वह जब नायिका से प्रेम करता है, तब भी अपनी शालीनता नहीं खोता। प्यार हुआ इकरार हुआ, प्यार से फिर क्यों डरता है दिल गाते हुए वह सिर पर टोपी, साधारण कोट-पैंट, मामूली जूते, सामान्य-सा छाता लेकर पृष्ठभूमि में लैंपपोस्ट की मद्धम रोशनी के साथ एक ऐसा लैंडस्केप रचता है, जो दर्शकों की स्मृति में हमेशा के लिए अंकित हो जाता है। इसमें आक्रामकता नहीं, बल्कि एक महाकाव्यात्मक गरिमा है। कुछ मसाला फिल्मों को छोड़ दें, तो राज कपूर की ज्यादातर फिल्मों के करीब-करीब सभी नायक एक बेहतर मनुष्य हैं। सीधे-सरल। इसके विपरीत पुष्पा का नायक क्या है? वह लूटपाट करता है। हत्याएं करता है। स्मगलिंग करता है। सिगरेट-शराब बेधड़क पीता है। थोड़ा लचक कर चलते हुए जिस तरह व्यवहार करता है, उससे साफ तौर पर मनोरोगी प्रतीत होता है। किए गए अपराधों के प्रति उसमें किसी तरह की आत्मग्लानि नहीं है, बल्कि वह उनमेंरस लेता है। स्त्रियों को लेकर उसके मन में कितना सम्मान है, यह उसके नायिका के साथ व्यवहार से समझा जा सकता है। फैंटेसी आधारित भारतीय सिनेमा की करुणा से जुगुप्सा तक की यह यात्रा सिर्फ सिनेमा की असफलता की कहानी नहीं है। एक समाज के तौर पर हम किस तरह बदलते चले गए हैं और आज कहां पहुंच गए हैं, उसका भी रूपक है। यह सफर हमने क्रमशः तय किया है। भारतीय सिनेमा के इस पक्ष को लेकर बहुत कुछ लिखा गया है कि जब देश आजाद हुआ तो उसके सामने बड़े सपने थे। उन्हें पूरा करने की हसरत थी। स्वतंत्रता के संघर्ष से गुजरी पीढ़ी के पास अपना आदर्शवाद था और सिनेमा की कहानियों में समाज की यही भावना प्रतिध्वनित हुई। पर आदर्शवाद से अर्थवाद की अग्रसर समाज में धीरे-धीरे लोगों को समझ में आने लगा कि उनके सपनों का हकीकत में बदलना इतना आसान नहीं है। स्वप्न भंग के इस दौर में समाज ने वैकल्पिक रास्ते अख्तियार कर लिए। अब सिनेमा की कहानियां भी बदलने लगीं। राजेश खन्ना की रूमानी फिल्मों तक, फिर भी आदर्शवाद का असर कुछ हद तक बचा रहा। लेकिन, एंटी हीरो के तौर पर अमिताभ बच्चन के उदय के साथ ही भारतीय सिनेमा ने एक नई राह पकड़ ली। अब नायक, प्रतिनायक में बदल गया। वह अपराधी की तरह व्यवहार करने लगा। मगर, यहां भी गनीमत थी। नायक के पास अपराध की कोई ठोस वजह होती थी। कुल मिलाकर दर्शकों के समक्ष यही संदेश जाता था कि गलत, गलत है और सही। इसके विपरीत पुष्पा के नायक को अपराध करने के लिए किसी उचित कारण की जरूरत नहीं पड़ती। हिंसा उसके लिए आनंद का विषय है।

आज की बात

ब्रह्मांड हमसे बात करता है, क्या हम सुनेंगे?

डॉ मयंक मुरारी
चिंतक और लेखक

ब्रह्मांड हमसे संवाद कर रहा है। क्या हम उस बात में शामिल है? यह अस्तित्व हर पड़ाव पर हमारा ध्यान आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है। यह हमारा मार्गदर्शन करने, हमसे जुड़ने और हमें जगाने की कोशिश कर रहा है। ब्रह्मांड से हमारे लिए बहुत सारे संकेत आते हैं लेकिन क्या हम देख रहे हैं? क्या हम सुन रहे हैं? और क्या हम जानते भी हैं कि हमें क्या देखना है? हमारी आत्मा और ब्रह्मांड दोनों ही हमारे अंतर्ज्ञान के माध्यम से हमसे संवाद कर सकते हैं। आत्मा का मार्गदर्शन हृदय ऊर्जा केंद्र में गहराई से उत्पन्न होती है। जब हम ध्यान के दौरान शांति की स्थिति में प्रवेश करते हैं, तब हम अपनी आत्मा के मार्गदर्शन को सबसे स्पष्ट रूप से सुन सकता हूँ। जब ब्रह्माण्ड से संकेत होता है, तो ऐसा लगता है जैसे प्रेम और समर्थन बाहर से आ रहा है और यह कभी भी हो सकता है, जरूरी नहीं कि केवल तभी हो जब हम शांति की अवस्था में हूं। कभी-कभी ब्रह्मांड हमें नई जानकारी देगा, कुछ ऐसा जो हमने खुद कभी नहीं सोचा होगा। कभी-कभी ब्रह्मांड हमें संकेतों के माध्यम से समर्थन देता है, यह आश्वस्त करता है कि हम सही रास्ते पर हैं और हम पर नजर रखी जा रही है।

जब आप इस बात पर ध्यान देते हैं कि ब्रह्मांड हमसे किस प्रकार संवाद कर रहा है, तो जीवन बहुत कम उलझन भरा हो जाता है, और हम अधिक संरक्षित और जुड़ा हुआ महसूस करने लगते हैं। लौरा लिन जैक्सन की किताब 'साइन दी सेक्रेट लैंग्वेज ऑफ दी यूनिवर्स' में कहती है कि जैसे-जैसे हम दूसरी तरफ के संकेतों को मांगना और पहचानना सीखते हैं, हम उन जगहों पर अर्थ ढूंढ़ना शुरू कर देंगे, जहां पहले केवल भ्रम था, और अंधेरा में प्रकाश देखेंगे। जब अस्तित्व के संकेतों को पहचानना शुरू करते है तो प्यार की ओर बढ़ने, खुशी के साथ रहने और जीवन को बिल्कुल नए तरीके से जीने का फैसला कर सकते हैं। हमारी समस्या दूसरी है। आंखें खुली है, फिर भी हम देखते नहीं है। हमारे चारों ओर विशाल जीवन है एक अनंत और अनवरत फिल्म का शो चल रहा है। यह ब्रह्मांड इस लीला का आनंद ले रहा है और हम शिकायतों, तनावों एवं उलझनों में घिरे हैं।

जब हम अपने विचारों में गहरे डूबे होते हैं, तो एक विचार दूसरे विचार की ओर ले जाता है। लेकिन जब हमारे दिमाग में अचानक कोई विचार आता है और ऐसा लगता है कि वह कहीं से आया है, तो हो सकता है कि ब्रह्मांड आपसे बात कर रहा हो। कभी-कभी विचार किसी गीत, किसी पुस्तक के शीर्षक या किसी नाम के बारे में हो सकता है, और आपको गीत गाने, या पुस्तक के शीर्षक के बारे में जानने, या किसी व्यक्ति से संपर्क करने के लिए प्रेरित महसूस होगा। हम अचानक किसी नए विचार से प्रेरित महसूस कर सकते हैं। हमारे भीतर एक मजबूत प्रेरणा होती है कि हमें इस विचार पर कार्य करने की आवश्यकता है, और केवल विचार पर कार्य करके ही हमारा दिल शांति महसूस कर सकता है। कई बार हमारी आँखें हमारा मार्गदर्शन करती है और हमारा ध्यान किसी खास चीज की ओर खींच रही होती हैं। हमारी आँखें आपको जिस चीज की ओर आकर्षित कर रही हैं, वह ब्रह्मांड की ओर से आपको ध्यान देने के लिए कहने का संकेत हो सकता है।

ईश्वर सदैव ही इस जगत पर एक रहस्यमयी खिड़की खोलते हैं, जिसके माध्यम से वह मानव से संपर्क साधते है। परमहंस योगानंद की किताब 'व्हिसपर्स फ्रॉम दी इटरनिटी' में बताया गया है कि दिल की हर धड़कन में उसका ही गीत है, जो ब्रह्मांडीय हृदय से जुड़ा होता है। उससे जो भी संकेत मिलता है, मैं उसे चमत्कार मानता हूँ क्योंकि यह स्रोत से सीधा संबंध है। जब हम कोई संकेत देखते हैं, तो स्रोत वहीं होता है जो हमसे संवाद करता है, मेरा मार्गदर्शन करता है। जब हमको ऐसा लगता है कि 'यह सही है' या 'कुछ गलत है' या 'मेरा हर हिस्सा ऐसा करना चाहता है', तो यह ब्रह्मांड की ओर से एक स्पष्ट संकेत है। इसके अलावा, जब आप कोई संदेश सुनते हैं या किसी पुस्तक में कुछ पढ़ते हैं जो आपके साथ गहराई से जुड़ता है और आपको पता नहीं क्यों, लेकिन यह सही और सत्य लगता है, तो यह आपकी आंतरिक सच्चाई का जागृत होना है।

ब्रह्मांड हमारी जरूरतों को हमसे पहले ही जान लेता है। आपको बस संकेतों पर ध्यान देना है और भरोसा रखना है कि हमको हर कदम पर मार्गदर्शन और सहायता मिल रही है। वास्तव में, यह हमारी अपनी आत्मा है जो हमको उस जगह तक ले जाता है जहाँ हमको होना चाहिए। टैमी मैस्ट्राबर्टे की किताब दी यूनिवर्स इज टॉकिंग टू यूह्ल में ब्रह्मांडीय संकेतों को कैसे समझा जाए, हमारे विश्वास को कैसे पुष्ट किया जाए। इस पर विस्तार से चर्चा करती है। वह ब्रह्मांड और आत्मा के दायरे के साथ प्रतिध्वनित होनेवाले उच्च कंपन तक पहुंचने के लिए एक शक्तिशाली पांच चरणीय प्रक्रिया साझा करती है। इसमें एक मजबूत आंतरिक आवाज या अंतर्ज्ञान को महसूस करना होता है। इसमें इसमें बिना किसी कारण के हम कुछ जान लेते है। जब हम जीवन में सार्थक संयोग या दोहराव का पैटर्न देखते है, तो यह दैवीय संकेत होता है। सक्रिय अवलोकन तीसरा चरण है। इसमें हम अपने आसपास के वातावरण के प्रति अधिक सजग होकर संभावित छिपे संदेश की तलाश करते हैं। चैथा तरीका अपनी अंतःप्रज्ञा पर भरोसा करना सीखते है।

और अंतिम तरीका है कि जब हम जानबूझकर अपने सामने आनेवाले संकेतों और संयोगों की व्याख्या करने का प्रयास करते हैं। इसके लिए ध्यान और माइंडफुलनेस अभ्यास के माध्यम से सूक्ष्म संकेतों प्रति अपनी जागरूकता बढ़ाते हैं। जीवन में दुख से उबरने का एकमात्र तरीका है कि हम अपनी चेतना को उच्च स्तर पर उठाए। हम इसलिए कष्ट उठाते है क्योंकि चीजें हमारी सोच से अलग होती है। योगानंदजी कहते है कि सभी मानवीय बीमारियों का मूल इलाज हर जगह एक ही है- अपनी चेतना को बढ़ाना। जब चेतना को सही दृष्टिकोण से बढ़ाने की कला हम सीख जाते हैं, तब इस जगत के हरेक कार्य में ईश्वरीय छवि की अनुभूति होती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अलग बात

पायलट परियोजना से राष्ट्रीय स्तर तक : एनएचएआई की दूरदृष्टि

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'
बड़वानी (म.प्र.)

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक दूरगामी और नवाचारी पहल शुरू की है। यह परियोजना केवल सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि पशु कल्याण, पर्यावरण संतुलन और सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ावा देती है। आवारा पशुओं की अनियंत्रित उपस्थिति वर्षों से दुर्घटनाओं का बड़ा कारण रही है, और इसे नियंत्रित करने के लिए यह पहल समय की मांग है। एनएचएआई ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 334 (एनएच-334 बी) को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना है। यह क्षेत्र आवारा पशुओं की गतिविधियों और उनसे उत्पन्न जोखिमों के लिए संवेदनशील माना गया है। परियोजना के तहत 0.21 से 2.29 हेक्टेयर भूमि में पशु आश्रय स्थलों का निर्माण किया जा रहा है। इन स्थलों का उद्देश्य आवारा पशुओं को सड़क से दूर रखना और उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। इस योजना को अन्य प्रमुख राजमार्गों, जैसे एनएच-334-बी, एनएच-148-बी, एनएच-21 और एनएच-112 तक विस्तारित किया जा रहा है। संवेदनशील खंड, जैसे खरखौदा और हांसी बाईपास, को प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि यहां दुर्घटनाओं की संभावना अधिक है। इसके लिए मेसर्स गवर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया है, जिसमें निर्माण और रखरखाव की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए संरचनात्मक और तकनीकी उपायों का सहारा लिया गया है। सड़क के किनारे मजबूत बाड़बंदी स्थापित की जा रही है, ताकि पशु सड़क पर प्रवेश न कर सकें। यह बाड़बंदी पर्यावरण के अनुकूल सामग्री से बनाई जा रही है, जिससे प्राकृतिक संतुलन प्रभावित न हो। तकनीकी उपायों में ड्रोन और सेंसर तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, जो पशुओं की गतिविधियों की निगरानी करेंगे। इसके अतिरिक्त, पशुओं के कानों में ट्रैकिंग चिप्स लगाए जा रहे हैं, ताकि उनकी स्थिति और संभावित खतरों का आकलन किया जा सके। घायल पशुओं को त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए विशेष एंबुलेंस सेवाएं शुरू की जा रही हैं। हर 50 किलोमीटर पर प्राथमिक चिकित्सा केंद्र और पशु अस्पताल स्थापित किए जा रहे हैं, जहां प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती होगी। पशु आश्रय स्थल इस परियोजना का मुख्य आधार हैं। इन स्थलों पर आवारा पशुओं के लिए पर्याप्त चारा, पानी और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। आश्रय स्थलों को एक संरक्षित वातावरण के रूप में विकसित किया गया है, जहां पशुओं की नियमित जांच और देखभाल सुनिश्चित की जा सके। इनका संचालन और रखरखाव दीर्घकालिक रूप से मेसर्स गवर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह पहल स्थिर और प्रभावी रहे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

देश की बात

चुनावी पारदर्शिता का अभाव लोकतंत्र बनाम राजतंत्र



सनत जैन

भारत का लोकतंत्र, अपनी विविधता और पारदर्शिता के लिए जाना जाता है। संविधान के अंतर्गत संवैधानिक संस्थाओं का गठन हुआ था न्यायपालिका संवैधानिक संस्थाओं विधायिका और कार्यपालिका के सभी कार्यों की संवैधानिक एवं कानूनी समीक्षा कर निर्णय देती थी लेकिन पिछले 10 वर्षों में धीरे-धीरे संवैधानिक संस्थाएं और न्यायपालिका सरकार के ऊपर निर्भर होती चली जा रही हैं, जिसके कारण वर्तमान में संविधान संवैधानिक संस्थाओं और लोकतंत्र को बचाए रखना बड़ा मुश्किल नजर आ रहा है। चुनाव आयोग आज सबसे ज्यादा सवालों के घेरे में है न्यायपालिका ने पिछले 10 वर्षों में जिस तरह से सरकार के पक्ष में निर्णय दिए हैं उसके कारण न्यायपालिका की विश्वसनीय और साख भी कमजोर हुई है अब तो लोकसभा और राज्यसभा की आसंदी भी विवादों के घेरे में है। ऐसी स्थिति में चुनाव प्रक्रिया, जो लोकतंत्र की रीढ़ की हड्डी की तरह है, उसमें गड़बड़ी, पारदर्शिता की कमी और चुनाव आयोग को लेकर अविश्वास से लगातार चिंताएं बढ़ने लगी हैं। हाल ही में चुनाव आयोग और कानून मंत्रालय द्वारा जो नए संशोधन किए गए हैं। इन संशोधनों ने चुनाव आयोग की स्थिति को और अविश्वसनीय बना दिया है। विशेष रूप से हाल ही में कानून मंत्रालय द्वारा रूल 93/2 में किए गए संशोधन के बाद चुनावी दस्तावेजों को सार्वजनिक निरीक्षण से दूर कर दिया गया है। जिससे चुनावों की निष्पक्षता को लेकर जो गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं उसके बाद इसमें नया विवाद पैदा हो गया है। हाल ही में हरियाणा और मुंबई हाईकोर्ट द्वारा चुनाव आयोग को लेकर कुछ आदेश जारी किए गए थे। उनसे बचने के लिए यह संशोधन लाए गए हैं। जिसके कारण देश में एक बार फिर चुनाव आयोग और केंद्र सरकार की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। ईवीएम और वीवीपैट जैसे मुद्दे पर पहले से ही विपक्ष और नागरिक, समाज द्वारा न्यायपालिका में लड़ाई लड़ी जा रही है। लेकिन न्यायपालिका द्वारा सरकार और चुनाव आयोग के पक्ष में निर्णय किए जा रहे हैं। यहां तक कि चुनाव आयोग की पुरानी परंपरा और नियमों को दरकिनार करते हुए इस तरह के आदेश न्यायपालिका से जारी हो रहे हैं, जिसके कारण नागरिकों और राजनीतिक दलों में चिंता बढती ही जा रही है। अब केंद्र सरकार द्वारा चुनाव आयोग को अपार अधिकार देकर, उसे किसी भी प्रश्न से अछूता रखने तथा संवैधानिक जवाबदेही से बचाने का प्रयास किया गया है। इससे न केवल चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता पर खतरा पैदा हो गया है, बल्कि जनता के विश्वास पर भी कुठाराघात हुआ है। कानून मंत्रालय ने यह संशोधन ऐसे समय पर किया है, जब चुनाव आयोग कटघरे में खड़ा हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बोधि वृक्ष

मरते हुए मनुष्य की चेतना अचानक भौतिक शरीर के भार से, श्वास की आवश्यकता से, और शारीरिक कष्ट से मुक्ति का अनुभव करती है। आत्मा एक अत्यधिक शान्तिपूर्ण, अस्पष्ट, धुँधले प्रकाश वाली सुरंग में से ऊपर जाने के भाव का अनुभव करती है।

मृत्यु को समझना

श्री श्री परमहंस योगानंद

इसके पश्चात वह सूक्ष्म जगत के किसी जीवन के क्षेत्र में जागता है: मेरे पिता के धाम में बहुत महल हैं। मैं स्वर्ग में कभी विश्वास नहीं कर सका, एक नए शिष्य ने कहा। क्या वास्तव में कोई ऐसा स्थान है? हाँ, परमहंस योगानन्दजी ने उत्तर दिया। जो ईश्वर से प्रेम करते हैं और उन पर विश्वास रखते हैं वे मृत्यु के उपरान्त वहाँ जाते हैं। उस सूक्ष्म जगत में व्यक्ति के पास किसी भी वस्तु को मात्र विचार से तत्काल प्रकट करने का सामर्थ्य होता है। सूक्ष्म शरीर झिलमिलाते प्रकाश का बना होता है। उन लोकों में ऐसे रंग और ध्वनियाँ होती हैं जिनके बारे में पृथ्वीवासियों को कुछ पता नहीं है। यह एक सुन्दर और आनन्ददायक जगत है। मृत्यु अन्त नहीं है, अपितु परिवर्तनशील पदार्थ के स्थूल क्षेत्र में भौतिक अनुभूतियों से बहुरंगी किरणों के सूक्ष्म जगत के पवित्र आनन्दों की ओर स्थानान्तरण है। सूक्ष्म जगत असीम सुन्दर, स्वच्छ, शुद्ध और सुव्यवस्थित है, (श्री युक्तेश्वरजी ने कहा)। वहाँ कोई निर्जीव ग्रह या बंजर भूमि नहीं है। खरपतवार, जीवाणु, कीड़े-मकोड़े, साँप आदि पृथ्वी के अभिशाप वहाँ नहीं हैं। सूक्ष्म जगत में पृथ्वी की भाँति परिवर्तनशील और अनिश्चित जलवायु एवं ऋतुएँ नहीं हैं। वहाँ सदैव चिर वसन्त ऋतु की समशीतोष्ण जलवायु रहती है और यदा-कदा ज्योतिर्मय हिमपात होता है तथा बहुरंगे प्रकाश की वर्षा होती है। सूक्ष्म जगत के ग्रहों पर स्फटिक जल की झीलें, उज्जवल समुद्र तथा इन्द्रधनुषी नदियाँ प्रचुर मात्रा में हैं।

(क्रमशः)

फेसबुक वॉल से

साहित्य संचय · Follow
4d



1.1k 7 comments 131 shares

X से

Ñéèrãj Bhāwârîyā · Follow
6d
माता-पिता

24k 520 comments 727 shares

आज का दोहा

कंधे पर बैठा हुआ, प्रश्नों का बैताल।
विक्रम ने उत्तर दिया, फिर भी उठे सवाल।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

आपकी बात

सरदार से असरदार बनने वाले मनमोहन सिंह थे संयोग के बादशाह

केदारनाथ दास
बसिया।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह का गत 26 दिसंबर 2024 को नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। संयोग देखिए, यह वही छब्बीस तारीख है जब सितंबर 1932 को पाकिस्तान के चकवाल में जन्म लेनेवाला एक सरदार नई दिल्ली के शासक बनने के संयोग का बखूबी निर्वहन करता नजर आया। यह पहला मौका नहीं था जब 92 वर्षीय सरदार मनमोहन सिंह की पूरी जिंदगी को संयोगों के आईने में अपनी तस्वीर ढूंढते हुए देखा गया। संयोगों के बात की शुरूआत करें तो इनके सार्वजनिक जीवन की कहानी खुद में किसी संयोग से कम नहीं रहा। कांग्रेस सरकार को दस वर्षों तक सफल नेतृत्व देनेवाला यह शख्सियत भाजपा के अटल बिहारी वाजपेयी की खोज थे तो कांग्रेस के इस दिग्गज को स्व.राजीव गांधी ने कभी जोकर की उपाधि से नवाजने का काम किया था। बात 1986 की है। तब स्व.राजीव गांधी भारत के प्रधानमंत्री थे और तत्कालीन योजना आयोग के उपाध्यक्ष डॉ.मनमोहन सिंह ने उनके सामने भारत के विकास को लेकर एक प्रेजेंटेशन की पेशकश की थी। अगले दिन जब राजीव से इस संबंध में सवाल किया गया तो उन्होंने योजना आयोग को जोकर आयोग कहकर डॉ.सिंह को कठघरे में लाकर खड़ा कर दिया। वर्ष 1991 में एक दूसरे संयोग के साथ उनका नाम जुड़ा जब तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिम्हा राव ने मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री बनाने का फैसला लिया। देश की आर्थिक स्थिति उस वक्त काफी खराब थी। इस दौरान डॉ.मनमोहन सिंह ने बहुचर्चितआर्थिक उदारीकरण का बजट पेश किया। इसमें लाइसेंस राज खत्म करने और निवेश को बढ़ावा देने घोषणा की गई। संयोग देखिए, मनमोहन के इस ऐलान का सबसे अधिक विरोध कांग्रेस के सांसदों ने ही किया और कांग्रेसी अखबार नेशलन हेराल्ड ने इसे मिडिल क्लास पर चोट बताते हुए उन्हें कठघरे में खड़ा करने में कोई कसर बाकी नहीं रखा।

एक संयोग का गवाह वर्ष 1992 भी बना जब भरे सदन में अटल बिहारी वाजपेयी ने मनमोहन सिंह और उनकी सरकार की खूब आलोचना की। अटल जी के इन कड़वे शब्दों को उन्होंने दिल पर ले लिया और नरसिम्हा राव के सामने इस्तीफे के पेशकश कर दी। इससे नरसिम्हा राव भी असहज हो गए और उन्होंने वाजपेयी जी से इसके समाधान की गुहार लगाई। संयोग देखिए, वाजपेयी जी खुद डॉ.मनमोहन सिंह से मिलने गए और उन्हें समझाया कि विपक्ष का काम ही सरकार की नीतियों की कमियों को उजागर करना है और ऐसी बातों को पर्सनल लेने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। विरोध में खड़े अटल जी की बात मानते हुए डॉ.मनमोहन सिंह ने अपना मन बदला, अपना इस्तीफा वापस लिया और एक नये संयोग की मिसाल कायम की। संयोगों की इस कड़ी में यह दावा किया जाता है कि उन्हें प्रधानमंत्री की कुर्सी तो मिली पर परन्तु तत्संबंधी शक्ति से सदैव वंचित रहे। यह कहानी 2004 की है जब तथाकथित तौर पर सोनिया गांधी ने डॉ.मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री की कुर्सी सौंपी। डॉ.मनमोहन सिंह के सलाहकार संजय बारू की पुस्तक 'एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर' की मानें तो प्रधानमंत्री डॉ.सिंह अपनी पसंद से वित्त मंत्रालय को खुद अपने पास रखना चाहते थे परन्तु कांग्रेस हाईकमान के दबाव की वजह से यह कुर्सी उन्हें पी.चिदंबरम को देनी पड़ी। देश के प्रधानमंत्री की पसंद से कैबिनेट न बनने की खबरें तब सुर्खियां बटोर रही थी और डॉ.सिंह के समक्ष मौन साक्षी बनकर चुप्पी साधने का कोई विकल्प नहीं था। उल्लेखनीय है कि डॉ.मनमोहन सिंह को उस संयोग का भी गवाह माना जाता है जिसमें उनके सामने ही एक सांसद ने उनके द्वारा प्रस्तुत किसी आध्यादेश को फाड़कर फेंकने का दुस्साहस कर दिखाया।

यह घटना वर्ष 2013 की है जब राजनीति में अपराधियों के प्रवेश को रोकने के लिए सुनाये गए एक फैसले के आलोक में कांग्रेस की सरकार के द्वारा अध्यादेश लाने का फैसला लिया गया। यह सही है कि यह एक विरोधाभासी आध्यादेश था। मीडिया, विपक्ष व कुछ एक्टिविस्टों ने इस अध्यादेश का पुरजोर विरोध भी किया परन्तु अपने ही दल के एक सांसद राहुल गांधी के द्वारा जब सरेआम इसकी प्रति फाड़कर जो नजीर पेश की तब उसे एक दुर्लभ संयोग माना गया। 'असरदार' और 'सरदार' जैसे विशेषणों व तानों के बीच तब उन्हें 'मौनमोहन' की उपाधि तक दे दी गई। ऐसा भी तब जबकि सबसे काबिल प्रधानमंत्री होने के बावजूद पूरे सार्वजनिक जीवन काल में उन्हें सबसे बेवश राजनेता बने रहने के संयोग का पर्याय भी माना जाता रहा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

महाकुंभ 2025 : तंबू नगर की अब हर तरफ हो रही चर्चा



एजेंसी। महाकुंभ नगर

प्रयागराज में तंबुओं का नगर बस चुका है। शासन प्रशासन महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए प्रयासरत है। लेकिन, यह इस बार और भी विशेष है, क्योंकि यह बारहवीं बार हो रहा है। इस खासियत की कहानी गीतों की जुबानी सुनाई है एक गायिका ने।

प्रयागराज इस समय तंबुओं से सजा हुआ है और यहां एक अद्भुत तंबू नगर बस चुका है। इस नगर में हर प्रकार की सुविधाओं का ध्यान रखा गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह तंबू नगर अब एक नई पहचान बन चुका है और इसके बारे में हर तरफ चर्चा हो रही है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रयागराज के बारे में कहने के लिए मेरे पास शब्द बहुत कम हैं। मैं बस यही कह सकती हूं कि यहां आकर जो अनुभव होता है, वह अनमोल है। महाकुंभ हर 12 वर्ष में लगता है, लेकिन इस बार खास बात यह है कि यह बारहवीं बार महाकुंभ हो रहा है। बारह वर्षों में यह एक खास अवसर है, और यह और भी अद्भुत हो जाता है।

डॉ मिश्रा बोलीं, हम सभी जानते हैं कि हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मेले को और भी भव्य बनाने के लिए कितने तत्पर हैं। उन्होंने सबकी सुविधाओं का ध्यान रखा है, ताकि किसी को भी कोई परेशानी न हो। मैं सभी से अपील करती हूं कि वे यहां आकर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस अद्भुत नजारे को देखकर अपने जीवन को धन्य करें।

अजर हो गया है, अमर हो गया है, शहर तंबू का शहर हो गया है

महाकुंभ के महत्व को लेकर प्रसिद्ध पार्श्व गायिका डॉ. मेनका मिश्रा ने बातचीत करते हुए अपने विचार साझा किए। डॉ. मेनका मिश्रा ने गाना गाते हुए कहा, "अजर हो गया है, अमर हो गया है, शहर तंबू का शहर हो गया है, महाकुंभ की आस्थाओं में डूबा, ये लाखों करोड़ों का घर हो गया है मिश्रा ने कहा कि आप सब देख रहे हैं कि यह लाखों-करोड़ों का घर बन चुका है, इस समय तीर्थराज प्रयागराज, जहां पर विश्व का सबसे बड़ा मेला लगता है। यहां दुनिया भर से लोग स्नान करने के लिए आते हैं, मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आते हैं। यहां साधु-संतों के अखाड़े हैं और न जाने कितने संतों के अखाड़ों की पेशवाइयां होती हैं। संगम के किनारे जो अद्भुत दृश्य दिखाई देता है, वह सचमुच स्वर्ग से भी सुंदर है। संगम पर एक अनूठा आनंद है।

सीएम योगी के काम में दिखती है राज्य को उन्नति की ओर ले जाने की प्रतिबद्धता : स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती

महाकुंभ नगर। महाकुंभ 2025 के आयोजन और इसके लिए योगी सरकार द्वारा की जा रही अभूतपूर्व व्यवस्था पर ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की है। शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने कहा कि महाकुंभ के लिए प्रयागराज में जो विकास कार्य किए जा रहे हैं, उसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने पूर्ण लगन से इस कुंभ पर्व की व्यवस्था की है। सिर्फ कुंभ ही नहीं, प्रदेश को उन्नति के पथ पर अग्रसर करने की प्रतिबद्धता उनके क्रियाकलापों में दिखती है। सभी संत और प्रदेशवासी उन्हें धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने प्रदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। यही नहीं, उन्होंने प्रदेश और देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सनातन धर्म के प्रति लोगों को एकजुट करने के लिए भी पीएम मोदी और सीएम योगी के प्रयासों की प्रशंसा की। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रयागराज में जनवरी 2025 से शुरू हो रहे सनातन संस्कृति के सबसे बड़े समागम को भव्य और दिव्य बनाने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास कर रही है। इसके लिए छह हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि खर्च की गई है। संगम को जाने वाले रास्तों का चौड़ीकरण हो या सौंदर्यीकरण, विकास परियोजनाओं से प्रयागराज का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है। पूरे देश और दुनिया के लोग यहां पर आएंगे। सभी को संगम स्नान का पुण्य मिलेगा और उनकी मनोकामना पूर्ण होगी। इनका संज्ञान लेते हुए स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने कहा कि प्रयागराज में भव्य और दिव्य कुंभ पर्व होने जा रहा है, जो विकास के कार्य प्रदेश सरकार और सीएम योगी के मार्गदर्शन में किए जा रहे हैं, वे अभूतपूर्व हैं। बहुत अच्छी व्यवस्था की जा रही है। क्षेत्र का विस्तार भी खूब हो रहा है। सभी विभागों के कर्मचारी और अधिकारी अच्छा काम कर रहे हैं। इसके लिए सीएम योगी का साधुवाद है। हम उनके प्रति भी मंगलकामना करते हैं। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, काशी में विश्वनाथ कॉरिडोर, विंध्य कॉरिडोर समेत उत्तर प्रदेश और देश में धार्मिक स्थलों के विकास के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी का आभार जताया। दोनों हिंदू संस्कृति और संस्कार के प्रति निष्ठावान हैं। उनका प्रयास है कि हिंदू संस्कृति की जागृति हो, सभी लोग वैदिक सनातन धर्म के अंतर्गत अपने समाज, अपने राष्ट्र, अपने धर्म, अपने धर्म क्षेत्र की उन्नति में प्रयत्नशील हों।

संभल की जामा मस्जिद के निकट बन रही पुलिस चौकी

एजेंसी। संभल

उत्तर प्रदेश के संभल स्थित जामा मस्जिद के पास पुलिस चौकी बनाई जाएगी। इसके लिए पुलिस विभाग ने शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद जामा मस्जिद के निकट खाली पड़े मैदान में पैमाइश कर चूने से मार्किंग की। संभल के एएसपी श्रीश चन्द्र ने बताया कि आसपास के इलाके को देखते हुए यहां पर एक स्थायी पुलिस चौकी बन रही है। जिससे पुलिस बल आसानी से रह सके और यहां सुरक्षा व्यवस्था में कार्य कर सके। इस परिसर की संवेदनशीलता और सुरक्षा को देखते हुए यहां पर एक पुलिस चौकी जरूरी थी। इसी कारण चौकी का निर्माण किया जाएगा। इसके पहले जब पुलिस फोर्स मस्जिद के बाहर पहुंची तो मस्जिद कमेटी और आसपास के लोग अपनी जमीनों के कागजात लेकर उनके पास पहुंचे। पुलिस ने बताया कि कागजात की जांच की जाएगी। पुलिस टीम ने उस जगह की नाप की है, जहां चौकी का निर्माण किया जाना है। जिस जगह पर चौकी का निर्माण किया जाएगा, उस जगह को चूना डालकर चिह्नित किया गया है। संभल में 24 नवंबर को हिंसा हुई थी। इसके बाद से यहां पर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। हिंसा के बाद पुलिस प्रशासन एहतियाती कदम उठा रहा है। संभल में तमाम पुलिस फोर्स तैनात की गई है। इसके अलावा धर्मगुरुओं के साथ भी संवाद किया गया है। बता दें कि संभल के कई इलाकों में खुदाई की जा रही है। इस दौरान धार्मिक मान्यताओं से जुड़े कई प्रतीक चिन्ह और अवशेष मिले हैं। दूसरी तरफ फिरोजपुर गांव स्थित फिरोजपुर किले के बाहर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने का काम ग्रामीणों ने खुद ही शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने फिरोजपुर किले के प्रवेश द्वार पर किए गए अवैध निर्माण को हटा दिया है। इससे पहले प्रशासन ने पुरातत्व विभाग के अधिकारियों के साथ फिरोजपुर किले के अंदर का सर्वेक्षण किया था।

जुहैब खान ने कोयले से चित्र बनाकर मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी। अमरोहा

उत्तर प्रदेश के अमरोहा में चित्रकार जुहैब खान ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर कोयले से उनकी तस्वीर बनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जुबैर समसामयिक घटनाओं पर आधारित अपनी चित्रकारी को लेकर चर्चा में रहते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर बनाने पर उन्होंने कहा कि आज एक बुरी खबर आई कि पूर्व प्रधानमंत्री और प्रख्यात अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह हमारे बीच नहीं रहे। यह देश के लिए अपूरणीय क्षति है। देश के विकास में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। खासकर आर्थिक क्षेत्र में जिस तरह का योगदान मनमोहन सिंह ने दिया, वह अमूल्य है। इसी संबंध में मैंने कोयले से छह फीट का एक चित्र तैयार कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को 92 साल की उम्र में मनमोहन सिंह का निधन हो गया। लंबे समय उम्र संबंधी बीमारियों का उनका उपचार चल रहा था। गुरुवार शाम घर पर अचेत होने के बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया जहां रात 9.51 बजे उनका निधन हो गया। उनके निधन से देश में शोक की लहर है। केंद्र सरकार ने उनके निधन पर सात दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। इसके अलावा, अलग-अलग राज्यों की सरकारों ने भी अपने यहां शोक घोषित किया है। मनमोहन सिंह 1998 से 2004 तक राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी रहे। साल 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली जीत के बाद उन्होंने देश के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने यूपीए-1 और 2 में प्रधानमंत्री का पद संभाला था। उन्होंने पहली बार 22 मई 2004 और दूसरी बार 22 मई 2009 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।

आज का राशिफल

मेष : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

वृष : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

मिथुन : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

कर्क : सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

सिंह : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

कन्या : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

तुला : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

वृश्चिक : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

धनु : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

मकर : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

कुंभ : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

मीन : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व पीएम के आवास पहुंच श्रद्धांजलि अर्पित की

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के आवास पर उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन करने पहुंचे। उनके साथ बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया था।प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री शाह और केंद्रीय मंत्री नड्डा ने पूर्व पीएम के परिजनों संग मिल शोक संवेदना व्यक्त की। डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में रखा जाएगा, जहां आम लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद उनके अंतिम संस्कार का आयोजन राजघाट के पास किया जाएगा।

मनमोहन सिंह साल 2004 से 2014 तक दो बार प्रधानमंत्री रहे थे। उनकी गिनती देश के बड़े अर्थशास्त्रियों में होती थी। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की निधन की खबर मिलने के बाद एम्स के बाहर भारी संख्या में दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों की तैनाती की गई है। केंद्र सरकार ने 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। साथ ही शुक्रवार को होने वाले सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बेलगावी से देर रात दिल्ली पहुंचने के बाद सीधे मनमोहन सिंह के आवास गए थे। राहुल ने एक्स पर लिखा- मैंने अपना मार्गदर्शक और गुरु खो दिया। बता दें, मनमोहन सिंह 1998 से 2004 तक विपक्ष के नेता भी रहे। हालांकि, साल 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत के बाद उन्होंने देश के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने यूपीए-1 और 2 में प्रधानमंत्री का पद संभाला था। उन्होंने पहली बार 22 मई 2004 और दूसरी बार 22 मई 2009 को प्रधानमंत्री के पद की शपथ ली थी। डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को पश्चिमी पंजाब के गाह में हुआ था, जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है। उनके पिता का नाम गुरमुख सिंह और मां का नाम अमृत कौर था। उन्होंने साल 1958 में गुरशरण कौर से शादी की थी। उनकी तीन बेटियां भी हैं, जिनका नाम उपिंदर सिंह, दमन सिंह और अमृत सिंह हैं।

सोनिया, राहुल, प्रियंका गांधी ने मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री और प्रख्यात अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर उनके पार्थिव शरीर के दर्शन किए और श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी विशिष्ट सेवा और असाधारण योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री के साथ बिताए पलों को याद किया था। उन्होंने एक्स पर कहा था कि मनमोहन सिंह जी ने असीम बुद्धिमत्ता और निष्ठा के साथ भारत का नेतृत्व किया। मैं उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करता हूं। मैंने एक गुरु और मार्गदर्शक खो दिया है। प्रियंका गांधी ने भी एक्स पर पोस्ट कर डॉ. मनमोहन सिंह को याद किया था। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा था कि डॉ. मनमोहन सिंह जी जैसा सम्मान, कम ही लोगों को मिल पाता है। उनकी ईमानदारी हमारे लिए हमेशा प्रेरणा बनी रहेगी और वह हमेशा उन लोगों के बीच खड़े रहेंगे जो वास्तव में इस देश से प्यार करते हैं, एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो अपने विरोधियों द्वारा अनुचित और गहरे व्यक्तिगत हमलों के बावजूद देश की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ़ रहे।

मनमोहन सिंह का यूं जाना बहुत बड़ी क्षति, पूर्व पीएम पर कोई आरोप नहीं था: लालू यादव

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया। पूर्व पीएम की ईमानदारी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने देश की निस्वार्थ भाव से सेवा की। राजद अध्यक्ष ने कहा कि मनमोहन सिंह का यूं चले जाना बहुत बड़ी क्षति है। वह ईमानदार और निस्वार्थ नेता थे। उन्होंने देश के विकास में निस्वार्थ रूप से काम किया। हर क्षेत्र में भारत का मस्तक ऊंचा किया। वो एक ऐसे नेता थे जिन पर कोई आरोप नहीं था। पूर्व पीएम को याद करते हुए कहा कि मुझे उनके मंत्रिमंडल में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। जब मैं रेल मंत्री था, तो मनमोहन सिंह ने मेरा बहुत सहयोग किया। उनके सहयोग को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं।

1991 का बजट मील का पत्थर था, डॉ. सिंह ने अर्थव्यवस्था को बनाया उदार : सीतारमण

नई दिल्ली। शीर्ष राजनीतिक नेताओं और उद्योगपतियों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व, विनम्रता और समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक दूरदर्शी नेता थे और उन्होंने आरबीआई के गवर्नर और भारत के वित्त मंत्री के रूप में देश के बड़े कार्यभार संभाले। वित्त मंत्री सीतारमण ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, "1991 में पेश बजट मील का पत्थर था, जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था को उदार बनाया। वे सभी के द्वारा सम्मानित, मृदुभाषी और सौम्य थे।

आतिशी और केजरीवाल ने किए मनमोहन सिंह के अंतिम दर्शन

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम दर्शन के लिए शुक्रवार को उनके आवास पर राजनीतिक पार्टियों के नेताओं का तांता लगा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित तमाम दिग्गज नेता सुबह से ही वहां पहुंचने लगे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भी उनके अंतिम दर्शन किए। अरविंद केजरीवाल ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद कहा, "पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।

विनम्रता के प्रतीक थे मनमोहन सिंह, कभी सत्ता का मोह नहीं किया : हिमंता सरमा

नई दिल्ली। देश के पूर्व प्रधानमंत्री और दिग्गज अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने असाधारण विद्वान बताया है। उन्होंने पूर्व पीएम के निधन पर संवेदना जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने बेहतरीन राजनेता खो दिया है। असम के मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, "मुझे डॉ. मनमोहन सिंह जी को 1991 से जानने का सौभाग्य मिला है, जब वे असम से पहली बार राज्यसभा के लिए चुने गए थे- एक ऐसा राज्य जिसका उन्होंने 28 वर्षों तक प्रतिनिधित्व किया। उनके साथ मेरी सभी बातचीत में, उनकी सादगी और शालीनता उनके बौद्धिक कौशल के साथ हमेशा सामने आई।

डॉ पीके मिश्रा ने कहा, हमने एक प्रख्यात अर्थशास्त्री को खो दिया है

रांची। डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ पीके मिश्रा ने कहा कि हमने एक बहुत ही प्रतिष्ठित नेता, एक प्रख्यात अर्थशास्त्री और एक महान इंसान को खो दिया है। डॉ मनमोहन सिंह से जुड़ी मेरी यादें उस समय की हैं, जब वे दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स में पढ़ाते थे। उस दौर के दिग्गज प्रोफेसरों के बीच उन्हें पाना पश्चिमी ओडिशा के संबलपुर जिले से आए मेरे जैसे एक छात्र के लिए बहुत ही सुकून देने वाला था। वे दिन थे, जब अमर्त्य सेन, मृणाल दत्ता चौधरी, एएम खुसरो, केएन राज, सुखमय चक्रवर्ती, धर्म कुमार और अन्य जैसे बहुत ही प्रतिष्ठित प्रोफेसर वहां पढ़ाते थे।

रोहित शर्मा एक सीजन में सबसे कम औसत से बल्लेबाजी करने वाली सूची में दूसरे स्थान पर हैं

भारत के खिलाफ स्मिथ के सबसे ज्यादा शतक हैं

कमिंस के बीजीटी में 62 विकेट, 2024 में रोहित 10 बार सिंगल डिजिट में आउट

एजेंसी

मेलबर्न । मेलबर्न टेस्ट का दूसरा दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। टीम ने स्टीव स्मिथ के शतक की मदद से 474 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। स्टंप्स तक कंगारुओं ने भारत के 164 रन पर 5 विकेट भी गिरा दिए। टीम को अभी भी फॉलोऑन बचाने के लिए 111 रन बनाने पड़ेंगे। शुक्रवार को रिकॉर्ड की सूची में स्मिथ का नाम चर्चा में रहा। स्मिथ 34वां टेस्ट शतक लगाने वाले तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी है। कप्तान पैट कमिंस ने बीजीटी में सबसे ज्यादा विकेट ले लिए हैं। स्मिथ 34वां टेस्ट शतक लगाने वाले तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज है। उन्होंने इसके लिए 201 पारियां खेलीं। 34 टेस्ट शतक वाले 11 बल्लेबाजों में से केवल सचिन तेंदुलकर (192 पारी) और रिकी पोंटिंग (193 पारी) ही उनसे आगे हैं। बुमराह ने अपने टेस्ट करियर में अब तक 84 पारियों में गेंदबाजी की है और यह पहली बार था जब तेज गेंदबाज ने एक पारी में 99 रन खर्च किए।

इस लिस्ट में इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज माइक हेंड्रिक्स 54 पारियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। रोहित शर्मा एक सीजन में सबसे कम औसत से बल्लेबाजी करने वाली सूची में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने 2024 के 14 टेस्ट में 11.07 की औसत से 155 रन बनाए हैं।

दूसरे दिन के फैक्ट्स और टॉप रिकॉर्ड्स...

1. बीजीटी में सबसे ज्यादा शतक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में स्टीवन स्मिथ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनके इस ट्रॉफी में अब तक 10 शतक हो गए हैं। स्मिथ ने सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली 9-9 बार को पीछे छोड़ा है।

2. कमिंस बीजीटी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस अब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर बन गए हैं। कमिंस ने इस ट्रॉफी की 27 इनिंग में 62 विकेट लिए हैं। दूसरे नंबर पर पूर्व भारतीय गेंदबाज जहीर खान है, जिन्होंने 34 इनिंग में 61 विकेट लिए हैं। कमिंस ने मेलबर्न टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल को आउट किया।

3. भारत के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक स्टीव स्मिथ ने शुक्रवार को अपने करियर का 34वां शतक लगाया। यह शतक लगाते ही वह भारत के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 11 शतक लगाकर इंग्लैंड के जो रुट के 10 शतक को पीछे छोड़ा है। लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग 8 शतक के साथ तीसरे पायदान पर है।

4. स्मिथ के तीनों फॉर्मेट में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने अब तक वनडे, टी-20 और टेस्ट मिलाकर 16 शतक लगाया है। दूसरे नंबर पर 14 शतक के साथ रिकी पोंटिंग है। तीसरे नंबर पर 13 शतक के साथ इंग्लैंड के जो रुट मौजूद है।

5. टेस्ट 2024 में सिंगल डिजिट में आउट होने वाले बल्लेबाज 2024 टेस्ट सीजन में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 10 रन के कम स्कोर यानी सिंगल डिजिट पर 10 बार आउट हो चुके हैं। पहले नंबर पर कीवी गेंदबाज टिम साउदी है। वह इस साल 2024 में सिंगल डिजिट पर आउट हो चुके हैं। सूची में भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह 10 बार आउट होकर चौथे पायदान पर है।

यू मुंबा को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे पटना पाइरेट्स, दबंग दिल्ली से भिड़ेंगे

एजेंसी

पुणे। प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन की चौथी सेमीफाइनलिस्ट टीम के नाम का खुलासा हो गया है। बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में गुरुवार रात को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के एलिमिनेटर-2 मुकाबले में यू मुंबा को 31-23 से हराकर तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स चौथी सेमीफाइनलिस्ट बनी। मुंबा को घर लौटना होगा और पटना का अब सेमीफाइनल में दबंग दिल्ली केसी से सामना होगा। चौथे खिताब के लिए प्रयासरत पटना की जीत में अयान (10), देवांक (8) और गुरदीप (5) का योगदान रहा जबकि मुंबा के लिए जफरदानेश (7) और अजीत (5) ही कुछ हद तक चमक दिखा सके। पटना की टीम ने 17वीं बार प्लेआफ खेलते हुए 12वीं जीत हासिल की है।

पटना ने डिफेंस में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 7 के मुकाबले 11 अंक लेकर अंतर पैदा किया। वैसे मुंबा के डिफेंस ने अच्छी शुरुआत की और पहली रेड पर देवांक को लपक लिया। लेकिन अयान ने परवेश को बाहर कर उन्हें रिवाइव करा लिया। अजीत नेगुरदीप को बाहर किया तो देवांक ने सुनील के रूप में बड़ा शिकार कर लिया। इसके बाद पटना ने लगातार दो अंक के साथ स्कोर 4-2 कर दिया। फिर अयान ने चार के डिफेंस में लोकेश को आउट कर मुंबा के लिए सुपर टैकल आन कर दिया।

वेदांता कलिंगा लांसर्स ने एरन जालेवस्की को अपना कप्तान घोषित किया

राउरकेला। वेदांता कलिंगा लांसर्स ने टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता और तीन बार के ओलंपियन एरन जालेवस्की को अपना कप्तान घोषित किया है। कूकाबुरास के पूर्व सह-कप्तान के पास काफी अनुभव है, उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई हॉकी टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। हाल ही में सेवानिवृत्त हुए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान 30 दिसंबर को यूपी रुद्र के खिलाफ हीरो हॉकी लीग में अपने पहले मैच की तैयारी के लिए तुरंत प्रभाव से टीम की कमान संभालेंगे। वेदांता के स्वामित्व वाली कलिंगा लांसर्स में थिएरी ब्रिंकमैन और अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ कृष्ण पाठक, रोसन कुजूर और संजय जैसी उभरती हुई भारतीय प्रतिभाओं का शानदार संयोजन है।

दीप्ति के प्रदर्शन की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज को क्लीन स्वीप किया

एजेंसी

वडोदरा। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को कोटांबी स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच विकेट की जीत के साथ वनडे सीरीज में 3-0 से जीत दिलाई। उनके छह विकेट लेने और फिर शांत और नाबाद 39 रन बनाने की बदौलत भारत ने बादलों से घिरे आसमान में चुनौतीपूर्ण मैदान पर पांच विकेट से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम 162 रन पर सिमट गई। पहले ही ओवर में रेणुका सिंह ने डबल स्ट्राइक के साथ लय हासिल कर ली। कियाना जोसेफ एक हल्की टिकल पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गईं और चार गेंद बाद ही फॉर्म में चल रही हेली मैथ्यूज शानदार इन-डकर का शिकार बन गईं।

हैदराबाद एफसी के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी ईस्ट बंगाल एफसी

एजेंसी

हैदराबाद। ईस्ट बंगाल एफसी शनिवार को जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में शाम 5:00 बजे खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मेजबान हैदराबाद एफसी से भिड़ेगी, तो रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड का लक्ष्य मेजबान टीम पर अपने हालिया दबदबे को जारी रखना होगा। रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने सीजन 2023-24 में हैदराबाद एफसी के खिलाफ अपने पिछले दो आईएसएल मैच जीतकर लीग डबल पूरा किया और पिछले पांच मैचों में चार जीते हैं। ईस्ट बंगाल एफसी 12 मैचों में चार जीत, एक ड्रा और सात हार से 13 अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर है। वहीं, हैदराबाद एफसी पिछले पांच मैचों में लगातार हार रही है। हैदराबाद एफसी 12 मैचों में दो जीत, एक ड्रा और नौ हार से सात अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है।

गोल खाने की समस्या: हैदराबाद एफसी ने इस सीजन में 12 मैचों में 25 गोल खाए हैं। उन्होंने अपने पिछले पांच मैचों में ही 15 गोल खाए हैं और इस दौरान ओडिशा एफसी के खिलाफ 0-6 और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ 2-5 से हारी है। साजी की मजबूती: डिफेंसिव खामियों के बावजूद, एलेक्स साजी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करके प्रति मैच औसतन 5.8 क्लीयरेंस किए हैं।

राउरकेला में हॉकी इंडिया लीग की ऐतिहासिक वापसी के लिए मंच तैयार

राउरकेला। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 की बहुप्रतीक्षित वापसी शनिवार को दिल्ली एसजी पाइपर्स और गोनासिका के बीच मुकाबले के साथ वास्तविकता बनने जा रही है, जिसमें विश्व स्तरीय हॉकी और कड़ी प्रतिस्पर्धा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा। राउरकेला का बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम 1 फरवरी को होने वाले फाइनल तक आठ पुरुष टीमों की मेजबानी करेगा, जबकि चार महिला टीमें 12 जनवरी से 26 जनवरी तक रांची में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी।

व्यापार/लाइफ व साइंस

मनमोहन सिंह के निधन पर अर्थशास्त्रियों और उद्योगपतियों ने व्यक्त किया शोक

डॉ सिंह के सुधारों ने मुझ जैसे अनगिनत युवा अर्थशास्त्रियों को किया प्रेरित : गीता गोपीनाथ

नई दिल्ली (आईएएनएस)

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर अर्थशास्त्रियों ने शोक व्यक्त किया है। आईएमएफ की उप निदेशक गीता गोपीनाथ ने कहा कि 1991 में वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने जो आर्थिक सुधार शुरू किए, उनसे मुझ जैसे अनगिनत युवा अर्थशास्त्रियों को प्रेरणा मिली। गीता गोपीनाथ ने 'एक्स' पर कहा, डॉ मनमोहन सिंह के 1991 के बजट ने भारत की अर्थव्यवस्था को मुक्त कर दिया। उन्होंने करोड़ों भारतीयों के लिए इस क्षेत्र में संभावनाओं के द्वार खोल दिए। उनके दूरदर्शी सुधारों ने मुझ जैसे अनगिनत युवा अर्थशास्त्रियों को प्रेरित किया। प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के सदस्य संजीव सान्याल ने कहा कि उनकी पीढ़ी के भारतीय वित्त मंत्री मनमोहन सिंह और प्रधानमंत्री राव द्वारा 1991 में शुरू किए गए आर्थिक सुधारों की देन हैं। सान्याल ने कहा, जैसा कि मैंने पहले कहा है, भारत के लिए बीसवीं सदी के दो सबसे महत्वपूर्ण वर्ष 1947 और 1991 थे - एक राजनीतिक स्वतंत्रता लेकर आया और दूसरा आर्थिक स्वतंत्रता।

चार चिप मैन्युफैक्चरिंग यूनिट और तीन सुपर कंप्यूटर हुए स्थापित

भारत की स्थिति ग्लोबल टेक स्टेज पर हुई मजबूत

नई दिल्ली (आईएएनएस)

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2024 में ग्लोबल टेक स्टेज पर भारत की स्थिति मजबूत हुई। चार नई सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट और तीन 'परम रुद्र' सुपर कंप्यूटर लगाए गए हैं। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (टीईपीएल) के भारत में 91,526 करोड़ रुपये के निवेश से सेमीकंडक्टर फैब सुविधा स्थापित करने के प्रस्ताव को फरवरी 2024 में मंजूरी दी गई थी।

पीएसएमसी, ताइवान के साथ टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप में फैब सुविधा स्थापित की जाएगी। परियोजना की उत्पादन क्षमता लगभग 50,000 वेफर स्टार्ट प्रति माह (डब्ल्यूएसपीएम) होगी। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (टीईपीएल) के भारत में 27,120 करोड़ रुपये के एक दूसरे निवेश से ओएसएटी सुविधा स्थापित करने के प्रस्ताव को भी उसी महीने मंजूरी दी गई थी। इस सुविधा में स्वदेशी सेमीकंडक्टर पैकेजिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा, जिसकी उत्पादन क्षमता 48 मिलियन प्रतिदिन होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अनुसार, फरवरी 2024 में सीजी पावर एंड इंडस्ट्रीयल सॉल्यूशंस लिमिटेड के 7,584 करोड़ रुपये के निवेश से भारत में ओएसएटी सुविधा स्थापित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई थी। यह सुविधा रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स अमेरिका, यूएस और स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक, थाईलैंड के साथ संयुक्त उद्यम साझेदारी के रूप में स्थापित की जाएगी।

इस सुविधा के लिए तकनीक रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन, जापान और स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक, थाईलैंड द्वारा प्रदान की जाएगी, जिसकी उत्पादन क्षमता लगभग 15.07 मिलियन यूनिट प्रतिदिन होगी। वायर बांड इंटरकनेक्ट, सब्सट्रेट आधारित पैकेजों के लिए गुजरात के साणंद में आउटसोर्स सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्ट (ओएसएटी) सुविधा स्थापित करने के लिए केनेस टेक्नोलॉजी इंडिया लिमिटेड (केटीआईएल) के प्रस्ताव को सितंबर में मंजूरी दी गई थी। यह सुविधा 3,307 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की जाएगी। इस सुविधा में प्रतिदिन 6.33 मिलियन से अधिक चिप्स बनाने की क्षमता होगी।

तीन सुपर कंप्यूटर में 'परम रुद्र' शामिल



26 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए तीन 'परम रुद्र' सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए। नेशनल सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के तहत विकसित ये सुपरकंप्यूटर नई दिल्ली (3 पेटाफ्लॉप) में इंटर-यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर (आईयूएसी), पुणे (1 पेटाफ्लॉप) में नेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोफिजिक्स (एनसीआरए) में जायंट मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी) और कोलकाता (838 टेराफ्लॉप) में एस.एन. बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज में स्थापित किए गए हैं। ये सुपरकंप्यूटर भारत में युवा वैज्ञानिकों के लिए शोध क्षमताओं को आगे बढ़ाएंगे, जिससे फिजिक्स, अर्थ साइंस, कॉसमॉलोजी में एडवांस स्टडी की सुविधा मिलेगी। ये सुपरकंप्यूटर देश भर के 200 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों और रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रयोगशालाओं के 1,700 से अधिक पीएचडी विद्वानों सहित 10,000 से अधिक शोधकर्ताओं की सुविधा प्रदान करते हैं। सरकार के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट और सेमीकंडक्टर के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीईसीएस) के तहत नौ परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनसे 15,710 लॉब जनरेट होने की उम्मीद है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीदिशा) के तहत 6.39 करोड़ व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है, जो 6 करोड़ के लक्ष्य से अधिक है।

सेंसेक्स 78,699 स्तर पर पहुंचा

मुंबई (आईएएनएस)। घरेलू बेंचमार्क सूचकांक शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी पर फार्मा, ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, एफएमसीजी, मीडिया और प्राइवेट बैंक सेक्टरों में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 226.59 अंक या 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,699.07 पर बंद हुआ और निफ्टी 63.20 अंक या 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,813.40 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 140.60 अंक या 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,311.30 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 145.90 अंक या 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,979.80 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 27.20 अंक या 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,755.85 पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,946 शेयर हरे और 2,026 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि 115 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बाजार के जानकारों के अनुसार, क्रिसमस सप्ताह का कारोबार सुस्त नोट पर समाप्त हुआ। प्रमुख ट्रिगर्स की कमी और अमेरिकी रिपब्लिकन पार्टी प्रशासन के शपथ ग्रहण से पहले सतर्कता ने धारणा को प्रभावित करना जारी रखा।

एनपीए में आई कमी, तेजी से बढ़ रहा मुनाफा : वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली (आईएएनएस)

वित्त मंत्रालय ने अपनी वार्षिक समीक्षा में कहा कि स्ट्रेस्ड अकाउंट्स के समाधान, पुनर्पूंजीकरण और बैंकों में सुधार लागू करने की सरकार की नीति के कारण भारत के बैंकिंग सेक्टर की स्थिति काफी अच्छी हुई है। इस वजह से बैंकों के एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट) में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। साथ ही, मुनाफा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंकों का ग्रॉस एनपीए मार्च 2018 के 11.18 प्रतिशत (10.36 लाख करोड़ रुपये) के उच्चतम स्तर से घटकर जून 2024 में 2.67 प्रतिशत (4.75 लाख करोड़ रुपये) हो गया है। सरकारी क्षेत्र के बैंकों का ग्रॉस एनपीए मार्च 2018 के 14.58 प्रतिशत (8.96 लाख करोड़ रुपये) के उच्चतम स्तर से घटकर जून 2024 में 3.32 प्रतिशत (3.29 लाख करोड़ रुपये) हो गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि एसेट्स क्वालिटी में काफी सुधार आया है और इस कारण शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंकों का प्रोविजनल कवरेज रेशियो (पीसीआर) जून 2024 तक सुधरकर 92.52 प्रतिशत हो गया है, जो कि मार्च 2015 में 49.31 प्रतिशत था। ठीक इसी प्रकार, सरकारी बैंकों का पीसीआर बढ़कर जून 2024 में 93.36 प्रतिशत हो गया है, जो कि मार्च 2015 में 46.04 प्रतिशत था। प्रोविजनल कवरेज रेशियो (पीसीआर) वह रेशियो या राशि होती है, जो कि बैंक द्वारा खराब लोन से हुए नुकसान को रिकवर करने के लिए रखी जाती है।

सभी शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 3.50 लाख करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो कि वित्त वर्ष 2022-23 में 2.63 लाख करोड़ रुपये था। सभी सरकारी बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 में अब तक का सबसे अधिक 1.41 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है।

भारत के बैंकिंग सेक्टर की स्थिति हुई मजबूत

क्या है एनपीए : एनपीए वह लोन है, जिसने बैंकों के लिए एक निश्चित अवधि के लिए मूल राशि पर आय या ब्याज पैदा नहीं की है। अगर लोन लेने वाले व्यक्ति ने कम से कम 90 दिनों तक ब्याज या मूल राशि का भुगतान नहीं किया है, तो बैंक द्वारा मूल राशि को एनपीए घोषित कर दिया जाता है।

सुजुकी मोटर के पूर्व चेयरमैन ओसामु सुजुकी का निधन

नई दिल्ली । सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष ओसामु सुजुकी का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वैश्विक ऑटो उद्योग में एक आइकन रहे जापानी ब्रांड के पूर्व अध्यक्ष ने चार दशकों से ज्यादा समय तक संगठन का नेतृत्व किया। उन्होंने 2021 में 91 वर्ष की आयु में ब्रांड के अध्यक्ष का पद छोड़ दिया था। सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष ओसामु सुजुकी के सबसे बड़े बेटे तोशीहिरो सुजुकी के हवाले से जारी बयान के अनुसार ओसामु सुजुकी की मृत्यु 25 दिसंबर को घातक लिम्फोमा से हुई।

आपसी मारपीट में पांच लोग घायल

पिछले आठ सालों से चल रहा था जमीन विवाद

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर प्रखंड के कोडुवाडी गांव में जमीन विवाद को लेकर के अपने ही परिवार में जमकर हुई मारपीट में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को परिजनों ने एमएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती करया है। घायलों में 37 वर्षीय रूमती देवी, 31 वर्षीय गायत्री देवी, 29 वर्षीय संगीता देवी, 20 वर्षीय नीतेश चौधरी का नाम शामिल है। सभी घायल खतरे से बाहर हैं। घायल संगीता देवी ने बताया कि गोतीया से जमीन का मामला पिछले 7 से 8 सालों से चल रहा है। गोतिया श्याम चौधरी के द्वारा जमीन बांट दिया गया है, लेकिन उसके बावजूद जो उसके हिस्से में जमीन दिया गया है उनके द्वारा उस पर वह बार-बार आकर के खेती करते हैं और लड़ने का तरीका ढूंढते रहते है। सुबह के समय दिनेश और रितेश घर से बाहर रोड पर स्थित महुआ के पेड़ के पास दोनों खड़े थे। इस बीच श्याम चौधरी, बबीता देवी, लालमोहन व सुदर्शन लाठी और टांगी लेकर के पहुंचे और दोनों लोगों को घेर लिया। उनके द्वारा घर पर फोन कर जानकारी दी गई तो घर से संगीता देवी तथा उनके परिवार मौके पर पहुंचे तब देखा कि श्याम चौधरी, बबीता देवी, लालमोहन, सुदर्शन द्वारा संगीता देवी के परिवार पर लाठी और टांगी से हमला किया गया। जिसमें संगीता देवी, रूमती देवी, गायत्री देवी, दिनेश, नीतेश घायल हो गए। संगीता देवी ने बताया की श्यामा चौधरी तथा उनके परिवार द्वारा मारने में उपयोग किया गया टांगी और डंडा चैनपुर थाना में जमा कर दिया गया है।

डीडीसी ने धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा की

धान क्रय में सुस्ती दिखाने वाले पैक्स डी-नोटिफाई होंगे

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में शुक्रवार को खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के तहत पैक्स/व्यापार मंडलों द्वारा किए जा रहे धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक जिला सहकारिता कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें उप विकास आयुक्त ने पिछले 12 दिनों में धान क्रय की स्थिति की जानकारी ली। डीएसओ प्रीति किस्कु ने बताया कि अब तक 41 पैक्सों से 18,683.94 क्विंटल धान का क्रय हुआ है। इस पर डीडीसी ने चिंता जाहिर की और धान क्रय प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

31 दिसंबर तक 10% से कम धान क्रय करने वाले पैक्स डी-नोटिफाई होंगे : बैठक में उप विकास आयुक्त ने उन पैक्सों की सूची मांगी जिन्होंने अब तक पांच से कम किसानों से धान खरीदा है। इनमें बिश्रामपुर, सलतुआ, हरिहरगंज पूर्वी, वीकेएसएस अग्रिफार्म एफपीओ, हुसैनाबाद व्यापार मंडल, कंडा, मोहम्मदगंज, तीसीबार कला, पचकेड़िया, उदयपुरा टू, और करकट्टा एफपीओ शामिल हैं। डीडीसी ने कहा कि यदि 31 दिसंबर तक इन पैक्सों द्वारा धान क्रय में तेजी नहीं लाई गई, तो इन्हें डी-नोटिफाई कर दिया जाएगा। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश सिन्हा और विभिन्न पैक्सों के अध्यक्ष भी उपस्थित थे।

वजन संबंधी शिकायतों पर कार्रवाई और मॉनिटरिंग सिस्टम पर जोर

डीडीसी ने निर्देश दिया कि किसी भी पैक्स से वजन संबंधी शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करने की जरूरत बताई। इसके साथ ही, सभी क्रय केंद्रों पर विजिटिंग रजिस्टर रखने और नोडल पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक बैठकें आयोजित करने की बात कही।

सामूहिक विवाह में 36 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ

इसाई धर्म विधि से विवाह संस्कार कराया गया

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड़ (लातेहार)। संत जोसेफ चर्च सहित संत जेवियर चर्च गोठगांव, पकरी पाठ, साले, चेतमा, तुन्दटोली सहित प्रखंड के सभी चर्चो में शुक्रवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। पल्ली पुरोहितों द्वारा इसाई धर्म विधि से विवाह संस्कार में समाज के नियम के अनुसार जीवन यापन के लिए विवाह सूत्र में बांधा गया एवं सामाजिक व धार्मिक अधिकार दिये गये। इस दौरान महुआडांड़ संत जोसेफ चर्च में मुख्य अनुष्ठान कर्ता फादर जोन तिर्की और फादर इमिल एक्का द्वारा मिस्सा पूजा करा के विवाह संस्कार ग्रहण कराया गया। प्रखंड में कुल 36 जोड़ों की सामूहिक शादी कराई गई। चर्च में सभी जोड़ों की पवित्र विवाह संस्कार की आशीष व महाप्रसाद ग्रहण कर पति पत्नी के रूप में एक दूसरे को जीवन साथी चुना। विवाह में आये सैकड़ों लोगों ने जोड़ो को बधाई दी।

मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए अपूर्णीय क्षति : भीम कुमार

● पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। जिला कांग्रेस कार्यालय में भी शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनामोहन सिंह के निधन पर शोक सभा कर दिवगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुजंर उरांव ने की। मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष भीम कुमार ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह को देश के आर्थिक सुधारों का जनक कहा जाता है। उनका निधन देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्हें एक महान अर्थशास्त्री के रूप मे जाना जाता है। उन्होंने वन अधिकार, मनरेगा व सूचना का अधिकार जैसे कई कानून देकर देश को सशक्त बनाने में अहम भूमिका अदा की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मनमोहन सिंह ने देश की बिगड़ी हुई अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाकर मजबूत करने का कार्य किया था। उनका कार्यकाल देश के लिए यादगार रहेगा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक सरल, विनम्र व दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी थे। डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री समेत कई अन्य पदों पर रहकर देश के कई मामलों मे देश को सशक्त बनाने का काम किया। विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव ने कहा कि देश मनमोहन सिंह के किए गए कार्यों को कभी नहीं भूलेगा। उनका निधन देश के लिए एक बड़ी क्षति है। मौके पर महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीता देवी, जिला कांग्रेस महासचिव इमरान अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सहजाद अंसारी, मनोज पासवान, नागेश्वर यादव, गुड्डु दुबे, बसंत पासवान, देवराज यादव, सकलदीप उरांव, राजीव कुमार बग्गा, धनंजय यादव, ललित उरांव, मनजीत यादव व पंकज उरांव समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे।

सीए फाइनल परीक्षा में रीतिका पांडेय ने पहले प्रयास में सफलता पाई

यूट्यूब से की तैयारी, पलामू का बढ़ाया मान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। दृढ़ इच्छाशक्ति और कड़ी मेहनत से हर मुश्किल को पार किया जा सकता है। यह साबित कर दिखाया है मेदिनीनगर के श्रीराम पथ निवासी सुशील पांडेय और सविता पांडेय की बेटी रीतिका पांडेय ने। रीतिका ने पहले प्रयास में ही चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की परीक्षा पास कर पलामू जिले का नाम रोशन किया। उनकी इस सफलता पर परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है।



मध्यम वर्गीय परिवार से आई रीतिका

रीतिका मूल रूप से विश्रामपुर प्रखंड के भंडार गांव की निवासी हैं। उनके दादा पृथ्वी नाथ पांडेय सिविल कोर्ट में कार्यरत थे। पिता सुशील पांडेय भोजपुरी गायक हैं साथ ही व्यवसाय करते हैं, जबकि माता सविता पांडेय गृहिणी हैं। रीतिका दो भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं। उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई जीजीपीएस स्कूल, जमुने से की और 12वीं रांची के जेवीएम श्यामली से पूरी की। इसके बाद रीतिका ने सीए की पढ़ाई रांची से ही की।

प्रथम प्रयास में पास की हर परीक्षा

रीतिका ने बताया कि उन्होंने 2019 में सीए फाउंडेशन की परीक्षा पहले प्रयास में पास की। इसके बाद इंटरमीडिएट से लेकर फाइनल परीक्षा तक में उन्होंने प्रथम प्रयास में ही सफलता पाई। तीन साल की आर्टिकलशिप पूरी करने के बाद उन्होंने सीए की फाइनल परीक्षा में भी सफलता हासिल की। रीतिका अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों के मार्गदर्शन और अपने कठिन परिश्रम को देती हैं।

यूट्यूब से की तैयारी

रीतिका ने बताया कि उन्होंने बिना किसी कोचिंग के, यूट्यूब की मदद से परीक्षा की तैयारी की। इस दौरान मानसिक दबाव का सामना करना पड़ा, लेकिन माता-पिता के प्रोत्साहन से वह डटी रहीं। उनका मानना है कि सीए की परीक्षा कठिन जरूर है, लेकिन नियमित मेहनत से इसे पास किया जा सकता है। रीतिका का अगला लक्ष्य आईएएस बनना है।

आपसी विवाद में महिला घायल, एफआईआर दर्ज

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के बैरिया स्थित टीवी टावर के वार्ड 3 में एक आपसी विवाद में संध्या देवी (36), पति पप्पू प्रसाद गुप्ता, घायल हो गईं। संध्या देवी ने बताया कि उनके घर और बसंत साव के घर के बीच की दीवार में बड़ा छेद है, जिससे उनके घर की ओर झांका जाता है। जब उन्होंने इसका विरोध करते हुए छेद बंद करने को कहा, तो बसंत साव, रेणु देवी, ब्यूटी कुमारी और खुशबू कुमारी ने दीवार तोड़कर उन पर हमला कर दिया। हमले में संध्या देवी के सिर और पैर में चोट आई। उन्होंने बताया कि पहले भी बसंत साव के परिवार द्वारा इसी तरह की हरकत की जा चुकी है, जिसके बाद एफआईआर दर्ज करवाई गई थी और आरोपी को गिरफ्तार भी किया गया था। इसके बावजूद आरोपी जानबूझकर विवाद का कारण ढूंढते रहते हैं। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

रिशव राज ने सीए की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया

इटखोरी (चतरा)। इटखोरी प्रखंड निवासी सीमेंट व्यवसाई ब्रजेश कुमार सिंह के पुत्र रिशव राज ने सीए की फाइनल परीक्षा में क्वालीफाई कर जिले का नाम रोशन किया है। वह मंधनिया निवासी रामरक्षा सिंह और सेवानिवृत शिक्षक मीरा देवी के पोते हैं। उसने पहली बार में ही चार्टर्ड अकाउंटेंट का फाइनल परीक्षा में सफलता हासिल किया है। रिशव राज का रिजल्ट गुरूवार को जारी किया गया। जिसमें रिशव ने 600 में से 349 अंक प्राप्त कर पहले प्रयास में ही परीक्षा में उत्तीर्ण हो क्वालीफाई कर जिले के साथ-साथ अपने परिजनों का नाम रौशन किया है। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा मुनअम पब्लिक स्कूल से प्राप्त करने के बाद सेंट जेवियर्स स्कूल हजारीबाग से पढ़ाई की। वह केपीएमजी दिल्ली में कार्यरत हैं। रिशव राज ने सफलता का श्रेय दादा-दादी व मम्मी-पापा को दिया है। रिशव के सफलता से परिजनों व गांव के साथ पूरे प्रखंड में खुशी का माहौल है।

40 साल का सफर थमा: अखबार विक्रेता अंबिका प्रजापति का आकस्मिक निधन

मेदिनीनगर। पाटन प्रखंड के बंजारी गांव निवासी अंबिका प्रजापति का गत रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। वह पिछले 40 वर्षों से पाटन क्षेत्र में अखबार विक्रेता के रूप में कार्यरत थे। गत शाम तबीयत बिगड़ने पर उन्हें स्थानीय झोलाछाप चिकित्सक से इलाज कराया गया, लेकिन इलाज के तुरंत बाद उनका निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। अंबिका प्रजापति ने 1985 से लेकर अपने अंतिम समय तक समाचार पत्रों को गांव-गांव और घर-घर पहुंचाने का काम किया। उनके समर्पण और मेहनत ने उन्हें क्षेत्र में एक पारिवारिक सदस्य जैसा स्थान दिलाया था। उनके निधन पर समाजसेवी व पूर्व जिला पार्षद मुक्तेश्वर पांडे, विनय पांडे, अखिलेश कुमार सिंह, सतीश कुमार यादव, राजेश्वर प्रसाद सिंह (उर्फ राजू सिंह), रमेश सिंह (उर्फ भोला सिंह), पाटन थाना प्रभारी लालजी, अशोक सोनी, विनोद प्रसाद और वर्तमान जिला पार्षद जयशंकर कुमार सिंह (उर्फ संग्राम सिंह) ने गहरा शोक व्यक्त किया। अंबिका प्रजापति की पत्नी का देहांत चार साल पहले ही हो गया था। उनके परिवार में दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं, जिनमें से दोनों पुत्रियां और एक पुत्र विवाहित हैं। दोनों पुत्र बाहर मजदूरी करते हैं। आज उनका अंतिम संस्कार स्थानीय जिनजोई नदी श्मशान घाट पर किया गया। क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक राधाकृष्ण ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

झामुमो जिलाध्यक्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया

मेदिनीनगर। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत ने डॉ. मनमोहन सिंह के रूप में एक महान रत्न खो दिया है। वे विद्वान और सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। भारत की अर्थव्यवस्था में उदारीकरण जैसे ऐतिहासिक सुधार उनके दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह केवल एक राजनीतिज्ञ नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निमार्ता और उसकी आकांक्षाओं के प्रतीक थे। उनके योगदान भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था में हमेशा अविस्मरणीय रहेंगे। श्री सिन्हा ने उनकी विद्वता और वैश्विक प्रतिष्ठा का जिक्र करते हुए कहा, जब वे बोलते थे, तो विश्व के बड़े नेता भी ध्यान से सुनते थे।

क्रिसमस पर बच्चों के बीच पाठ्य सामाग्री व चॉकलेट बांटी

मेराल। क्रिसमस को लेकर सु समाचार सभा का आयोजन किया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की पत्नी मीरा देवी उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि मीरा देवी, विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया। मौके पर बड़ी संख्या में महिला पुरुष तथा बच्चे शामिल थे। सभी ने सामूहिक रूप से प्रार्थना कर घर परिवार के साथ पूरे क्षेत्र में सुख शांति की कामना की।

पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर नेताओं ने शोक जताया

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन को देश की आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए कई नेताओं ने शोक जताया है। प्रदेश में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यनारायण सिंह ने उन्हें देश में आर्थिक सुधार का प्रणेता बताते हुए जवाहरलाल नेहरू के बाद उन्हें सबसे सफल प्रधानमंत्री बताया। वरिष्ठ कांग्रेसी रामजन्म राम ने कहा कि दिवंगत प्रधानमंत्री ने सदैव देशहित को सर्वोपरि रखा। जो भी जवाबदेही मिली, उसमें बेहतर काम किया। पूरा देश व पार्टी इसके लिए उनका ऋणि रहेगा। कांग्रेस सहकारिता विभाग के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन राहुल सिंह ने कहा कि मनमोहन सिंह के 10 वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेसनीत यूपीए वन व टू की सरकार में रोजगार गारंटी और शिक्षा व सूचना के अधिकार जैसे कानून देशहित में एक अमिट लकीर बन गए हैं। उन्होंने राजनीतिक और प्रशासनिक कार्य कुशलता का जो उदाहरण पेश किया है, वो इन क्षेत्रों के लिए मील का पत्थर और प्रेरणा बन गए हैं। इनके अलावा कांग्रेस के शेख अफरोज अहमद सिद्दिकी, पंचम खान, महताब सिद्दिकी और नदीम अख्तर खान ने भी उनके निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ मांगी है।

परीक्षा फॉर्म की तिथि में बड़ी चूक

मेदिनीनगर। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने बीएड सेमेस्टर 4 सत्र 2022-24 का परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी की, लेकिन इसमें गंभीर गलती सामने आई। जारी नोटिफिकेशन में परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख 2 जनवरी 2024 से 13 जनवरी 2025 तक दी गई थी। इस गलती ने विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह पहली बार नहीं है जब परीक्षा विभाग ने इस तरह की चूक की है। पूर्व में भी विभाग द्वारा नोटिस में गलतियां की जाती रही हैं, लेकिन कर्मचारी अपनी गलतियों से सीखने को तैयार नहीं हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. रवि शंकर ने स्वीकार किया कि गलती विभाग की ओर से हुई थी। उन्होंने बताया कि नोटिफिकेशन में सुधार कर नई तिथि जारी कर दी गई है। लेकिन इस घटना ने फिर से विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

नगर निगम आयुक्त ने किया आश्रय गृह का निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जताया संतोष

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। गुरुवार रात नौ बजे नगर निगम आयुक्त जावेद अहमद ने बस डिपो स्थित आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि आश्रय गृह में रुकने वाले लोगों को पर्याप्त सुविधाएं दी जा रही हैं। आयुक्त ने वहां मौजूद लोगों से बातचीत कर आश्रय गृह की व्यवस्थाओं और संचालन की जानकारी ली। साथ ही व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए।

संचालक ने बताया कि आश्रय गृह में केवल पुरुष रह रहे हैं। यहां रुकने वाले लोगों के लिए कंबल, मच्छरदानी और हीटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

उन्होंने इस बात पर इस बात पर आयुक्त ने संतोष व्यक्त किया कि जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान की जा रही है। पिछले दिनों नगर निगम ने खुले आसमान के नीचे रह रहे लोगों के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया था, जिसके तहत स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य स्थानों से कई महिलाओं और पुरुषों को आश्रय गृह में लाकर स्थान दिया गया था। हालांकि, वर्तमान में इनमें से कई लोग आश्रय गृह से बाहर जा चुके हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर प्रखंड कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गई

चिनीयां। प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सभी प्रखंड व अंचल कर्मी तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह भले ही लगातार दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे हों, लेकिन उन्हें पीवी नरसिम्हा राव सरकार कार्यकाल में वित्त मंत्री के कार्यकाल के रूप में ज्यादा याद किया जाता है। वह डॉ. मनमोहन सिंह ही थे जिन्होंने 1991 में गहरे संकट से गुजर रही भारतीय अर्थव्यवस्था को उबारा था। उस समय देश में सोशलिस्ट इकोनॉमिक सिस्टम था और गहरे संकट में था। मौके पर प्रमुख सुनैना देवी, अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव, बीपीओ रोशन कुमार, थाना के एएसआई कृष्ण प्रसाद, जेइ सुकेश कुमार, राजस्व कर्मचारी विनोद दुबे, उप प्रमुख मोहम्मद फारूक, बीडीसी सुगनी देवी, रूपा देवी, नागेंद्र सिंह, समन्वयक पंकज विश्वकर्मा, मिथिलेश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार संतोष कुमार, बीडीसी प्रतिनिधि दयानंद रवि, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

शल्य चिकित्सा

चेहरे के ज्योगोमेटिक बोन फ्रैक्चर का सफल ऑपरेशन

सर्जरी के माध्यम से चेहरे की टूटी हुई हड्डी को जोड़ कर ठीक किया

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय जपला सिटी डेंटल हॉस्पिटल में संचालक डॉ. मुकेश कुशवाहा व उनके टीम ने मरीज रुबी कुमारी (22 वर्ष) के चेहरे पर ज्योगोमेटिक बोन फ्रैक्चर के सर्जरी करने में सफलता पाई है। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चौवा चट्टान गांव निवासी रुबी की सड़क दुर्घटना में उक्त हालात उत्पन्न हो गये थे। उन्होंने कहा कि चेहरा के दायें बगल जयगोमेटिक बोन के फ्रैक्चर को निकेल-टाइटेनियम प्लेट के मदद से सर्जरी के माध्यम चेहरे की टूटी हुई हड्डी को जोड़ कर ठीक किया गया है। उन्होंने बताया कि मरीज के आंख के उपर ज्योगोमेटिक बोन तीन अलग-अलग हिस्सों में टूट गई थी। जिसको बाहर की तरफ से चेहरा के फ्रंटल बोन के साथ आंख के उपर व मुंह के अंदर मैक्सिल्लरी बोन के साथ निकेल-टाइटनियम प्लेटस की मदद से सर्जरी के माध्यम जोड़कर ठीक कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे मरीज की सफल सर्जरी हुसैनाबाद में पहली बार की गई है। इनके सर्जरी के दौरान डॉ. अमित, शुभम कुमार वर्मा, अभिषेक कुमार, सुरेन्द्र कुमार अन्य कर्मी शामिल थे।

पेज एक के शेष

71 स्मार्ट शहरों में...

रिपोर्ट में दिखाया गया है कि चेन्नई और तुमकुरु ने स्मार्ट मॉनीटरिंग सिस्टम का लाभ उठाया, अपराधों को कुशलतापूर्वक हल करने के लिए महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र करने में कानून प्रवर्तन की सहायता के लिए इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) के साथ सुरक्षा कैमरों को इकट्ठा किया। स्मार्ट मॉनीटरिंग सिस्टम के कार्यान्वयन से मजबूत सुरक्षा उपायों वाले क्षेत्रों में उत्पीड़न, हमले और अन्य अपराधों की घटनाओं में कमी आई है। इन तीन शहरों में सार्वजनिक स्थानों में महिलाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि की सूचना दी। रिपोर्ट के अनुसार, 93 स्मार्ट शहरों में 59,802 से अधिक सीसीटीवी कैमरे और इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाए गए हैं। आईसीसीसी के माध्यम से वास्तविक समय की मॉनीटरिंग सिस्टम ने महिलाओं के लिए सुरक्षित शहरी वातावरण में योगदान दिया है। रिपोर्ट के अनुसार चेन्नई का ह्यएज एनालिटिक्स फॉर क्राइम प्रिवेंशनह्ल महिलाओं की शहरी सुरक्षा में एक तकनीकी छलांग है, जिसने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्मार्ट लाइटिंग और पैनिक बटन अपराध को कम कर रहे हैं और महिलाओं के लिए सुरक्षित शहरी स्थान बना रहे हैं। आईआईएम बेंगलुरु ने स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) की एसएएआर- समीक्षा सीरीज के तहत दो अध्ययन किए और भारतीय स्मार्ट शहरों में आपराधिक गतिविधियों की घटनाओं में स्मार्ट कक्षाओं और वास्तविक समय की ट्रैकिंग के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के निष्कर्ष निकाले। नवंबर 2024 तक, एससीएम के तहत 91 प्रतिशत परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के अनुसार, एससीएम के तहत शहरों ने निवासियों की स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के लिए कई बेहतर मॉडल पेश किए हैं। मिशन के पूरा होने के करीब होने के साथ, यह जरूरी है कि किए गए अनोखे समाधानों का प्रभाव आकलन और डॉक्यूमेंटेशन किया जाए।

पंजाब में बेकाबू...

मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के साथ सीढ़ियां लगाकर नाले के पानी में फंसी बस से यात्रियों को बाहर निकाला। इस बीच नाले में जहरीली गैस के कारण यात्रियों का दम घुटने लगा। ग्रामीणों के अनुसार इस बरसाती नाले में आसपास के इलाके से सीवरेज का पानी गिरता है और कई सालों से इसकी सफाई नहीं हुई है। हदासे की सूचना पर एसएसपी अमनीत कौंडल ने बताया कि गुरु काशी ट्रांसपोर्ट की बस लोगों को लेकर बठिंडा की तरफ जा रही थी। जीवन सिंह वाला गांव के पास बस अचानक अनियंत्रित होकर नाले में पलट गई। मृतक चालक की पहचान मानसा के रहने वाले बलकार सिंह के रूप में हुई है। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बठिंडा के उपायुक्त शौकत अहमद परे के अनुसार ग्रामीणों ने राहत कार्यों में काफी सहयोग किया है। बस को क्रेन की मदद से नाले से बाहर निकाल लिया गया है। एंबुलेंस से हादसे में घायल लोगों को तलवंडी साबो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद कुछ लोगों को सिविल अस्पताल में रेफर कर दिया। हादसे को लेकर विधायक जगरूप सिंह गिल ने दावा किया है कि पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन लोगों की अस्पताल में मौत हुई हैं। जितने लोग घायल हुए हैं, उनके बेहतर इलाज के लिए आदेश दे दिए हैं।

ओबामा और मर्केल ने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था में मनमोहन सिंह की भूमिका अहम

ब्यूरो

नई दिल्ली। देश के आर्थिक सुधारों के जनक और दुनिया के बड़े अर्थशास्त्रियों में शुमार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का गुरुवार की रात को 92 साल की उम्र में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली में निधन हो गया। उनकी मौत के बाद देश के तमाम नेताओं ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। देश ही नहीं, विदेश के दिग्गज नेताओं ने भी मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा तथा जर्मनी की पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आर्थिक नीतियों की बहुत सराहना की है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा ने वर्ष 1991 के उदारीकरण प्रयासों के माध्यम से भारत को बाजार आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था में बदलने में डॉ मनमोहन सिंह की भूमिका के बारे में बात की, जबकि मर्केल ने बताया कि कैसे मनमोहन सिंह ने उन्हें विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के परिप्रेक्ष्य को समझने में मदद की।

मनमोहन सिंह सौम्य और मृदुभाषी अर्थशास्त्री थे : ओबामा

बराक ओबामा ने पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के बारे में कहा कि वे एक सौम्य, मृदुभाषी अर्थशास्त्री थे। ओबामा ने मनमोहन सिंह को भारत की अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण का श्रेय दिया। ओबामा ने कहा कि उनकी 'सफेद दाढ़ी और पगड़ी उनके सिख धर्म की पहचान थी, लेकिन पश्चिमी लोगों की नजर में वे एक पवित्र व्यक्ति लगते थे। बराक ओबामा लिखते हैं कि 1990 के दशक में वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान सिंह लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफल रहे। ओबामा लिखते हैं कि भारत के आर्थिक परिवर्तन के मुख्य वास्तुकार के रूप में सिंह इस प्रगति के एक उपयुक्त प्रतीक प्रतीत होते थे। सिख समाज से आकर वे देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचे थे, जिन्होंने लोगों का विश्वास उनकी भावनाओं को भड़काकर नहीं, बल्कि उच्च जीवन स्तर लाकर और भ्रष्ट न होने की अच्छी-खासी

प्रतिष्ठा बनाए रखकर जीता था। पूर्व प्रधानमंत्री के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों के बारे में ओबामा लिखते हैं कि मनमोहन सिंह व मैंने एक मधुर व समझदारी के संबंध विकसित किए थे। हालांकि, वे विदेश नीति में सतर्क हो सकते थे, भारतीय नौकरशाही से बहुत आगे निकलने के लिए तैयार नहीं थे, जो ऐतिहासिक रूप से अमेरिकी इरादों के प्रति संदिग्ध थी। हमारे साथ बिताए समय ने उनके बारे में मेरी प्रारंभिक धारणा को पुष्ट किया कि वे असाधारण बुद्धि और शालीनता वाले व्यक्ति थे। ओबामा ने कहा कि राजधानी नई दिल्ली की मेरी यात्रा के दौरान, हम आतंकवाद, वैश्विक स्वास्थ्य, परमाणु सुरक्षा और व्यापार पर अमेरिकी सहयोग को मजबूत करने के लिए समझौतों पर पहुंचे।

एंजेला मर्केल ने की है मनमोहन के आर्थिक सुधारों की प्रशंसा

वर्ष 2005 से 2021 के बीच जर्मनी की चांसलर रहीं एंजेला मर्केल ने फ्रीडम मेमोयर्स (1954-2021) में लिखा है कि उनकी पहली

मुलाकात सिंह से अप्रैल 2006 में हुई थी, जब उन्होंने आधिकारिक तौर पर एक अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले हनोवर मेसे का उद्घाटन किया था। उन्होंने लिखा कि सिंह का प्राथमिक उद्देश्य भारत की 1.2 अरब आबादी के दो-तिहाई हिस्से, जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, के जीवन स्तर में सुधार लाना था। मर्केल ने कहा कि यह 800 मिलियन लोगों के बराबर था, जो जर्मनी की पूरी आबादी से दस गुना ज्यादा था। उनके साथ बातचीत में मैं उभरते देशों की हमारे, समृद्ध देशों के प्रति गलतफहमी को बेहतर ढंग से समझ पाई। उन्होंने कहा कि उनके दृष्टिकोण से, हमें उम्मीद थी कि वे हमारी समस्याओं में बहुत रुचि लेंगे, लेकिन हम उन्हें वही शिष्टाचार दिखाने के लिए तैयार नहीं थे।

अमेरिका से खरीदे गए ये खूंखार शिकारी करेंगे दुश्मन का सफाया

नौ एमएच 60आर हेलीकॉप्टरों को नौसेना ने किया ऑपरेशनल

नई दिल्ली (हि.स.)

भारतीय नौसेना ने अमेरिका से खरीदे जा रहे खूंखार शिकारी चौबीस एमएच 60आर हेलीकॉप्टरों में से पहले नौ को बेड़े के जहाजों पर ऑपरेशनल कर दिया है। इन बहु भूमिका वाले हेलीकॉप्टरों ने भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को काफी हद तक मजबूत किया है। भविष्य में भारतीय नौसेना की आंख, कान बनकर यह रोमियो हेलीकॉप्टर लंबी दूरी तक अपने दुश्मन का सफाया करने में सक्षम होंगे। साथ ही, इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी। भारतीय नौसेना ने इसी वर्ष छह मार्च को पारंपरिक वॉटर कैनन सलामी के साथ कोच्चि के आईएनएस गरुड़ पर अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर की पहली स्क्वाड्रन को औपचारिक रूप से हवाई बेड़े में शामिल किया था। इस सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है।

एमएच 60आर हेलीकॉप्टर दुनिया का शक्तिशाली बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर है, जो देश की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करेगा। अत्याधुनिक सेंसरों और मल्टी-मिशन क्षमताओं के साथ एमएच 60आर हमारी समुद्री निगरानी और पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को बढ़ाएगा। भारतीय नौसेना ने अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से 24 हेलीकॉप्टर 2.6 अरब डॉलर के उस सौदे के तहत खरीदे हैं, जो फरवरी, 2020 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के समय हुआ था। इस सौदे के तहत अब तक नौ एमएच-60आर सीहॉक भारत आ चुके हैं। हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में सीहॉक की तैनाती भारतीय नौसेना की समुद्री उपस्थिति को मजबूत करेगी। उन्नत हथियार, सेंसर और एवियोनिक्स सूट से लैस सीहॉक भारतीय नौसेना की समुद्री सुरक्षा जरूरतों के लिहाज से बनाया गया है, जो पारंपरिक और असममित दोनों खतरों के लिए उन्नत क्षमताएं प्रदान करते हैं। मेरिकी नौसेना के साथ हुए अनुबंध के तहत सभी 24 हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति 2025 तक पूरी हो जाएगी। अत्याधुनिक मिशन सक्षम प्लेटफार्मों को शामिल करने से भारतीय नौसेना की विभिन्न एएसडब्ल्यू क्षमता को काफी बढ़ावा मिलेगा। सभी हेलीकॉप्टर मिलने के बाद भारत को सतह-विरोधी और पनडुब्बी-रोधी युद्ध अभियानों को अंजाम देने की क्षमता मिलेगी। साथ ही, भारतीय नौसेना की त्रि-आयामी क्षमताओं में वृद्धि होगी। भारत अपनी बढ़ी हुई क्षमता का उपयोग क्षेत्रीय खतरों से निपटने और अपनी मातृभूमि की रक्षा को मजबूत करने के लिए करेगा। एमएच 60आर हेलीकॉप्टर भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ावा देने के साथ समुद्री डोमेन में निरंतर नौसैनिक संचालन का समर्थन करेगा।

ये हेलीकॉप्टर नौसेना की बनेंगे आंख-कान

इस खूंखार शिकारी से डरता है हर पनडुब्बी का कैप्टन

बहुउद्देश्यीय अमेरिकी समुद्री हेलीकॉप्टर एमएच-60आर को पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह रोधी युद्ध, खोज और बचाव, चिकित्सा निकासी के लिए डिजाइन किया गया है। इस हेलीकॉप्टर में नाइट विजन उपकरण, हेलफायर मिसाइलें, एमके-54 टॉरपीडो और रॉकेट लगे हैं। रोमियो हेलीकॉप्टर में लगे राडार और सेंसर न केवल पानी के अंदर, बल्कि पनडुब्बियों की पहचान करके समय रहते उनका शिकार भी कर सकेंगे। इस खूंखार शिकारी से हरेक पनडुब्बी का कैप्टन डरता है। यह हेलीकॉप्टर कई अलग-अलग तरह के हथियारों से लैस हो सकता है, क्योंकि इसमें हथियारों को लगाने के लिए चार प्वाइंट्स दिए गए हैं। सुरक्षा के लिए इसमें 7.62 एमएम की मशीन गन को भी लगाया जा सकता है।

26/11 हमले के गुनहगार अब्दुल रहमान की हार्ट अटैक से मौत

इस्लामाबाद (आईएएनएस)। मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के करीबी रिश्तेदार और प्रतिबंधित जमात-उद-दावा के उप प्रमुख हाफिज अब्दुल रहमान मक्की की शुक्रवार को लाहौर में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। समा टीवी की न्यूज के मुताबिक मक्की की मौत हार्ट अटैक के चलते हुई। मक्की को आतंकवाद विरोधी अदालत ने 2020 में आतंकवाद की फंडिंग के मामले में छह महीने की कैद की सजा सुनाई थी।

हूती विद्रोहियों और इजरायल के बीच बढ़ा तनाव : गुटेरेस

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यमन के हूती विद्रोहियों और इजरायल के बीच संघर्ष बढ़ने की निंदा करते हुए संघर्ष विराम की अपील की। उनके प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने गुरुवार को एक बयान में कहा, सना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, लाल सागर बंदरगाहों और यमन के बिजलीघरों पर इजरायली हवाई हमले विशेष रूप से चिंताजनक हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका में की जेक सुलिवन से मुलाकात

वाशिंगटन (हि.स.)

भारतीय विदेशमंत्री डॉ एस जयशंकर ने शुक्रवार को यहां व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी प्रमुख जेक सुलिवन से भेंट की। दोनों ने भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी की प्रगति पर व्यापक करने के साथ वर्तमान क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया। डॉ जयशंकर ने अपनी एक्स हैंडल पोस्ट पर मुलाकात का फोटो और संक्षिप्त विवरण साझा कर लिखा, आज सुबह वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी एनएसए से मिलकर अच्छा लगा। इस समय विदेशमंत्री जयशंकर अमेरिका के छह दिवसीय दौरे पर हैं। उनका दौरा 29 दिसंबर को पूरा होगा। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा के दौरान जयशंकर संयुक्त राज्य अमेरिका में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुदद पर भारत के महावाणिज्य दूत के एक सम्मेलन की अध्यक्षता भी करेंगे। विदेशमंत्री का अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन और निवर्तमान बाइडन प्रशासन के अन्य वरिष्ठ सदस्यों के साथ मुलाकात का कार्यक्रम है।

रजनीकांत ने डी गुकेश को भेंट की परमहंस योगानंद की 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी'

नवीन मेल डेस्क

रांची। विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश हाल में अपने परिवार के साथ भारतीय सिनेमा के सुपर स्टार रजनीकांत से मिले। इस अवसर पर रजनीकांत ने उन्हें परमहंस योगानंदजी की 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी' पुस्तक भेंट में की।

18 वर्षीय गुकेश दोम्माराजू ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर लिखा, सुपरस्टार @ रजनीकांत सर को आपकी हार्दिक शुभकामनाओं और आमंत्रित करने, समय बिताने और हमारे साथ अपना ज्ञान साझा करने के लिए धन्यवाद! सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन गुकेश की यह पोस्ट वायरल हो गई है। इसमें गुकेश सुपरस्टार रजनीकांत के साथ खड़े योगानंदजी की 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी' हाथ में लिए नजर आते हैं।

सर्वाधिक प्रशंसित गौरव ग्रंथों में से एक है 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी'

योगानंदजी की पुस्तक योगी कथामृत विश्व के सर्वाधिक प्रशंसित आध्यात्मिक गौरव ग्रंथों में से एक है। यह पुस्तक वर्ष 1946 में प्रकाशित हुई थी और जिसकी 75वीं जयंती मनाई जा चुकी है। 14 भारतीय भाषाओं सहित संपूर्ण विश्व की 50 से अधिक भाषाओं में यह पुस्तक अनुवादित है। यह पुस्तक श्री श्री परमहंस योगानंद का जीवन वृत्तांत, आधुनिक युग की एक महान आध्यात्मिक विभूति का चित्ताकर्षक वर्णन होने के साथ-साथ प्राचीन दर्शन एवं योग विज्ञान और ध्यान की परंपरा का एक गहन परिचय भी है।



श्रद्धांजलि

सरहद के पार से 'मोहना' से मिलने आए थे अली

मनमोहन सिंह के बचपन के दोस्त लाए थे 'गांव की मिट्टी'

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और देश में आर्थिक सुधारों के जनक डॉ मनमोहन सिंह का गुरुवार को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। न सिर्फ देश, बल्कि दुनियाभर से लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। एक वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर उनकी उपलब्धियों के बीच उनकी सौम्यता, सादगी और ईमानदारी भी याद की जाएगी। उनकी विरासत को अमरता प्रदान करने वाली कई कहानियों के बीच, वर्ष 2008 का एक मार्मिक क्षण फिर से लोगों को याद आ रहा है, जब सिंह और अपने बचपन के पाकिस्तानी दोस्त से मिले थे।

डॉ सिंह का जन्म 26 सितंबर, 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब क्षेत्र के एक गांव 'गाह' में हुआ था, जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है। वर्ष 1947 में विभाजन के कारण उनका परिवार अपने पैतृक घर और दोस्तों को पीछे छोड़कर भारत आ गया। वर्ष 2004 में जब डॉ सिंह ने भारत के प्रधानमंत्री का पद संभाला, तो यह खबर पाकिस्तान में उनके गांव तक पहुंची। उनके पुराने सहपाठी राजा मोहम्मद अली के मन में उनसे फिर से मिलने की इच्छा जागी। विभाजन से पहले दोनों घनिष्ठ मित्र थे। वह डॉ सिंह को उनके बचपन के उपनाम 'मोहना' कहकर पुकारते थे। दोनों एक ही प्राथमिक स्कूल में साथ-साथ पढ़ते थे। मई 2008 में, दोनों दोस्तों का फिर से दिल्ली में मिलन हुआ। तत्कालीन प्रधानमंत्री सिंह ने अली की मेजबानी की। सत्तर के दशक में पहुंच चुके दोनों लोगों ने नम आंखों से यादें साझा कीं। अली अपने पैतृक गांव से मिट्टी और पानी लेकर आए थे और सिंह को 'गाह' की एक तस्वीर भी भेंट की। उन्होंने डॉ सिंह को एक 100 साल पुराना शॉल और उनकी पत्नी गुरशरण कौर को दो कढ़ाईदार सलवार कमीज सूट भी भेंट किए। बदले में, भारतीय प्रधानमंत्री ने अली को एक पगड़ी, एक शॉल और टाइटन घड़ी का सेट भेंट किया। उस बैठक के दो वर्ष बाद, वर्ष 2010 में, अली की 78 वर्ष की आयु में पाकिस्तान के चकवाल जिले में मृत्यु हो गई।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का गुरुवार को निधन हो गया। वो 92 साल के थे। उन्हें गुरुवार की शाम तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया था। मनमोहन सिंह लगातार दो कार्यकाल के लिए, 22 मई 2004 से 26 मई 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। नब्बे के दशक की शुरुआत में दम तोड़ती भारतीय अर्थव्यवस्था को वित्त मंत्री के रूप में डॉ सिंह ने आर्थिक सुधारों के जरिए नया जीवन दिया। डॉ सिंह के कामों ने एक ऐसी जमीन तैयार की, जिस पर चलकर भारत आज दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

फिल्मी सितारों ने दी मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि, कहा

असाधारण नेता को नमन

मुंबई (आईएएनएस)

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर फिल्म जगत की तमाम हस्तियों ने शोक जताया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर आयुष शर्मा, मनोज मुंतशिर, सामंथा रुथ प्रभु, करण जौहर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अनु कपूर समेत अन्य सितारों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अभिनेता अनु कपूर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, मनमोहन सिंह जी की पुण्य स्मृति को मैं नमन करता हूं और श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और शोक संतप्त परिवार को धैर्य दे। भगवान उन्हें कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करे। माधुरी दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर लिखा, डॉ मनमोहन सिंह की जर्नी और देश के प्रति उनकी सेवा सच्ची बुद्धिमत्ता और शालीनता को दर्शाती है। उनका नेतृत्व हमें याद दिलाता है कि शांत दृढ़ संकल्प पहाड़ों को भी हिला सकता है। एक असाधारण नेता और उससे भी अधिक असाधारण इंसान। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। दिशा पटानी ने लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को बदल दिया। उनकी बुद्धिमत्ता और योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। देश उन्हें बहुत याद करेगा। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। अभिनेत्री निमरत कौर ने लिखा, एक विद्वान-राजनेता, भारत के आर्थिक सुधारों के वास्तुकार, उनकी बुद्धि और विनम्रता ने हमारे राष्ट्र के ताने-बाने पर एक अमिट छाप छोड़ी। डॉ मनमोहन सिंह जी की आत्मा को शांति मिले।

लेखक और गीतकार मनोज मुंतशिर ने लिखा, मध्य वर्ग के हाथ में पहली बार पैसा तब देखा गया, जब देश की अर्थव्यवस्था मनमोहन सिंह के हाथों में थी। हम जैसे साधारण परिवारों का जीवन स्तर, ओपन इकॉनमी ने पूरी तरह बदलकर रख दिया था। आप चिर-निद्रा में विलीन हो गए, लेकिन हमारी अंतरात्मा में सदैव जागते रहेंगे। रितेश देशमुख ने लिखा, आज हमने भारत के सबसे बेहतरीन प्रधानमंत्रियों में से एक को खो दिया। वह व्यक्ति जिसने भारत की आर्थिक वृद्धि को गति दी। वह गरिमा और विनम्रता के प्रतीक थे। हम हमेशा उनकी विरासत के ऋणी रहेंगे। उनकी आत्मा को शांति मिले। धन्यवाद, मनमोहन सिंह जी। मनोज बाजपेयी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा, हमारे पूर्व प्रधानमंत्री के निधन से दुखी हूं। एक ऐसा राजनेता, जिसका हमारे देश के विकास के हर पहलू में योगदान रहा, उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना।

अभिनेता संजय दत्त ने शोक जताते हुए लिखा, डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन से बहुत दुखी हूं। भारत के लिए उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। अभिनेता सनी देओल ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट साझा कर लिखा, भारत के आर्थिक उदारीकरण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दूरदर्शी नेता डॉ मनमोहन सिंह के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ। देश के विकास में उनकी बुद्धिमत्ता, ईमानदारी और योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

कॉमेडियन-अभिनेता कपिल शर्मा ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा, भारत ने आज अपने बेहतरीन नेताओं में से एक को खो दिया। भारत के आर्थिक सुधारों के निमार्ता और ईमानदारी तथा विनम्रता के प्रतीक डॉ मनमोहन सिंह अपने पीछे प्रगति और उम्मीद की विरासत छोड़ गए हैं। उनकी बुद्धिमत्ता, समर्पण और दूरदर्शिता ने हमारे देश को बदल दिया। आपके योगदान को कभी नहीं भुलाया जाएगा। अभिनेता रणदीप हुड्डा ने लिखा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन से गहरा दुख हुआ, जिनके गरिमामय नेतृत्व और भारत के आर्थिक उदारीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका ने देश को बदल दिया। उनकी बुद्धिमत्ता और ईमानदारी को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। नेता-अभिनेता रवि किशन ने लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन की दुखद खबर मिली।

मनमोहन सिंह के निधन पर कई देशों के नेताओं ने शोक जताया

नई दिल्ली (हि.स.)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर विश्व के कई देशों के नेताओं ने गहरा शोक जताया है। अमेरिका, कनाडा, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव, अफगानिस्तान सहित पड़ोसी देशों के नेताओं ने सिंह को याद किया। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सिंह के निधन पर भारत के लोगों के प्रति गहरी संवेदना जताते हुए कहा कि अमेरिका-भारत असैन्य परमाणु सहयोग समझौते को आगे बढ़ाने में पूर्व प्रधानमंत्री का नेतृत्व अमेरिका-भारत संबंधों की क्षमता में एक बड़े निवेश का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत में डॉ सिंह को उनके आर्थिक सुधारों के लिए याद किया जाएगा। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने शोक संदेश में कहा कि वह असाधारण बुद्धिमत्ता, ईमानदारी और ज्ञान के धनी थे। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने सिंह के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार और भारत के लोगों के प्रति गहरी संवेदना जताई है। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा कि सिंह के निधन की खबर से दुख हुआ। वह मालदीव के अच्छे मित्र और उनके लिए पिता तुल्य थे। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने डॉ सिंह को एक दूरदर्शी अर्थशास्त्री और भारत के आर्थिक उदारीकरण का निमार्ता बताया। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने कहा कि भारत ने अपने सबसे शानदार बेटों में से एक को खो दिया। डॉ सिंह अफगानिस्तान के अटूट सहयोगी और मित्र रहे हैं।